
97. 'मेरीनो' (Merino) किसकी एक प्रसिद्ध नस्ल है?
(a) बकरी (b) भेड़
(c) गाय (d) सूअर

98. 'गरीब की गाय' किसे कहा जाता है?
(a) भैंस (b) भेड़
(c) बकरी (d) ऊंट

99. 'मुर्रा' (Murrah) किसकी नस्ल है?
(a) गाय (b) भैंस
(c) बकरी (d) भेड़

100. कृषि और संबद्ध क्षेत्र का भारतीय जीडीपी (GVA) में योगदान लगभग कितना है?
(a) 10-12% (b) 18-20%
(c) 30-35% (d) 50% से अधिक

उत्तरमाला

1.	(b)	**2.**	(b)	**3.**	(c)	**4.**	(b)	**5.**	(c)	**6.**	(c)	**7.**	(b)	**8.**	(a)	**9.**	(b)	**10.**	(a)
11.	(d)	**12.**	(b)	**13.**	(c)	**14.**	(c)	**15.**	(b)	**16.**	(b)	**17.**	(b)	**18.**	(c)	**19.**	(a)	**20.**	(b)
21.	(c)	**22.**	(c)	**23.**	(c)	**24.**	(b)	**25.**	(b)	**26.**	(b)	**27.**	(b)	**28.**	(b)	**29.**	(b)	**30.**	(b)
31.	(b)	**32.**	(a)	**33.**	(c)	**34.**	(b)	**35.**	(a)	**36.**	(b)	**37.**	(b)	**38.**	(b)	**39.**	(b)	**40.**	(c)
41.	(b)	**42.**	(b)	**43.**	(b)	**44.**	(b)	**45.**	(c)	**46.**	(c)	**47.**	(c)	**48.**	(c)	**49.**	(b)	**50.**	(a)
51.	(c)	**52.**	(a)	**53.**	(b)	**54.**	(c)	**55.**	(a)	**56.**	(a)	**57.**	(b)	**58.**	(b)	**59.**	(b)	**60.**	(a)
61.	(b)	**62.**	(b)	**63.**	(c)	**64.**	(c)	**65.**	(c)	**66.**	(b)	**67.**	(b)	**68.**	(b)	**69.**	(b)	**70.**	(c)
71.	(c)	**72.**	(b)	**73.**	(b)	**74.**	(c)	**75.**	(a)	**76.**	(b)	**77.**	(c)	**78.**	(b)	**79.**	(b)	**80.**	(c)
81.	(b)	**82.**	(a)	**83.**	(b)	**84.**	(c)	**85.**	(b)	**86.**	(a)	**87.**	(b)	**88.**	(b)	**89.**	(b)	**90.**	(b)
91.	(c)	**92.**	(b)	**93.**	(b)	**94.**	(c)	**95.**	(b)	**96.**	(c)	**97.**	(b)	**98.**	(c)	**99.**	(b)	**100.**	(b)

अध्ययन

3 जनगणना-2011 (Census-2011)

जनगणना का विस्तृत इतिहास एवं संवैधानिक ढाँचा

1. प्राचीन और मध्यकालीन इतिहास

- **ऋग्वेद:** भारत में जनगणना के अप्रत्यक्ष साक्ष्य सबसे पहले ऋग्वेद में मिलते हैं।
- **अर्थशास्त्र (कौटिल्य):** मौर्य काल में कौटिल्य ने कराधान (Taxation) के उद्देश्य से राज्य की जनसंख्या के आँकड़ों को इकट्ठा करने पर बल दिया था।
- **आईन-ए-अकबरी (मुगल काल):** अबुल फज़ल द्वारा लिखित इस पुस्तक में भी जनसंख्या, उद्योगों और धन के आँकड़ों का विस्तृत वर्णन मिलता है।

2. आधुनिक/ब्रिटिश कालीन इतिहास

- **1872 (पहली प्रायोगिक जनगणना):** यह लॉर्ड मेयो (Lord Mayo) के कार्यकाल में हुई थी। यह पूरे भारत में एक साथ नहीं हुई थी, इसलिए इसे 'अनियमित' माना जाता है।
- **1881 (पहली नियमित जनगणना):** लॉर्ड रिपन (Lord Ripon) के कार्यकाल में पहली बार संपूर्ण भारत में एक साथ (Synchronous) जनगणना कराई गई।
- उस समय भारत के जनगणना आयुक्त डब्ल्यू. सी. प्लॉडेन (W.C. Plowden) थे।
- तब से यह निर्बाध रूप से हर 10 वर्ष के अंतराल पर होती आ रही है।
- **वर्ष 2011 की जनगणना:-** स्वतंत्र भारत की 7वीं जनगणना, 15वीं दशकीय जनगणना और 21वीं शताब्दी की दूसरी जनगणना थी।
- 2011 की जनगणना का आदर्श वाक्य - **"हमारी जनगणना, हमारा भविष्य"** था।

3. स्वतंत्र भारत और संवैधानिक स्थिति

- **1948 का जनगणना अधिनियम:** भारत की जनगणना इसी कानून (Census Act, 1948) के तहत कराई जाती है।
- 1951: यह स्वतंत्र भारत की पहली जनगणना थी।
- आयुक्त: आर. ए. गोपालस्वामी।
- **प्रशासनिक नियंत्रण:** जनगणना का कार्य गृह मंत्रालय (Ministry of Home Affairs) के अधीन आता है। इसका सर्वोच्च अधिकारी **'महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त'** (RGI) होता है।
- **संवैधानिक अनुच्छेद:** संविधान के अनुच्छेद 246 के तहत जनगणना संघ सूची (Union List) का विषय है।

4. जनसंख्या के विभाजक वर्ष

- **1921 (महान विभाजक वर्ष):** 1911-1921 के दशक में भारत की जनसंख्या में -0.31% की गिरावट (ऋणात्मक वृद्धि) दर्ज की गई थी। इसका कारण अकाल और प्लेग महामारी थी।
- **1951 (लघु विभाजक वर्ष):** 1941-51 के दौरान वृद्धि दर (13.31%) पिछले दशक (14.22%) से कम रही थी।
- **1961-1971 (विस्फोटक वर्ष):** भारत के इतिहास में सर्वाधिक दशकीय वृद्धि दर (24.80%) इसी वर्ष दर्ज की गई।

जनगणना 2011 – विस्तृत आँकड़े

1. राष्ट्रीय परिदृश्य *(National Scenario)*

- कुल जनसंख्या: 121,08,54,977 करोड़ (विश्व की कुल जनसंख्या का 17.5%)
- पुरुष: 62.32 करोड़ (51.47%)
- महिला: 58.75 करोड़ (48.53%)
- स्थान: चीन के बाद दूसरा (2011 के अनुसार)
  (नोट: वर्तमान 2023-24 के अनुमानों में भारत पहले स्थान पर है)।
- ग्रामीण जनसंख्या: 83.37 करोड़ (68.9%)
- शहरी जनसंख्या: 37.71 करोड़ (31.1%)

2. प्रमुख संकेतक *(Key Indicators)*

संकेतक	2001 का आँकड़ा	2011 का आँकड़ा
जनसंख्या घनत्व	324	382 व्यक्ति/वर्ग किमी
लिंगानुपात	933	943 (प्रति 1000 पुरुष)
शिशु लिंगानुपात (0-6)	927	919 (प्रति 1000)
साक्षरता दर	64.8%	74.04%
दशकीय वृद्धि दर	21.54%	17.64%
वार्षिक वृद्धि दर	1.97%	1.64%

राज्यवार विस्तृत रैंकिंग (State-wise Detailed Ranking)

(A) जनसंख्या *(Population)*

- **शीर्ष 3 राज्य (घटते क्रम में):**
  1. उत्तर प्रदेश

2. महाराष्ट्र
3. बिहार

- **न्यूनतम 3 राज्य (बढ़ते क्रम में):**

1. सिक्किम (सबसे कम लगभग 6.10 लाख)
2. मिजोरम
3. अरुणाचल प्रदेश

(B) दशकीय वृद्धि दर *(Decadal Growth Rate)*

- **सर्वाधिक वृद्धि वाले राज्य:**

1. मेघालय (27.95%)
2. अरुणाचल प्रदेश (26.03%)
3. बिहार (25.42%)

- **न्यूनतम वृद्धि वाले राज्य:**

1. नागालैंड (-0.6% ऋणात्मक वृद्धि)
2. केरल (4.91%)
3. गोवा (8.23%)

- **केन्द्र शासित प्रदेश:**

1. सर्वाधिक - दादरा एवं नागर हवेली (55.88%)
2. न्यूनतम - लक्षद्वीप (6.3%)

(C) जनसंख्या घनत्व *(Population Density)*

- **सर्वाधिक जनघनत्व (व्यक्ति/वर्ग किमी. में) वाले राज्य:**

1. बिहार (1106)
2. पश्चिम बंगाल (1028)
3. केरल (860)

- **न्यूनतम जनघनत्व (व्यक्ति/वर्ग किमी. में) वाले राज्य:**

1. अरुणाचल प्रदेश (17 व्यक्ति/किमी)
2. मिजोरम (52)
3. सिक्किम (86)

- **केंद्र शासित प्रदेश (UT):**

1. सर्वाधिक: दिल्ली (11,320)
2. न्यूनतम: अंडमान निकोबार द्वीप समूह (46)

(D) लिंगानुपात *(Sex Ratio)*

- **सर्वाधिक लिंगानुपात वाले राज्य:**

1. केरल (1084)
2. तमिलनाडु (996)
3. आंध्र प्रदेश (993)

- **न्यूनतम लिंगानुपात वाले राज्य:**

1. हरियाणा (879)
2. जम्मू-कश्मीर (889)
3. सिक्किम (890)

- **केंद्र शासित प्रदेश (UT):**

1. सर्वाधिक: पुडुचेरी (1037)
2. न्यूनतम: दमन और दीव (618)

(E) साक्षरता दर *(Literacy Rate)*

- **सर्वाधिक साक्षरता वाले राज्य:**

1. केरल (94%)
2. मिजोरम (91.3%)
3. गोवा (88.7%)

- **न्यूनतम साक्षरता वाले राज्य:**

1. बिहार (61.8%)
2. अरुणाचल प्रदेश (65.4%)
3. राजस्थान (66.1%)

- **विशिष्ट तथ्य:**
- केरल में पुरुष और महिला साक्षरता दोनों सर्वाधिक हैं।
- बिहार में पुरुष और महिला साक्षरता दोनों न्यूनतम हैं।
- राजस्थान में पुरुष (79.2%) और महिला (52.1%) साक्षरता के बीच सर्वाधिक अंतर है।

सामाजिक और धार्मिक जनगणना (Social and Religious Census)

1. अनुसूचित जाति *(SC)* - 2011

- कुल जनसंख्या: 20.13 करोड़ (देश का 16.6%)
- लिंगानुपात: 945 (राष्ट्रीय औसत से बेहतर)
- सर्वाधिक जनसंख्या (राज्य): उत्तर प्रदेश (सबसे ज्यादा SC लोग)
- सर्वाधिक प्रतिशत (राज्य): पंजाब-31.9%, हिमाचल प्रदेश-25.24, पश्चिम बंगाल-23.7%
- SC जनसंख्या शून्य है: नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, लक्षद्वीप, अंडमान-निकोबार

2. अनुसूचित जनजाति *(ST)* - 2011

- कुल जनसंख्या: 10.42 करोड़ (देश का 8.6%)
- लिंगानुपात: 990
- सर्वाधिक जनसंख्या (राज्य): मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा।
- सर्वाधिक प्रतिशत (राज्य): नागालैंड (186.45%) मिजोरम (94.4%)। UT में लक्षद्वीप 94.8%
- ST जनसंख्या शून्य है: पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, चंडीगढ़, पुडुचेरी।

3. धार्मिक जनगणना *(Religious Census)*

- जनसंख्या का घटता क्रम:

1. हिंदू (79.8%)
2. मुस्लिम (14.2%)
3. ईसाई (2.3%)
4. सिख (1.7%)
5. बौद्ध (0.7%)
6. जैन (0.4%)

- वृद्धि दर: मुस्लिम समुदाय की वृद्धि दर (24.6%) सर्वाधिक है जबकि जैन और पारसी की सबसे कम।
- लिंगानुपात: ईसाइयों में लिंगानुपात (1023) सबसे अच्छा है।

नगरीकरण और अन्य महत्त्वपूर्ण तथ्य

1. नगरीकरण *(Urbanization)* के आँकड़े

- शहरी जनसंख्या: 31.16%
- सर्वाधिक शहरी जनसंख्या (संख्या में): महाराष्ट्र (50.8 मिलियन)
- सर्वाधिक शहरी जनसंख्या (प्रतिशत में): गोवा (62.2%), मिजोरम (51.51%)
- न्यूनतम शहरी जनसंख्या (प्रतिशत में): हिमाचल प्रदेश (केवल 10% लोग शहर में हैं, 90% गाँव में)
- **सर्वाधिक 'दस लाखी' नगर (Million Plus Cities):** 2011 में 53 शहर ऐसे थे जिनकी आबादी 10 लाख से ऊपर थी। इसमें उत्तर प्रदेश और केरल में सबसे ज्यादा थे।
- **लिंगानुपात (Sex Ratio):-** किसी क्षेत्र में प्रति एक हजार पुरुषों की तुलना में स्त्रियों की संख्या को लिंगानुपात कहते हैं।

$$\text{लिंगानुपात (Sex Ratio)} = \frac{\text{स्त्रियों की संख्या}}{\text{पुरुषों की संख्या}} \times 1000$$

- **जनसंख्या घनत्व (Population Density):-** जनसंख्या घनत्व का तात्पर्य प्रति वर्ग किमी. में रहने वाले व्यक्तियों की संख्या से है।

$$\text{जनसंख्या घनत्व} = \frac{\text{स्थान विशेष की कुल जनसंख्या}}{\text{स्थान विशेष का कुल क्षेत्रफल}}$$

- **जनांकिकीय संक्रमण (Demographic Transition):–** यह एक सिद्धांत है जो बताता है कि कैसे समाज आर्थिक और तकनीकी विकास के साथ उच्च जन्म और मृत्यु दर से निम्न जन्म और मृत्यु दर की ओर बढ़ता है।

उत्तर प्रदेश जनगणना 2011

उत्तर प्रदेश: (एक नजर में)

- कुल जनसंख्या: 19.98 करोड़ (19,98,12,341)
- भारत में हिस्सेदारी: देश की कुल जनसंख्या का 16.51% भाग यूपी में रहता है।
- वैश्विक तुलना: यदि उत्तर प्रदेश एक देश होता, तो यह चीन, भारत, अमेरिका और इंडोनेशिया के बाद दुनिया का 5वां सबसे बड़ा देश होता।
- पुरुष जनसंख्या: 52.29%
- महिला जनसंख्या: 47.71%

2. यूपी के महत्त्वपूर्ण आँकड़े

संकेतक (Indicator)	उत्तर प्रदेश (2011)
जनसंख्या घनत्व	829 व्यक्ति/वर्ग किमी.
लिंगानुपात	912 (वयस्क)
शिशु लिंगानुपात (0-6)	902
साक्षरता दर	67.68%
दशकीय वृद्धि दर	20.23%

3. जिलेवार रैंकिंग *(District wise Ranking)*

(A) जनसंख्या *(Population)*

- सर्वाधिक जनसंख्या: प्रयागराज (इलाहाबाद) > मुरादाबाद > गाजियाबाद
- न्यूनतम जनसंख्या: महोबा > चित्रकूट > हमीरपुर

(B) जनसंख्या घनत्व *(Population Density)*

- सर्वाधिक जनघनत्व: गाजियाबाद (3971) > वाराणसी (2395) > लखनऊ (1816)
- न्यूनतम जनघनत्व: ललितपुर (242) > सोनभद्र (270) > हमीरपुर (275)

(C) साक्षरता दर *(Literacy Rate)*

- सर्वाधिक साक्षरता: गौतमबुद्ध नगर (80.12%) > कानपुर नगर (79.7%) > औरैया (78.9%)
- न्यूनतम साक्षरता: श्रावस्ती (46.7%) > बहराइच (49.4%) > बलरामपुर (49.51%)
- पुरुष साक्षरता: सर्वाधिक गौतमबुद्ध नगर में, न्यूनतम श्रावस्ती में।
- महिला साक्षरता: सर्वाधिक कानपुर नगर में (75.1%), न्यूनतम श्रावस्ती (34.78%) में।

(D) लिंगानुपात *(Sex Ratio)*

- सर्वाधिक लिंगानुपात: जौनपुर (1024) > आजमगढ़ (1019) > देवरिया (1017)
- न्यूनतम लिंगानुपात: गौतमबुद्ध नगर (851) > हमीरपुर > बागपत (861)

4. सामाजिक और धार्मिक आँकड़े

(A) अनुसूचित जाति *(SC)* - यूपी में

- कुल जनसंख्या: यूपी की कुल जनसंख्या का 20.7%
- देश में स्थान: संख्या के आधार पर यूपी में सर्वाधिक SC रहते हैं।
- सर्वाधिक SC (संख्या): सीतापुर जिले में।
- सर्वाधिक SC (प्रतिशत): कौशांबी जिले में।
- न्यूनतम SC: (संख्या, प्रतिशत): बागपत जिले में।

(B) अनुसूचित जनजाति *(ST)* - यूपी में

- कुल जनसंख्या - 1134273
- पुरुष (ST) जनसंख्या - 581083
- स्त्रियाँ (ST) जनसंख्या - 553190
- सर्वाधिक ST (संख्या) - सोनभद्र
- न्यूनतम ST (संख्या) - बागपत

- सर्वाधिक जनसंख्या ST (प्रतिशत) – सोनभद्र
- न्यूनतम ST (संख्या) प्रतिशत में – बागपत

(C) धार्मिक जनगणना

- **क्रमः** हिंदू (79.73%), मुस्लिम (19.26%) > सिख (.32%) > ईसाई (.18%) > जैन (.11%) > बौद्ध (.10%)

अभ्यास-प्रश्न

1. भारत में पहली 'नियमित' (दशकीय) जनगणना किस वर्ष शुरू हुई थी?
(a) 1872 (b) 1881
(c) 1921 (d) 1951

2. 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत का जनसंख्या घनत्व (प्रति वर्ग किमी) कितना है?
(a) 325 (b) 382
(c) 482 (d) 829

3. उत्तर प्रदेश की कुल जनसंख्या भारत की जनसंख्या का कितना प्रतिशत है?
(a) 16.16% (b) 16.51%
(c) 17.5% (d) 20.2%

4. जनांकिकीय संक्रमण के किस चरण में 'जन्म दर और मृत्यु' दर दोनों में गिरावट आती है?
(a) प्रथम (b) द्वितीय
(c) तृतीय (d) चतुर्थ

5. 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत का लिंगानुपात (Sex Ratio) कितना है?
(a) 933 (b) 940
(c) 943 (d) 950

6. उत्तर प्रदेश के किस जिले में 'सर्वाधिक साक्षरता दर है?
(a) कानपुर नगर (b) गाजियाबाद
(c) गौतमबुद्ध नगर (d) लखनऊ

7. माल्थस के अनुसार, जनसंख्या किस गति से बढ़ती है?
(a) अंकगणितीय (1, 2, 3...)
(b) ज्यामितीय (1, 2, 4...)
(c) स्थिर
(d) ऋणात्मक

8. भारत में 'महाविभाजक वर्ष' (Year of Great Divide) किसे माना जाता है?
(a) 1911 (b) 1921
(c) 1951 (d) 1971

9. 2011 के अनुसार, किस राज्य की दशकीय वृद्धि दर 'ऋणात्मक' (–0.6%) रही?
(a) केरल (b) गोवा
(c) सिक्किम (d) नागालैंड

10. उत्तर प्रदेश का औसत लिंगानुपात (2011) कितना है?
(a) 943 (b) 912
(c) 902 (d) 898

11. भारत में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य कौन-सा है?
(a) पश्चिम बंगाल (b) उत्तर प्रदेश
(c) बिहार (d) केरल

12. 'जनसंख्या विस्फोट' (Population Explosion) की स्थिति किस चरण में होती है?
(a) जब जन्म दर उच्च और मृत्यु दर निम्न (घटती) हो
(b) जब दोनों उच्च हों
(c) जब दोनों निम्न हों
(d) जब मृत्यु दर अधिक हो

13. जनगणना 2011 का आदर्श वाक्य (Theme) क्या था?
(a) जन-जन की गणना
(b) हमारी जनगणना, हमारा भविष्य
(c) विकास के लिए गणना
(d) सुरक्षित भविष्य

14. उत्तर प्रदेश का सबसे कम जनसंख्या वाला जिला कौन-सा है?
(a) चित्रकूट (b) हमीरपुर
(c) महोबा (d) ललितपुर

15. भारत के किस राज्य में स्त्री-पुरुष साक्षरता में सर्वाधिक अंतर है?
(a) बिहार (b) उत्तर प्रदेश
(c) राजस्थान (d) मध्य प्रदेश

16. जनगणना किस सूची का विषय है?
(a) राज्य सूची (b) संघ सूची
(c) समवर्ती सूची (d) अवशिष्ट शक्तियां

17. उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक अनुसूचित जनजाति (ST) किस जिले में पाई जाती है?
(a) सोनभद्र (b) बलिया
(c) देवरिया (d) लखीमपुर खीरी

18. 2011 के अनुसार, भारत की साक्षरता दर लगभग कितनी है?
(a) 65% (b) 69%
(c) 74% (d) 77%

19. भारत में सर्वाधिक लिंगानुपात वाला केंद्र शासित प्रदेश (UT) कौन-सा है?
(a) केरल (b) पुडुचेरी
(c) लक्षद्वीप (d) दमन और दीव

20. उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक जनघनत्व वाला जिला कौन-सा है?
(a) वाराणसी (b) लखनऊ
(c) गाजियाबाद (d) कानपुर नगर

21. विश्व जनसंख्या दिवस कब मनाया जाता है?
(a) 11 जुलाई (b) 10 दिसंबर
(c) 5 जून (d) 1 मई

22. भारत की 2001-2011 के दौरान दशकीय वृद्धि दर कितनी रही?
(a) 21.5% (b) 17.7%
(c) 20.2% (d) 15.9%

23. उत्तर प्रदेश की दशकीय वृद्धि दर (2001-2011) कितनी रही?
(a) 17.7% (b) 20.22%
(c) 25.4% (d) 18.5%

24. किस धार्मिक समुदाय में साक्षरता दर (Literacy Rate) सर्वाधिक है?
(a) ईसाई (b) सिख
(c) जैन (d) बौद्ध

25. भारत का न्यूनतम लिंगानुपात वाला राज्य कौन-सा है?
(a) पंजाब (b) हरियाणा
(c) उत्तर प्रदेश (d) बिहार

26. उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक लिंगानुपात किस जिले का है?
(a) आजमगढ़ (b) देवरिया
(c) जौनपुर (d) प्रतापगढ़

27. 2011 की जनगणना स्वतंत्र भारत की कौन सी जनगणना थी?
(a) 5वीं (b) 6वीं
(c) 7वीं (d) 15वीं

28. भारत में न्यूनतम जनसंख्या घनत्व वाला राज्य कौन-सा है?
(a) मिजोरम (b) सिक्किम
(c) अरुणाचल प्रदेश (d) नगालैंड

29. उत्तर प्रदेश का कौन-सा जिला न्यूनतम साक्षरता वाला है?
(a) बहराइच (b) श्रावस्ती
(c) बलरामपुर (d) बदायूं

30. भारत में सर्वाधिक शहरी जनसंख्या (प्रतिशत में) किस राज्य में है?
(a) महाराष्ट्र (b) तमिलनाडु
(c) गोवा (d) केरल

31. 1951 को जनगणना के इतिहास में किस नाम से जाना जाता है?
(a) महाविभाजक वर्ष (b) लघु विभाजक वर्ष
(c) विस्फोट वर्ष (d) स्थिर वर्ष

32. उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक अनुसूचित जाति (SC) जनसंख्या वाला जिला कौन-सा है?
(a) कौशांबी (b) सीतापुर
(c) हरदोई (d) प्रयागराज

33. माल्थस ने पृथ्वी की तुलना किससे की थी?
(a) एक डूबते जहाज से
(b) अंतरिक्ष में घूमते सीमित संसाधन वाले यान से
(c) एक उपजाऊ खेत से
(d) एक कारखाने से

34. भारत में 2011 के अनुसार 'शिशु लिंगानुपात' (0-6 वर्ष) कितना है?
(a) 927 (b) 919
(c) 914 (d) 902

35. उत्तर प्रदेश में न्यूनतम लिंगानुपात वाला जिला कौन-सा है?
(a) गौतमबुद्ध नगर (b) हमीरपुर
(c) कानपुर नगर (d) आगरा

36. किस राज्य में अनुसूचित जाति (SC) की जनसंख्या प्रतिशत सर्वाधिक है?
(a) उत्तर प्रदेश (b) बिहार
(c) पंजाब (d) पश्चिम बंगाल

37. भारत में सर्वाधिक जनसंख्या वाला जिला (2011) कौन-सा था?
(a) ठाणे (महाराष्ट्र) (b) प्रयागराज (यूपी)
(c) उत्तर पूर्वी दिल्ली (d) कोलकाता

38. उत्तर प्रदेश में '10 लाख से अधिक' आबादी वाले नगरों (वैधानिक) की संख्या 2011 में कितनी थी?
(a) 5 (b) 7
(c) 10 (d) 12

39. कार्ल मार्क्स के अनुसार, जनसंख्या वृद्धि का मुख्य कारण क्या है?
(a) गरीबी (b) पूंजीवादी व्यवस्था
(c) अशिक्षा (d) धार्मिक विश्वास

40. 2011 में भारत के जनगणना आयुक्त कौन थे?
(a) विवेक जोशी (b) सी. चंद्रमौली
(c) शैलेश (d) आर.ए. गोपालस्वामी

41. उत्तर प्रदेश का जनसंख्या घनत्व राष्ट्रीय औसत से कितना अधिक है?
(a) 382 (b) 447
(c) 829 (d) 100

42. भारत में सबसे कम साक्षरता वाला राज्य कौन-सा है?
(a) अरुणाचल प्रदेश (b) राजस्थान
(c) बिहार (d) झारखंड

43. उत्तर प्रदेश में महिला साक्षरता दर लगभग कितनी है?
(a) 47% (b) 57.2%
(c) 67.7% (d) 77.3%

44. भारत के किस राज्य में अनुसूचित जनजाति (ST) की जनसंख्या सर्वाधिक है?
(a) मध्य प्रदेश (b) ओडिशा
(c) महाराष्ट्र (d) छत्तीसगढ़

45. 'जनसंख्या घनत्व' का सही सूत्र क्या है?

(a) कुल क्षेत्रफल/कुल जनसंख्या
(b) कुल जनसंख्या/कुल क्षेत्रफल
(c) कुल पुरुष/कुल क्षेत्रफल
(d) कुल जनसंख्या/कुल साक्षरता

46. उत्तर प्रदेश के किस जिले में सर्वाधिक जनघनत्व है?
(a) वाराणसी (b) लखनऊ
(c) गाजियाबाद (d) संत कबीर नगर

47. भारत में नगरीकरण का प्रतिशत (2011) कितना है?
(a) 27.8% (b) 31.1%
(c) 35.2% (d) 40%

48. उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक दशकीय वृद्धि दर वाला जिला कौन-सा रहा?
(a) गाजियाबाद (b) गौतमबुद्ध नगर
(c) श्रावस्ती (d) कानपुर

49. 2011 के अनुसार, किस केंद्र शासित प्रदेश का जनघनत्व सबसे कम है?
(a) लक्षद्वीप (b) अंडमान और निकोबार
(c) दादरा नगर हवेली (d) लद्दाख

50. 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में हिंदुओं का प्रतिशत कितना है?
(a) 84% (b) 79.8%
(c) 75.5% (d) 82%

51. उत्तर प्रदेश का कौन-सा जिला सर्वाधिक 'ग्रामीण आबादी' वाला है?
(a) प्रयागराज (b) आजमगढ़
(c) जौनपुर (d) सीतापुर

52. जनांकिकीय संक्रमण के सिद्धांत के प्रतिपादक कौन थे?
(a) माल्थस
(b) मार्क्स
(c) थॉमसन और नोटेस्टीन
(d) एडम स्मिथ

53. जनगणना 2011 में कुल कितने प्रश्न पूछे गए थे?
(a) 25 (b) 29
(c) 31 (d) 35

54. उत्तर प्रदेश में न्यूनतम जनघनत्व वाला जिला कौन-सा है?
(a) महोबा (b) चित्रकूट
(c) ललितपुर (d) सोनभद्र

55. भारत का वह राज्य जहाँ जनसंख्या घट गई (2011)?
(a) नागालैंड (b) केरल
(c) गोवा (d) सिक्किम

56. भारत में 'जनगणना किस मंत्रालय के अधीन आती है?
(a) सांख्यिकी मंत्रालय (b) गृह मंत्रालय
(c) वित्त मंत्रालय (d) शिक्षा मंत्रालय

57. उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक शहरी आबादी किस जिले में है?
(a) लखनऊ (b) कानपुर
(c) गाजियाबाद (d) गौतमबुद्ध नगर

58. भारत में न्यूनतम साक्षरता दर वाला 'केंद्र शासित प्रदेश' कौन-सा है?
(a) दमन और दीव (b) दादरा और नगर हवेली
(c) पुडुचेरी (d) लक्षद्वीप

59. किस राज्य में अनुसूचित जाति (SC) की जनसंख्या 'शून्य' है?
(a) नागालैंड (b) सिक्किम
(c) गोवा (d) मणिपुर

60. उत्तर प्रदेश में 0-6 वर्ष आयु वर्ग का लिंगानुपात कितना है?
(a) 912 (b) 902
(c) 916 (d) 898

61. 2011 के अनुसार भारत में मुस्लिम जनसंख्या का प्रतिशत कितना है?
(a) 13.4% (b) 14.2%
(c) 15.5% (d) 16.1%

62. भारत के किस राज्य की जनसंख्या वृद्धि दर सर्वाधिक रही (2001-2011)?
(a) बिहार (b) अरुणाचल प्रदेश
(c) मेघालय (d) जम्मू-कश्मीर

63. 2011 के अनुसार, उत्तर प्रदेश में 'शहरी जनसंख्या' का प्रतिशत कितना है?
(a) 18.5% (b) 22.3%
(c) 31.1% (d) 25.5%

64. भारत में किस समुदाय की वृद्धि दर (2001-2011) सर्वाधिक रही?
(a) हिंदू (b) मुस्लिम
(c) ईसाई (d) सिख

65. उत्तर प्रदेश में न्यूनतम महिला साक्षरता वाला जिला कौन-सा है?
(a) बलरामपुर (b) बहराइच
(c) श्रावस्ती (d) बदायूं

66. 2011 में भारत में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहर (Million Plus Cities) कितने थे?

(a) 43 (b) 53
(c) 63 (d) 35

67. जनांकिकीय संक्रमण के 5वें चरण को 'ऋणात्मक वृद्धि' किसने कहा?
(a) माल्थस (b) कोलिन क्लार्क
(c) नोटेस्टीन (d) रिकार्डो

68. उत्तर प्रदेश में पुरुष साक्षरता दर कितनी है?
(a) 67.7% (b) 77.3%
(c) 82.1% (d) 73.0%

69. भारत में सर्वाधिक ग्रामीण जनसंख्या (प्रतिशत में) किस राज्य में है?
(a) बिहार (b) ओडिशा
(c) हिमाचल प्रदेश (d) असम

70. उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक SC प्रतिशत वाला जिला कौन-सा है?
(a) सीतापुर (b) कौशांबी
(c) हरदोई (d) सोनभद्र

उत्तरमाला

1.	(b)	**2.**	(b)	**3.**	(b)	**4.**	(c)	**5.**	(c)	**6.**	(c)	**7.**	(b)	**8.**	(b)	**9.**	(d)	**10.**	(b)
11.	(c)	**12.**	(a)	**13.**	(b)	**14.**	(c)	**15.**	(c)	**16.**	(b)	**17.**	(a)	**18.**	(c)	**19.**	(b)	**20.**	(c)
21.	(a)	**22.**	(b)	**23.**	(b)	**24.**	(c)	**25.**	(b)	**26.**	(c)	**27.**	(c)	**28.**	(c)	**29.**	(b)	**30.**	(c)
31.	(b)	**32.**	(b)	**33.**	(b)	**34.**	(b)	**35.**	(a)	**36.**	(c)	**37.**	(a)	**38.**	(b)	**39.**	(b)	**40.**	(b)
41.	(c)	**42.**	(c)	**43.**	(b)	**44.**	(a)	**45.**	(b)	**46.**	(c)	**47.**	(b)	**48.**	(b)	**49.**	(b)	**50.**	(b)
51.	(a)	**52.**	(c)	**53.**	(b)	**54.**	(c)	**55.**	(a)	**56.**	(b)	**57.**	(c)	**58.**	(b)	**59.**	(a)	**60.**	(b)
61.	(b)	**62.**	(c)	**63.**	(b)	**64.**	(b)	**65.**	(c)	**66.**	(b)	**67.**	(b)	**68.**	(b)	**69.**	(c)	**70.**	(a)

अध्ययन

4 नगरीकरण (Urbanization)

1. परिचय एवं परिभाषा

- **नगरीकरण:** किसी देश की कुल जनसंख्या में शहरी जनसंख्या के अनुपात में वृद्धि होना। यह ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों की ओर पलायन की प्रक्रिया है।
- **जी. टेलर के अनुसार** – "गाँवों से नगरों में जनसंख्या का स्थानान्तरण नगरीकरण कहलाता है।"
- **क्लार्क के अनुसार** – "नगरीकरण वह सामाजिक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से नगरीयता प्रेरित होता है।"
- नगरीकरण के 4 मुख्य कारक:

1. आर्थिक अवसर (रोजगार/पैसा)
2. शिक्षा (विश्वविद्यालय/कोचिंग)
3. स्वास्थ्य सुविधाएं (अस्पताल)
4. परिवहन (Transport)

- **वर्ग-1 के नगर:** भारत की कुल शहरी जनसंख्या का लगभग 56-57% हिस्सा केवल 'वर्ग-1' के बड़े नगरों में रहता है।

राज्य-वार स्थिति (State-wise Data)

श्रेणी	राज्य/विवरण
सर्वाधिक नगरीकृत राज्य (%)	गोवा, तमिलनाडु, केरल
न्यूनतम नगरीकृत राज्य (%)	हिमाचल प्रदेश (यहाँ ग्रामीण जनसंख्या सर्वाधिक है)
सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या (संख्या में)	महाराष्ट्र
स्थल अवरुद्ध (Landlocked) में शीर्ष	पंजाब (नगरीय प्रतिशत में अधिक)

केंद्रशासित प्रदेश

- सर्वाधिक नगरीकृत: दिल्ली और चंडीगढ़।
- न्यूनतम नगरीकृत: अंडमान और निकोबार।

2. राष्ट्रीय आँकड़े

- **अनुपात (2011):** शहरी (31.16%): ग्रामीण (68.84%)
- **वृद्धि दर:** 2001-2011 के दशक में शहरी जनसंख्या वृद्धि दर (लगभग 31.8%), ग्रामीण वृद्धि दर लगभग 12.3% से अधिक रही।
- **वर्ग-1 के नगर:** भारत की कुल शहरी जनसंख्या का लगभग 56-57% हिस्सा केवल 'वर्ग-1' (Class-1) के बड़े नगरों में रहता है।

3. उत्तर प्रदेश विशेष

- **10 लाखी नगर (Million Plus Cities):** भारत में कुल 53 हैं, जिनमें से UP में 7 हैं।
  - क्रम (जनसंख्या घटते क्रम में): कानपुर > लखनऊ > गाजियाबाद > आगरा > मेरठ > प्रयागराज > वाराणसी
- **प्रशासनिक आँकड़े (UP):**
  - नगर निगम: 17 (17वां शाहजहांपुर है)
  - नगर पालिका: 199 (लगभग)
  - नगर पंचायाते : लगभग 517-545
  - कुल शहरी स्थानीय निकाय: 734

श्रेणी	सर्वाधिक	न्यूनतम
नगरीय जनसंख्या	गाजियाबाद	श्रावस्ती
नगरीय प्रतिशत	गाजियाबाद	श्रावस्ती
कुल जनसंख्या	प्रयागराज	महोबा
जनघनत्व	गाजियाबाद	ललितपुर
साक्षरता	गौतमबुद्ध नगर	श्रावस्ती

स्मार्ट सिटी एवं NCR

- UP के स्मार्ट सिटी-लखनऊ, कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, सहारनपुर, बरेली, झांसी, मुरादाबाद, अलीगढ़।
- राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (NCR) में शामिल UP के जिले- मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, हापुड़, बागपत, मुजफ्फरनगर, शामली।

4. नगर प्रशासन और वर्गीकरण

नगर बनने के मानक

भारत में किसी स्थान को 'नगर' माना जाएगा यदि:

1. जनसंख्या न्यूनतम 5000 या उससे अधिक हो।
2. जनघनत्व 400 व्यक्ति/वर्ग किमी हो।
3. 75% पुरुष जनसंख्या गैर-कृषि (Non-Agriculture) कार्यों में हो।

स्थानीय निकाय *(Local Bodies)*

- सीमा निर्धारण: किसी म्युनिसिपैलिटी का क्षेत्र राज्य का राज्यपाल (Governor) घोषित करता है।
- सर्वेक्षण: शहर की सटीक सीमा का निर्धारण सर्वेक्षण अधिकारी (Survey Officer) करता है।

निकाय	जनसंख्या मानक	प्रमुख अधिकारी

नगर पंचायत	30,000 से 1 लाख	अध्यक्ष
नगर पालिका	1 लाख से 5 लाख	अध्यक्ष
नगर निगम	5 लाख से अधिक	मेयर (महापौर)
महानगर (Metropolitan)	10 लाख से अधिक	—

5. प्रमुख सिद्धांत और समाजशास्त्रीय

- **'ग्राम्य-नगरीकरण':**
- जनक: जी.एस. धुर्ये (G.S. Ghurye)।
  - अर्थ: कस्बों में गाँवों जैसी हरियाली (कृषि) और गाँवों में शहरों जैसी सुविधाएं विकसित करना।
- रेडफील्ड और सिंगर (Redfield & Singer):
  - सिद्धांत: 'प्राथमिक नगरीकरण' की प्रक्रिया का संबंध महान परंपरा (Great Tradition) के विकास से है।
- फिलिप एम. हॉसर (Philip M.Hauser):
  - सिद्धांत: ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र में भारी देशांतरगमन (Migration) को 'जनसंख्या विस्फोट' कहा।
- गेड्स (Geddes): यूरोप में नगरीय भूगोल का जनक।
  - कीर्ति शेष नगर (Ghost Cities): वे नगर जो अब केवल अवशेष मात्र हैं (जैसे- हम्पी, कन्नौज, वैशाली)।

6. सामाजिक समस्याएं और प्रभाव

- मलिन बस्तियां:
  - धारावी (मुंबई): एशिया की सबसे बड़ी मलिन बस्तियों में से एक।
  - ओंगी (कराची): पाकिस्तान की बड़ी बस्ती।
  - सामाजिक मुद्दा: अंधविश्वास और गरीबी (उदाहरण नाइजीरिया के बच्चे 'होप' की कहानी)।
- नगरीय गलियारे (Urban Corridors): इनका संबंध परिवहन संकट से है।
- पारिवारिक विघटन: संयुक्त परिवार टूट रहे हैं, वृद्धों की समस्या बढ़ रही है।
- प्रजनन दर: शहरों में उच्च साक्षरता के कारण जन्म दर (Fertility Rate) कम होती है।

7. महत्त्वपूर्ण वन-लाइनर

1. **पहला नगर निगम:** मद्रास (चेन्नई), वर्ष 1688 में बना।
2. **सबसे नगरीकृत धर्म:** जैन समुदाय ।
3. **जीवित शहर (Living City):** वाराणसी (मंदिरों का शहर/दुनिया का सबसे पुराना जीवित शहर)।
4. **कोटा (राजस्थान):** 2011 की 10 लाखी नगरों की सूची (53 नगरों) में (50वें) स्थान पर है।
5. **राजकोट (गुजरात):** सबसे छोटा 10 लाखी नगर है।
6. **ओडिशा:** यहाँ एक भी 10 लाखी नगर (Million City) नहीं है।
7. **ध्वनि प्रदूषण:** WHO के अनुसार नगरों के लिए 45 db सुरक्षित सीमा है।
8. **तुलनात्मक तथ्य:** अमेरिका (USA) की कुल जनसंख्या, भारत की 'शहरी जनसंख्या' से भी कम है।

8. कुछ और महत्त्वपूर्ण सांख्यिकीय आँकड़े

- **कुल नगरों की संख्या (2011):** भारत में कुल नगरों की संख्या 7,935 है।
- **स्थल अवरुद्ध (स्ंदकसवबामक) राज्य में नगरीकरण:** 'स्थल अवरुद्ध' (जिसकी सीमा समुद्र से नहीं लगती) राज्यों में पंजाब में नगरीय जनसंख्या का प्रतिशत काफी अधिक है।
- **2001-2011 का अनुपात:** 2011 में शहरी और ग्रामीण जनसंख्या का अनुपात 31: 69 (लगभग) था।

9. प्रशासनिक और सीमा निर्धारण

- **शहर की सीमा का निर्धारण:** किसी शहर की भौगोलिक सीमा (Boundary) कहाँ तक होगी, इसका निर्धारण सर्वेक्षण अधिकारी (Survey Officer) के सर्वेक्षण के आधार पर होता है।
- **म्युनिसिपैलिटी का क्षेत्र:** किसी नगर पालिका या निगम का सीमा क्षेत्र राज्य का राज्यपाल (Governor) घोषित करता है।

10. सामाजिक समस्याएं

- **नगरीय गलियारे (Urban Corridors):** इनका सीधा संबंध परिवहन संकट (Traffic/Transport Crisis) से है। जब शहर अनियंत्रित रूप से फैलते हैं तो गलियारे बनते हैं जहाँ ट्रैफिक की समस्या होती है।
- **प्रजनन दर (Fertility Rate):** शहरों में 'ऊँची साक्षरता दर' का 'निम्न जन्म दर' से सीधा संबंध है। यानी शहर के लोग ज्यादा पढ़े-लिखे होने के कारण कम बच्चे पैदा करते हैं।

11. विविध *(Miscellaneous)*

- अमेरिका बनाम (V/S) भारत: USA (अमेरिका) की कुल जनसंख्या, भारत की केवल 'नगरीय जनसंख्या' से भी कम है (यानी हमारे शहरों में जितने लोग हैं, उतने पूरे अमेरिका में नहीं हैं)।
- सार्क देश: दक्षिण एशियाई देशों (SAARC) में भूटान सबसे कम नगरीकृत देशों में से एक है।

अभ्यास-प्रश्न

1. जनगणना 2011 के अनुसार, भारत में सर्वाधिक नगरीकृत राज्य (प्रतिशत में) कौन-सा है?
(a) मिजोरम (b) तमिलनाडु
(c) गोवा (d) महाराष्ट्र

2. नगरीकरण के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कारक जिम्मेदार है?
(a) आर्थिक अवसर (b) शिक्षा एवं स्वास्थ्य
(c) परिवहन (d) उपर्युक्त सभी

3. 'ग्राम्य-नगरीकरण' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम किसने किया था?
(a) जी. एस. घुरिये (b) रेडफील्ड
(c) एम. एन. श्रीनिवास (d) पैट्रिक गेडस

4. भारत में न्यूनतम नगरीय जनसंख्या वाला राज्य (प्रतिशत में) कौन-सा है?
(a) बिहार (b) ओडिशा
(c) हिमाचल प्रदेश (d) असम

5. भारत का पहला नगर निगम कहाँ स्थापित किया गया था?
(a) बॉम्बे (b) कलकत्ता
(c) मद्रास (d) दिल्ली

6. मद्रास नगर निगम की स्थापना किस वर्ष हुई थी?
(a) 1688 (b) 1757
(c) 1857 (d) 1947

7. जनगणना 2011 के अनुसार, भारत में 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरों की कुल संख्या कितनी है?
(a) 45 (b) 53
(c) 63 (d) 75

8. उत्तर प्रदेश में 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले (महानगर) कितने जिले/नगर हैं?
(a) 5 (b) 6
(c) 7 (d) 8

9. "ग्रामीण क्षेत्र से शहरी क्षेत्र में लोगों का भारी देशांतरगमन (Migration) ही जनसंख्या विस्फोट है।" यह कथन किसका है?
(a) फिलिप एम. हॉसर (b) माल्थस
(c) रेडफील्ड (d) सिंगर

10. "प्राथमिक नगरीकरण की प्रक्रिया का संबंध विशेषक लोक परंपरा (Folk Tradition) के विकास से है।" यह विचार किसका है?
(a) जी.एस. घुरिये (b) रेडफील्ड और सिंगर
(c) मैक्स वेबर (d) कार्ल मार्क्स

11. जनगणना 2011 के अनुसार, भारत का शहरी और ग्रामीण जनसंख्या अनुपात लगभग कितना है?
(a) 25 : 75 (b) 31 : 69
(c) 40 : 60 (d) 28 : 72

12. 2001-2011 के दशक में भारत की नगरीय जनसंख्या वृद्धि दर कितनी रही?
(a) 17.7% (b) 25.5%
(c) 31.8% (d) 35.2%

13. भारत का कौन-सा राज्य 'स्थल अवरुद्ध' (Landlocked) है और वहाँ नगरीय जनसंख्या प्रतिशत अधिक है?
(a) हरियाणा (b) पंजाब
(c) मध्य प्रदेश (d) छत्तीसगढ़

14. जनगणना 2011 के अनुसार, किस राज्य में एक भी 10 लाखी नगर (Million Plus City) नहीं है?
(a) बिहार (b) केरल
(c) ओडिशा (d) झारखंड

15. 2011 की जनगणना के अनुसार उत्तर प्रदेश का कौन-सा शहर दूसरा सबसे बड़ा 10 लाखी नगर है?
(a) कानपुर (b) लखनऊ
(c) गाजियाबाद (d) आगरा

16. क्षेत्रफल और जनसंख्या के हिसाब से सबसे छोटा 10 लाखी नगर कौन-सा है?
(a) कोटा (b) राजकोट
(c) वड़ोदरा (d) धनबाद

17. भारत में 'जनगणना नगर' (Census Town) घोषित करने के लिए न्यूनतम जनसंख्या कितनी होनी चाहिए?
(a) 2000 (b) 3000
(c) 5000 (d) 10000

18. नगर घोषित होने के लिए जनसंख्या घनत्व कम से कम कितना होना चाहिए?
(a) 200 व्यक्ति/वर्ग किमी (b) 300 व्यक्ति/वर्ग किमी
(c) 400 व्यक्ति/वर्ग किमी (d) 500 व्यक्ति/वर्ग किमी

19. नगर घोषित होने के लिए कितनी प्रतिशत पुरुष जनसंख्या गैर-कृषि कार्यों में लगी होनी चाहिए?
(a) 50% (b) 60%
(c) 70% (d) 75%

20. किसी नगर पालिका या नगर निगम का सीमा क्षेत्र (Territorial Area) कौन घोषित करता है?
(a) मुख्यमंत्री (b) राज्यपाल
(c) जिलाधिकारी (d) सर्वेक्षण अधिकारी

21. शहर की सीमाओं के लिए भूमि का निर्धारण/सर्वेक्षण कौन करता है?
(a) राज्यपाल (b) मेयर
(c) सर्वेक्षण अधिकारी (d) तहसीलदार

22. उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक जनसंख्या वाला नगर निगम/महानगर कौन-सा है?
(a) लखनऊ (b) कानपुर
(c) गाजियाबाद (d) आगरा

23. उत्तर प्रदेश के 10 लाखी नगरों में सबसे कम जनसंख्या (सूची में नीचे) किसकी है?
(a) मेरठ (b) वाराणसी
(c) आगरा (d) प्रयागराज

24. एशिया की सबसे बड़ी मलिन बस्तियों में से एक 'धारावी' कहाँ स्थित है?
(a) कोलकाता (b) दिल्ली
(c) मुंबई (d) चेन्नई

25. 'नगरीय गलियारे' (Urban Corridors) का संबंध किस समस्या से है?
(a) पानी की कमी (b) नगरीय परिवहन संकट
(c) बिजली कटौती (d) आवास की कमी

26. भारत का सर्वाधिक नगरीकृत धार्मिक समुदाय कौन-सा है?
(a) हिंदू (b) मुस्लिम
(c) ईसाई (d) जैन

27. WHO के अनुसार एक नगर के लिए सुरक्षित ध्वनि प्रदूषण स्तर कितना है?
(a) 30 dB (b) 45 dB
(c) 60 dB (d) 75 dB

28. यूरोप में 'नगरीय भूगोल का जनक' किसे कहा जाता है?
(a) लेविस मंफोर्ड (b) पैट्रिक गेड्स
(c) कार्ल सावर (d) रैटजेल

29. 'कीर्ति शेष नगर' (Ghost Cities) का उदाहरण निम्नलिखित में से कौन-सा है?
(a) कन्नौज (b) हम्पी
(c) वैशाली (d) उपर्युक्त सभी

30. निम्नलिखित में से किसे 'जीवित शहर' (Living City) या मंदिरों का शहर कहा जाता है?
(a) उज्जैन (b) मदुरै
(c) वाराणसी (d) हरिद्वार

31. 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में कुल कितने नगर थे?
(a) 5161 (b) 7935
(c) 6400 (d) 8200

32. किस देश की कुल जनसंख्या भारत की केवल 'नगरीय जनसंख्या' से भी कम है?
(a) पाकिस्तान (b) बांग्लादेश
(c) यूएसए (USA) (d) रूस

33. संयुक्त राष्ट्र (UN) के अनुसार वर्ष 2050 तक विश्व की कितनी प्रतिशत जनसंख्या शहरों में निवास करेगी?
(a) 50% (b) 60%
(c) 68% (d) 75%

34. विश्व का 100% नगरीकृत देश कौन-सा है?
(a) वेटिकन सिटी (b) सिंगापुर
(c) मोनाको (d) कतर

35. निम्नलिखित में से कौन-सा केंद्र शासित प्रदेश (UT) सबसे कम नगरीकृत है?
(a) लक्षद्वीप (b) पुदुचेरी
(c) अंडमान और निकोबार (d) दादरा नगर हवेली

36. किस राज्य में नगरीय जनसंख्या की कुल संख्या (Number) सर्वाधिक है?
(a) उत्तर प्रदेश (b) महाराष्ट्र
(c) तमिलनाडु (d) पश्चिम बंगाल

37. मलिन बस्ती 'ओंगी' किस शहर में स्थित है?
(a) ढाका (b) लाहौर
(c) कराची (d) काबुल

38. 'होप' (Hope) जिसे डायन बताकर छोड़ दिया गया था, किस देश का था?
(a) केन्या (b) नाइजीरिया
(c) सोमालिया (d) सूडान

39. नगर निगम का प्रमुख कौन होता है?
(a) नगर आयुक्त (b) मेयर
(c) सभासद (d) जिलाधिकारी

40. नगर पालिका के गठन के लिए जनसंख्या कितनी होनी चाहिए?
(a) 30,000 से 1 लाख (b) 1 लाख से 5 लाख
(c) 5 लाख से अधिक (d) 10 लाख से अधिक

41. निम्नलिखित में से कौन-सा राज्य सर्वाधिक नगरीकृत राज्यों के शीर्ष 3 में शामिल नहीं है?
(a) गोवा (b) मिजोरम
(c) तमिलनाडु (d) केरल

42. भारत में 'गरीबी रेखा से नीचे' (BPL) 2011 के अनुसार कितने प्रतिशत लोग थे?
(a) 18% (b) 22%
(c) 29% (d) 35%

43. सार्क (SAARC) देशों में सबसे कम नगरीकृत देश कौन-सा है?
(a) नेपाल (b) बांग्लादेश
(c) भूटान (d) अफगानिस्तान

44. शहरों में 'ऊँची साक्षरता' दर का सीधा संबंध किससे है?
(a) उच्च मृत्यु दर से (b) निम्न जन्म दर से
(c) उच्च अपराध दर से (d) उच्च रोजगार से

45. भारत में 'वर्ग-1' (Class-1) के नगरों में कुल शहरी जनसंख्या का लगभग कितना प्रतिशत निवास करता है?

(a) 40–45% (b) 56–57%
(c) 65–70% (d) 30–35%

46. उत्तर प्रदेश में कुल कितने नगर निगम हैं?
(a) 15 (b) 16
(c) 17 (d) 18

47. भारत वर्तमान में नगरीकरण की किस श्रेणी में आता है?
(a) उच्च नगरीकृत (b) मध्यम-निम्न नगरीकृत
(c) पूर्ण नगरीकृत (d) निम्न नगरीकृत

48. 2001 की तुलना में 2011 में किस जनसंख्या की वृद्धि दर अधिक रही?
(a) ग्रामीण (b) नगरीय
(c) दोनों बराबर (d) कोई नहीं

उत्तरमाला

1.	(c)	**2.**	(d)	**3.**	(a)	**4.**	(c)	**5.**	(c)	**6.**	(a)	**7.**	(b)	**8.**	(c)	**9.**	(a)	**10.**	(b)
11.	(b)	**12.**	(c)	**13.**	(b)	**14.**	(c)	**15.**	(b)	**16.**	(b)	**17.**	(c)	**18.**	(c)	**19.**	(d)	**20.**	(b)
21.	(c)	**22.**	(b)	**23.**	(d)	**24.**	(c)	**25.**	(b)	**26.**	(d)	**27.**	(b)	**28.**	(b)	**29.**	(d)	**30.**	(c)
31.	(b)	**32.**	(c)	**33.**	(c)	**34.**	(b)	**35.**	(c)	**36.**	(b)	**37.**	(c)	**38.**	(b)	**39.**	(b)	**40.**	(b)
41.	(d)	**42.**	(b)	**43.**	(c)	**44.**	(b)	**45.**	(c)	**46.**	(c)	**47.**	(b)	**48.**	(b)				

अध्ययन

5 आंतरिक सुरक्षा और आतंकवाद (Internal Security and Terrorism)

1. **CRPF (Central Reserve Police Force):** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल यह भारत का सबसे बड़ा केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल है।

- **स्थापना:** 27 जुलाई, 1939 (स्वतंत्रता से पहले इसे 'क्राउन रिप्रेजेंटेटिव पुलिस' कहा जाता था)। वर्ष 1949 में इसका नाम बदलकर CRPF किया गया।
- **मुख्यालय:** नई दिल्ली
- **आदर्श वाक्य (Motto):** सेवा और निष्ठा (Service and Loyalty)

मुख्य कार्य:

- राज्यों को कानून और व्यवस्था बनाए रखने में मदद करना।
- दंगों को नियंत्रित करना।
- चुनावों के दौरान सुरक्षा प्रदान करना।
- नक्सल विरोधी अभियान चलाना।

विशेष इकाइयाँ

- **RAF (Rapid Action Force):** इसका गठन वर्ष 1992 में हुआ था। यह नीली वर्दी पहनती है और इसका मुख्य काम दंगों (Riots) को तुरंत रोकना है।
- **COBRA (Commando Battalion for Resolute Action):** यह नक्सलवाद से निपटने के लिए बनाई गई विशेष यूनिट है।

2. **BSF (Border Security Force):** सीमा सुरक्षा बल इसे 'भारत की रक्षा की पहली पंक्ति' (First Line of Defence) कहा जाता है।

- **स्थापना:** 1 दिसंबर, 1965 (वर्ष 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद इसकी जरूरत महसूस हुई)।
- **मुख्यालय:** नई दिल्ली
- आदर्श वाक्य: जीवन पर्यंत कर्त्तव्य

मुख्य कार्य

- शांति काल में सीमाओं की रक्षा करना।
- सीमा पार तस्करी और घुसपैठ को रोकना।
- **विशेष:** यह मुख्य रूप से पाकिस्तान और बांग्लादेश की सीमाओं पर तैनात है।
- **विशेष तथ्य:** BSF दुनिया का एकमात्र ऐसा बल है, जिसके पास अपनी ऊँट सवार टुकड़ी और महिला प्रहरी टुकड़ी है। वाघा बॉर्डर की सेरेमनी भी BSF ही करती है।

3. **CISF (Central Industrial Security Force)** – केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल देश की संपत्ति और उपक्रमों की सुरक्षा की जिम्मेदारी इसी बल पर है।

- **स्थापना:** 10 मार्च, 1969
- **मुख्यालय:** नई दिल्ली
- **आदर्श वाक्य:** संरक्षण और सुरक्षा (Protection and Security)

मुख्य कार्य:

- सरकारी उपक्रमों (PSUs), नवरत्न कंपनियों की सुरक्षा।
- हवाई अड्डों (Airports), दिल्ली मेट्रो और परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा।
- ऐतिहासिक स्मारक (जैसे ताज महल, लाल किला) की सुरक्षा।
- **विशेष तथ्य:** CISF के पास एक विशेष 'फायर विंग' (आग बुझाने वाली शाखा) भी है। यह एकमात्र बल है जो प्राइवेट कंपनियों (जैसे- इंफोसिस, रिलायंस जामनगर रिफाइनरी) को भी भुगतान के आधार पर सुरक्षा देता है।

4. **ITBP (Indo-Tibetan Border Police):** भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ये 'हिमवीर' के नाम से भी जाने जाते हैं क्योंकि ये बहुत ऊँचाई पर रहते हैं।

- स्थापना: 24 अक्टूबर, 1962 (भारत-चीन युद्ध के बाद)
- मुख्यालय: नई दिल्ली
- आदर्श वाक्य: शौर्य, दृढ़ता, कर्म निष्ठा (Valour, Determination, Devotion to Duty)

मुख्य कार्य:

- भारत-चीन सीमा (लद्दाख से अरुणाचल प्रदेश तक) की निगरानी करना।
- ऊँचाई वाले क्षेत्रों (High Altitude) में युद्ध की विशेष ट्रेनिंग।
- **विशेष तथ्य:** इन्हें कैलाश मानसरोवर यात्रा की सुरक्षा और व्यवस्था की जिम्मेदारी भी दी जाती है। ये प्राकृतिक आपदाओं में बचाव कार्य में सबसे आगे रहते हैं।

5. **SSB (Sashastra Seema Bal)**-सशस्त्र सीमा बल यह एक मित्रवत सीमा रक्षक बल है।

- **स्थापना:** वर्ष 1963 (शुरुआत में इसका नाम 'स्पेशल सर्विस ब्यूरो' था)
- **मुख्यालय:** नई दिल्ली
- **आदर्श वाक्य:** सेवा, सुरक्षा और भाईचारा (Service, Security and Brotherhood)।

मुख्य कार्य:

- भारत-नेपाल और भारत-भूटान सीमाओं की सुरक्षा।

- चूंकि ये सीमाएं खुली हैं इसलिए यहां तस्करी रोकना इनका बड़ा काम है।
- **इतिहास:** शुरुआत में इसका गठन सीमावर्ती इलाकों में लोगों के बीच देशभक्ति जगाने और खुफिया जानकारी इकट्ठा करने के लिए किया गया था। वर्ष 2001 के बाद इसे सीमा रक्षक बल बना दिया गया।

6. Assam Rifles (AR)- असम राइफल्स यह भारत का सबसे पुराना अर्धसैनिक बल है।

- **स्थापना:** वर्ष 1835 (तब इसका नाम 'कछार लेवी' था)
- **मुख्यालय:** शिलांग, मेघालय
- **उपनाम:** 'पूर्वोत्तर का प्रहरी' (Sentinels of the North East) और 'पहाड़ी लोगों का मित्र'।

मुख्य कार्य:

- पूर्वोत्तर भारत में आंतरिक सुरक्षा बनाए रखना।
- भारत-म्यांमार सीमा की सुरक्षा करना।
- दोहरा नियंत्रण
- **असम राइफल्स एकमात्र ऐसा बल है जिस पर दो मंत्रालयों का नियंत्रण है**

1. **प्रशासनिक नियंत्रण (वेतन, भर्ती):** गृह मंत्रालय (MHA) के पास।
2. **परिचालन नियंत्रण (ऑपरेशन, तैनाती):** भारतीय सेना (रक्षा मंत्रालय) के पास।

7. NSG (National Security Guard):

- **स्थापना:** वर्ष 1984 में
- **कार्य:** आतंकवाद विरोधी (Counter-Terrorism) और हाईजैकिंग विरोधी ऑपरेशन।
- **विशेषता:** इसमें आर्मी और पुलिस दोनों के जवान होते हैं। ये किसी विशेष सीमा (Border) की रक्षा नहीं करते, बल्कि विशिष्ट स्थिति (Situation) से निपटते हैं।

A. IB (Intelligence Bureau) - इंटेलिजेंस ब्यूरो यह भारत की आंतरिक खुफिया एजेंसी (Internal Intelligence Agency) है।

- **स्थापना:** वर्ष 1887 (यह दुनिया की सबसे पुरानी खुफिया एजेंसियों में से एक है)। स्वतंत्रता के बाद वर्ष 1947 में इसे पुनर्गठित किया गया।
- **मुख्यालय:** नई दिल्ली
- **आदर्श वाक्य:** जागृतं अहर्निशं (सदा सतर्क/Always Alert)
- **मंत्रालय:** गृह मंत्रालय (MHA)

मुख्य कार्य:

- देश के भीतर खुफिया जानकारी इकट्ठा करना।
- आतंकवाद विरोधी अभियानों में पुलिस और सेना को इनपुट देना।
- सीमावर्ती क्षेत्रों में खुफिया निगरानी।
- VVIP सुरक्षा के लिए खतरे का आकलन करना।
- **नोट:** वर्ष 1968 तक IB ही आंतरिक और बाहरी दोनों खुफिया काम देखती थी, बाद में IB को अलग किया गया।

B. RAW (Research and Analysis Wing) – रिसर्च एंड एनालिसिस विंग यह भारत की बाहरी खुफिया एजेंसी (External Intelligence Agency) है।

- **स्थापना:** 21 सितंबर, 1968 (1962 के चीन युद्ध और 1965 के पाकिस्तान युद्ध में खुफिया विफलता के बाद इसकी जरूरत महसूस हुई)।
- **संस्थापक:** रामेश्वर नाथ काव – इन्हें भारतीय जासूसी का पितामह कहा जाता है।
- **मुख्यालय:** नई दिल्ली
- **आदर्श वाक्य:** धर्मो रक्षति रक्षित: (धर्म उसकी रक्षा करता है जो धर्म की रक्षा करता है)।
- **रिपोर्टिंग:** यह किसी मंत्रालय के अधीन नहीं है, बल्कि सीधे प्रधानमंत्री (कैबिनेट सचिवालय के माध्यम से) को रिपोर्ट करती है। यह संसद के प्रति भी जवाबदेह नहीं है (RTI से बाहर)।

मुख्य कार्य:

- विदेशी खुफिया जानकारी जुटाना (खासकर पड़ोसी देशों की)।
- देश के बाहर आतंकवाद विरोधी अभियान चलाना।
- भारत के परमाणु कार्यक्रम की सुरक्षा।

C. CBI (Central Bureau of Investigation) – केंद्रीय जाँच ब्यूरो यह भारत की प्रमुख जाँच एजेंसी (Investigation Agency) है।

- **स्थापना:** वर्ष 1963 (संथानम समिति की सिफारिश पर भ्रष्टाचार रोकने के लिए)।
- **मुख्यालय:** नई दिल्ली
- **आदर्श वाक्य:** उद्यम, निष्पक्षता और अखंडता (Industry, Impartiality Integrity)।
- **मंत्रालय:** कार्मिक मंत्रालय के अधीन।

मुख्य कार्य:

- भ्रष्टाचार, आर्थिक अपराध और गंभीर अपराधों की जाँच करना।
- राज्यों के अनुरोध पर या सुप्रीम कोर्ट/हाई कोर्ट के आदेश पर किसी केस की जाँच करना।
- **विशेष तथ्य:** यह भारत में इंटरपोल (Interpol) की नोडल एजेंसी है। यानी इंटरपोल से संपर्क CBI के जरिए ही होता है।

D. NIA (National Investigation Agency)– राष्ट्रीय जाँच एजेंसी यह भारत की केंद्रीय आतंकवाद विरोधी कानून प्रवर्तन एजेंसी है।

- **स्थापना:** 31 दिसंबर, 2008 (NIA Act, 2008 के तहत)
- **पृष्ठभूमि:** इसका गठन 26/11 मुंबई आतंकी हमले के बाद किया गया था, क्योंकि तब यह महसूस हुआ कि आतंकवाद से निपटने के लिए एक संघीय (Federal) एजेंसी की जरूरत है।
- **मुख्यालय:** नई दिल्ली
- **मंत्रालय:** गृह मंत्रालय (MHA)

- **शक्ति (Power):** NIA को आतंकवाद से जुड़े मामलों की जाँच के लिए राज्य सरकार की अनुमति की आवश्यकता नहीं होती। यह पूरे भारत में कहीं भी स्वत: संज्ञान (Suo Moto) लेकर जाँच कर सकती है।
- **कार्यक्षेत्र:** आतंकवाद, जाली मुद्रा, परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले और अब मानव तस्करी (Human Trafficking) की जाँच भी इसमें शामिल है।

E. NATGRID (National Intelligence Grid) – नेशनल इंटेलिजेंस ग्रिड यह कोई एजेंसी नहीं, बल्कि एक इंटीग्रेटेड इंटेलिजेंस मास्टर डेटाबेस है।

- **अवधारणा:** 26/11 मुंबई हमलों के बाद इसकी परिकल्पना की गई थी (प्रोजेक्ट वर्ष 2009 में शुरू हुआ)।
- **उद्देश्य:** इसका काम भारत की कोर सुरक्षा एजेंसियों (जैसे IB, RAW, CBI, आदि) के डेटाबेस को जोड़ना है।
- **कार्यप्रणाली:** यह संदिग्ध आतंकवादियों को ट्रैक करने के लिए बैंकिंग, टैक्स, इमिग्रेशन (वीजा), एयर ट्रेवल और टेलीकॉम जैसे विभिन्न विभागों से डेटा को एक ही प्लेटफॉर्म पर लाता है।

8. आतंकवाद विरोधी और युद्ध (Anti-Terrorism and War)

- **ऑपरेशन ब्लू स्टार (Operation Blue Star)- वर्ष 1984**
  - **स्थान:** स्वर्ण मंदिर, अमृतसर।
  - **उद्देश्य:** जरनैल सिंह भिंडरांवाले और खालिस्तानी आतंकियों को बाहर निकालना।
- **ऑपरेशन ब्लैक थंडर (Operation Black Thunder)** 1986-1988:
- **उद्देश्य:** स्वर्ण मंदिर से बचे हुए आतंकियों को साफ करना (यह ब्लू स्टार से ज्यादा सफल और संयमित माना गया, इसमें NSG का बड़ा रोल था)।
- **ऑपरेशन पवन (Operation Pawan)** - 1987
- **उद्देश्य:** श्रीलंका में शांति सेना भेजकर लिट्टे (LTTE) के खिलाफ कार्रवाई करना।
- **ऑपरेशन कैक्टस (Operation Cactus)** - 1988
- **उद्देश्य:** मालदीव में तख्तापलट (Coup) को रोकने के लिए भारतीय सेना भेजी गई थी।
- **ऑपरेशन विजय (Operation Vijay)** - 1999
- **उद्देश्य:** कारगिल युद्ध में पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ना।
- **ऑपरेशन सफेद सागर (Operation Safed Sagar)**-1999
- **उद्देश्य:** कारगिल युद्ध में वायुसेना (Air Force) का ऑपरेशन।
- **ऑपरेशन पराक्रम (Operation Parakram)** - 2001
- **उद्देश्य:** संसद हमले (2001) के बाद भारत-पाक सीमा पर सेना का सबसे बड़ा जमावड़ा (Mobilization)।
- **ऑपरेशन ब्लैक टॉरनेडो (Operation Black Tornado)** - 2008
- **उद्देश्य:** मुंबई 26/11 हमलों के दौरान ताज होटल में NSG द्वारा आतंकियों का खात्मा।

9. सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक

- **उरी सर्जिकल स्ट्राइक (2016):** उरी हमले के जवाब में पाकिस्तान के लॉन्च पैड्स पर हमला।
- **ऑपरेशन बंदर (Operation Bandar)** - 2019
- पुलवामा हमले के बाद बालाकोट एयर स्ट्राइक का कोडनेम 'ऑपरेशन बंदर' था।

प्रमुख रक्षा प्रशिक्षण संस्थान

1. NDA (National Defence Academy): खड़कवासला (पुणे, महाराष्ट्र)
2. IMA (Indian Military Academy): देहरादून (उत्तराखंड)
3. Infantry School: महू (डीवू, मध्य प्रदेश)
4. School of Artillery: देवलाली (महाराष्ट्र)
5. Armoured Corps Centre and School : अहमदनगर (महाराष्ट्र)

कारगिल युद्ध और समितियां

- **के. सुब्रमण्यम समिति (K. Subrahmanyam Committee):** इसका गठन कारगिल युद्ध (1999) के बाद यह जाँचने के लिए किया गया था कि सुरक्षा में कहां चूक हुई थी। इसी समिति की सिफारिश पर 'चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ' (CDS) के पद का विचार आया था।

कारगिल ऑपरेशन के नाम:

- **ऑपरेशन विजय:** भारतीय सेना (Army) द्वारा।
- **ऑपरेशन सफेद सागर:** भारतीय वायुसेना (Air Force) द्वारा।

10. आंतरिक सुरक्षा से जुड़े अन्य महत्त्वपूर्ण तथ्य

- **POTA (Prevention of Terrorism Act):** यह वर्ष 2002 में बना और वर्ष 2004 में रद्द कर दिया गया। (संसद पर हमले के बाद लाया गया था)।
- **नक्सलवाद समाधान:** केंद्र सरकार ने नक्सलवाद से निपटने के लिए 'SAMADHAN' सिद्धांत दिया है।
- **भारत का परमाणु समझौता:** यह असैनिक (Civil) परमाणु ऊर्जा सहयोग के लिए था।

11. उत्तर प्रदेश विशेष

1. **UP ATS (UP Anti-Terror Squad):** उत्तर प्रदेश में आतंकी गतिविधियों को रोकने के लिए विशेष बल ।
2. **UP STF (UP Special Task Force):** इसका गठन संगठित अपराध (Organized Crime) और माफियाओं को खत्म करने के लिए किया गया था।

1. सीमा सुरक्षा (अंतर्राष्ट्रीय सीमा-नेपाल)

- यूपी की आंतरिक सुरक्षा में सबसे संवेदनशील मुद्दा उसकी अंतर्राष्ट्रीय सीमा है।
- **नेपाल सीमा:** उत्तर प्रदेश के 7 जिले नेपाल से सीमा साझा करते हैं

(पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महराजगंज)।

- **लंबाई:** लगभग 570 किमी (खुली सीमा / Open Border)।

चुनौतियां:

- **जाली नोट:** पाकिस्तान समर्थित तत्त्व नेपाल के रास्ते जाली मुद्रा यूपी में भेजते हैं।
- **मानव तस्करी:** खासकर महिलाओं और बच्चों की तस्करी।
- **मादक पदार्थ:** चरस और गांजा की तस्करी।
- **आतंकी घुसपैठ:** खुली सीमा होने के कारण अपराधी और आतंकी इसका फायदा उठाते हैं।
- **सुरक्षा:** यहाँ मुख्य रूप से SSB (सशस्त्र सीमा बल) तैनात है, जिसके साथ यूपी पुलिस समन्वय (Coordination) करती है।

2. नक्सलवाद

- भले ही अब यह समस्या कम हो गई है, लेकिन यूपी का दक्षिणी हिस्सा 'लाल गलियारे' (Red Corridor) से प्रभावित रहा है।
- **प्रभावित जिले:** मुख्य रूप से 3 जिले सोनभद्र, मिर्जापुर और चंदौली।
- **भौगोलिक कारण:** यह क्षेत्र बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश की सीमाओं से लगा हुआ है और घने जंगलों से घिरा है।
- **कार्यवाई:** यहाँ CRPF और PAC की टुकड़ियां तैनात रहती हैं। केंद्र सरकार की सुरक्षा संबंधी व्यय (SRE) योजना के तहत इन जिलों को फंड मिलता है।

3. संगठित अपराध और माफिया

- यूपी में आंतरिक सुरक्षा का एक बड़ा हिस्सा माफियाओं और गैंगस्टर्स को खत्म करना है।
- **माफिया के प्रकार:** भू-माफिया (Land Mafia), खनन माफिया (Mining Mafia – बुंदेलखंड और पश्चिमी यूपी में) और शराब माफिया (Liquor mafia)।

कानून:

- **यूपी गैंगस्टर एक्ट (UP Gangsters Act):** इसके तहत पुलिस अपराधियों की संपत्ति कुर्क (जब्त) कर सकती है। यह यूपी का सबसे सख्त हथियार है।
- **यूपी गुंडा एक्ट (Goonda Act):** इसके तहत अपराधी को जिला बदर (Zila Badar) किया जा सकता है।

अंतर्राष्ट्रय संगठन

1. संयुक्त राष्ट्र *(United Nations- UN)*

- आतंकवाद से लड़ने में यूएन सबसे बड़ी भूमिका निभाता है।
- **UNSC CTC (UN Security Council Counter-Terrorism Committee):**
- इसका गठन वर्ष 2001 में अमेरिका में हुए 9/11 हमले के बाद किया गया था।
- भारत ने वर्ष 2022 में इसकी विशेष बैठक की मेजबानी मुंबई और दिल्ली में की थी।
- **CCIT (Comprehensive Convention on International Terrorism):** यह भारत द्वारा वर्ष 1996 में प्रस्तावित एक संधि है।
- **उद्देश्य:** 'आतंकवाद' की एक वैश्विक परिभाषा तय करना। (विडंबना यह है कि अभी तक "आतंकवादी कौन है?" इस पर दुनिया के सभी देश सहमत नहीं हो पाए हैं, इसलिए यह संधि अभी पेंडिंग है)।

2. *FATF (Financial Action Task Force)*

- यह संस्था आतंकवाद की फंडिंग रोकने का काम करती है।
  - **स्थापना:** वर्ष 1989
  - **मुख्यालय:** पेरिस, फ्रांस।

कार्य:

1. Money Laundering (काले धन को सफेद करना) रोकना।
2. Terror Funding (आतंकवादियों को पैसा पहुंचाना) रोकना।

दो प्रमुख लिस्ट :

- **ग्रे लिस्ट (Grey List):** चेतावनी वाली लिस्ट। (पाकिस्तान लंबे समय तक इसमें था, अब बाहर है)।
- **ब्लैक लिस्ट (Black List):** गंभीर प्रतिबंध। (वर्तमान में ईरान, उत्तर कोरिया और म्यांमार इसमें हैं)।
- **भारत:** वर्ष 2010 में इसका पूर्ण सदस्य बना।

3. *SCO & RATS (Regional Anti-Terrorist Structure)*

- **SCO (शंघाई सहयोग संगठन):** इसमें भारत, चीन, रूस, पाकिस्तान आदि शामिल हैं।
- **RATS (रेट्स):** यह SCO का एक स्थायी अंग है जो आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद के खिलाफ काम करता है।
  - **मुख्यालय:** इसका मुख्यालय ताशकंद (उज्बेकिस्तान) में है।
  - **नोट-** SCO का मुख्यालय बीजिंग में है, लेकिन RATS का ताशकंद में।
  - **कार्य:** सदस्य देशों के बीच खुफिया जानकारी साझा करना।

4. इंटरपोल *(INTERPOL)*

- अंतर्राष्ट्रीय पुलिस सहयोग संगठन
  - **मुख्यालय:** ल्योन (Lyon), फ्रांस
- आतंकवाद के खिलाफ नोटिस:
- **Red Corner Notice:** किसी अपराधी/आतंकवादी को ढूंढने और गिरफ्तार करने के लिए। (भारत अक्सर दाऊद इब्राहिम या अन्य भगोड़ों के लिए यह जारी करवाता है)।
- **Blue Corner Notice:** किसी व्यक्ति के बारे में जानकारी या स्थान का पता लगाने के लिए।

5. प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय आतंकी समूह

संगठन सक्रिय	क्षेत्र/देश
ISIS	इराक और सीरिया
Boko Haram	नाइजीरिया (अफ्रीका)
Taliban	अफगानिस्तान
Hamas	गाजा पट्टी (फिलिस्तीन)
Hezbollah	लेबनान

6. वैश्विक आतंकवाद सूचकांक

- यह रिपोर्ट बताती है कि कौन-सा देश आतंकवाद से कितना प्रभावित है।
- जारीकर्ता: इंस्टीटयूट फॉट इकोनॉमिक्स एंड पीस (IEP)
- शीर्ष देश: अफगानिस्तान (लगातार कई वर्षों से सबसे अधिक प्रभावित)
- भारत की स्थिति: भारत आमतौर पर शीर्ष 15 देशों में रहता है (रैंक वर्ष के अनुसार बदलती रहती है, जैसे 2023-24 में 13वीं-14वीं रैंक के आसपास)।

7. भारत की प्रमुख संधियाँ और पहल

- **NIA Act:** भारत ने अपनी जाँच एजेंसी NIA को विदेशों में भी आतंकी मामलों की जाँच करने का अधिकार दिया है।
- **No Money For Terror (NMFT):** यह एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन है। 2022 में इसकी मेजबानी भारत ने की थी। इसका उद्देश्य टेरर फंडिंग को पूरी तरह रोकना है।

अभ्यास-प्रश्न

1. राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (NSG) की स्थापना किस वर्ष हुई थी?
(a) 1980 (b) 1984
(c) 1990 (d) 1992

2. 'सर्वत्र सर्वोत्तम सुरक्षा' किस बल का आदर्श वाक्य (Motto) है?
(a) BSF (b) CRPF
(c) NSG (d) CISF

3. भारत का सबसे पुराना अर्द्धसैनिक बल कौन-सा है?
(a) असम राइफल्स (b) CRPF
किसान कॉल सेंटर	1551	किसानों को खेती और मौसम संबंधि जानकारी के लिए।
टेली-मानस	14416	मानसिक स्वास्थ्य, चिंता, अवसाद और तनाव के लिए।
पर्यटन हेल्पलाइन	1363	पर्यटकों की सहायता के लिए (विदेशी/देशी)।

2. पुलिस और नागरिक सुरक्षा से संबंधित महत्त्वपूर्ण ऐप

- **UPCOP App:** यह यूपी पुलिस का सबसे महत्त्वपूर्ण ऐप है।
  - **उपयोग:** घर बैठे FIR दर्ज करना, चरित्र प्रमाण पत्र, किराएदार सत्यापन आदि।
- **112 India App:** इसमें एक 'Panic Button' होता है।
- मुसीबत में इसे दबाते ही पुलिस को आपकी लोकेशन मिल जाती है।
- **Damini App (दामिनी):** बिजली गिरने (Lightning) से पहले चेतावनी देता है।
- **C-Plan App:** (सिर्फ पुलिसकर्मियों के लिए)-इसमें सामुदायिक पुलिसिंग (Community Policing) के तहत संभ्रांत लोगों के नंबर होते हैं।

A. 'गोल्डन ऑवर' (Golden Hour)

- दुर्घटना के बाद का पहला 1 घंटा 'गोल्डन ऑवर' कहलाता है।
- यदि इस दौरान घायल को अस्पताल पहुँचा दिया जाए (108 एम्बुलेंस द्वारा), तो उसके बचने की संभावना सबसे अधिक होती है। सरकार अब मददगार व्यक्ति (Good Samaritan) को इनाम भी देती है।

B. (ERSS) सिस्टम कैसे काम करता है?

- **ERSS का मतलब है: आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (Emergency Response Support System)**
- यह केंद्र सरकार की 'निर्भया फंड' योजना के तहत शुरू हुआ।
- इसमें पुलिस (100), फायर (101) और एम्बुलेंस (102/108) को एक ही छत के नीचे लाया गया है।

3. परीक्षोपयोगी महत्त्वपूर्ण जानकारी-

अभ्यास-प्रश्न

1. उत्तर प्रदेश पुलिस की 'आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली' (ERSS) का मुख्य नंबर क्या है?
(a) 100 (b) 112
(c) 108 (d) 1090

2. आग लगने की सूचना देने के लिए 'फायर ब्रिगेड' का हेल्पलाइन नंबर क्या है?
(a) 101 (b) 102
(c) 103 (d) 104

3. गर्भवती महिलाओं को घर से अस्पताल ले जाने के लिए कौन-सी एम्बुलेंस सेवा डायल करनी चाहिए?
(a) 108 (b) 102
(c) 112 (d) 1076

4. गंभीर दुर्घटना या ट्रॉमा (Trauma) की स्थिति में तत्काल एम्बुलेंस के लिए नंबर है:
(a) 102 (b) 108
(c) 101 (d) 1098

5. '112 इंडिया' (112 India) ऐप में कौन-सा विशेष फीचर होता है?
(a) एफआईआर दर्ज करना (b) पैनिक बटन (Panic Button)
(c) चालान भरना (d) बिजली का बिल भरना

6. यातायात (Traffic) जाम या समस्या के लिए पुलिस हेल्पलाइन नंबर है?
(a) 101 (b) 103
(c) 1073 (d) 1090

7. सड़क दुर्घटना (Road Accident) होने पर हाईवे पर मदद के लिए नंबर है?
(a) 1073 (b) 1072
(c) 1071 (d) 100

8. 'गोल्डन ऑवर' (Golden Hour) का संबंध किससे है?
(a) चुनाव का आखिरी घंटा
(b) दुर्घटना के बाद का पहला घंटा
(c) पुलिस की शिफ्ट बदलना
(d) सूर्योदय का समय

9. पुराना पुलिस हेल्पलाइन नंबर '100' अब किस नंबर पर कॉल फॉरवर्ड करता है?
(a) 1090 (b) 112
(c) 1076 (d) 108

10. घर बैठे एफआईआर (e-FIR) दर्ज करने के लिए यूपी पुलिस का आधिकारिक ऐप कौन-सा है?
(a) C-Plan (b) UPCOP
(c) 112 India (d) Kavach

11. उत्तर प्रदेश में 'वीमेन पावर लाइन' (Women Power Line) का नंबर क्या है?
(a) 1090 (b) 1091
(c) 1098 (d) 181

12. '1090' हेल्पलाइन की सबसे बड़ी विशेषता क्या है?
(a) इसमें वीडियो कॉल होती है
(b) शिकायतकर्ता (महिला) की पहचान गुप्त रखी जाती है
(c) यह केवल रात में काम करता है
(d) यह दिल्ली पुलिस का नंबर है

13. 'घरेलू हिंसा' (Domestic Violence) से पीड़ित महिलाओं के लिए हेल्पलाइन नंबर है:
(a) 112 (b) 181
(c) 1076 (d) 1930

14. बच्चों की मदद या बाल श्रम रोकने के लिए 'चाइल्ड हेल्पलाइन' नंबर क्या है?

(a) 1090 (b) 1098
(c) 1091 (d) 1076

15. 'दामिनी' (Damini) ऐप का संबंध किस आपदा से है?
(a) बाढ़ (b) बिजली गिरना (वज्रपात)
(c) भूकंप (d) आगजनी

16. 'शक्ति दीदी' अभियान का संबंध किससे है?
(a) महिला सुरक्षा और जागरूकता
(b) बिजली विभाग
(c) किसान सहायता
(d) स्वास्थ्य सेवा

17. कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न की शिकायत किस नंबर पर की जा सकती है?
(a) 1090 (b) 112
(c) 1076 (d) 1091

18. राष्ट्रीय महिला आयोग (NCW) हेल्पलाइन का उद्देश्य क्या है?
(a) केवल घरेलू हिंसा रोकना
(b) महिलाओं के अधिकारों की रक्षा
(c) बच्चों को पढ़ाना
(d) वृद्धों की सेवा

19. 'मिशन शक्ति' उत्तर प्रदेश में किसके लिए चलाया गया?
(a) किसानों के लिए
(b) महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा के लिए
(c) पुलिस भर्ती के लिए
(d) सड़कों के लिए

20. यदि कोई बच्चा खो गया है, तो सबसे पहले किस नंबर पर सूचना देनी चाहिए?
(a) 1098 (b) 1090
(c) 101 (d) 1912

21. 'साइबर क्राइम' (जैसे बैंक फ्रॉड) की शिकायत के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर क्या है?
(a) 1930 (b) 1093
(c) 112 (d) 100

22. उत्तर प्रदेश में 'मुख्यमंत्री हेल्पलाइन' (CM Helpline) नंबर क्या है?
(a) 1076 (b) 1090
(c) 112 (d) 1031

23. कोई सरकारी कर्मचारी रिश्वत मांगे तो 'एंटी करप्शन' (Anti-Corruption) हेल्पलाइन नंबर है:
(a) 1064 (b) 1090
(c) 108 (d) 101

24. 'उपभोक्ता फोरम' (Consumer Helpline) का नंबर क्या है?
(a) 1915 (b) 1912
(c) 1950 (d) 1947

25. 'राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग' (NHRC) का हेल्पलाइन नंबर है:
(a) 14433 (b) 1091
(c) 100 (d) 1098

26. 'जनसुनवाई' (Jansunwai) पोर्टल का संबंध किस राज्य सरकार से है?
(a) बिहार (b) उत्तर प्रदेश
(c) मध्य प्रदेश (d) दिल्ली

27. साइबर फ्रॉड होने पर कितने समय के भीतर कॉल करना सबसे बेहतर होता है?
(a) 24 घंटे के अंदर
(b) 1 महीने बाद
(c) 1 हफ्ते बाद
(d) कभी भी

28. यदि आपका आधार कार्ड खो गया है तो UIDAI हेल्पलाइन नंबर है?
(a) 1947 (b) 1950
(c) 1912 (d) 1076

29. ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली (Electricity) न आने पर शिकायत नंबर है?
(a) 1912 (b) 1076
(c) 108 (d) 100

30. 'LPG गैस लीकेज' होने पर आपातकालीन नंबर है?
(a) 1906 (b) 1912
(c) 108 (d) 101

31. रेलवे पूछताछ (PNR/Train Status) के लिए नंबर है:
(a) 139 (b) 100
(c) 112 (d) 108

32. स्वास्थ्य आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर क्या है?
(a) 1910 (b) 102
(c) 108 (d) 104

33. नशा मुक्ति (De-addiction) के लिए हेल्पलाइन नंबर क्या है?
(a) 14446 (b) 100
(c) 101 (d) 1090

34. मानसिक स्वास्थ्य (Mental Health) और डिप्रेशन के लिए सरकार द्वारा जारी हेल्पलाइन 'Tele-MANAS' का कोड क्या है?
(a) 14416 (b) 1091
(c) 1076 (d) 100

35. वृद्धजनों (Senior Citizens) के लिए राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 'एल्डर लाइन' है?
(a) 14567 (b) 1090
(c) 1098 (d) 1912

36. 'किसान कॉल सेंटर' का नंबर क्या है?
(a) 1551 (b) 1076
(c) 108 (d) 100

37. वोटर आईडी (Voter ID) या चुनाव संबंधी जानकारी के लिए चुनाव आयोग का हेल्पलाइन नंबर है?
(a) 1950 (b) 1947
(c) 1912 (d) 1930

38. यदि आप ट्रेन में यात्रा कर रहे हैं और कोई छेड़छाड़ करता है, तो आप किस नंबर पर मदद माँगेंगे?
(a) 139/182 (b) 1076
(c) 108 (d) 1912

39. 'C-Plan' ऐप का उपयोग मुख्य रूप से कौन करता है?
(a) आम जनता (b) पुलिसकर्मी
(c) डॉक्टर (d) शिक्षक

40. पर्यटकों (Tourists) की सहायता के लिए भारत सरकार का हेल्पलाइन नंबर है?
(a) 1363 (b) 1076
(c) 100 (d) 1091

41. चरित्र प्रमाण पत्र (Character Certificate) बनवाने के लिए आप किस ऐप का उपयोग करेंगे?
(a) UPCOP (b) Damini
(c) Voter Helpline (d) 108 App

42. कोरोना काल में स्वास्थ्य संबंधी जानकारी के लिए कौन-सा नंबर जारी किया गया था?
(a) 1075 (b) 1090
(c) 100 (d) 101

43. 'टेली-लॉ' (Tele-Law) सेवा किसके लिए है?
(a) मुफ्त कानूनी सलाह के लिए
(b) मुफ्त इलाज के लिए
(c) मुफ्त राशन के लिए
(d) पुलिस भर्ती के लिए

44. आधार कार्ड से जुड़ी शिकायत के लिए '1947' नंबर किस संस्था का है?
(a) UIDAI (b) RBI
(c) SBI (d) Election Commission

45. 'निर्भया फंड' के तहत भारत में कौन-सा आपातकालीन नंबर सिस्टम लागू किया गया?
(a) 112 (b) 100
(c) 101 (d) 108

उत्तरमाला

1.	(b)	**2.**	(a)	**3.**	(b)	**4.**	(b)	**5.**	(b)	**6.**	(b)	**7.**	(a)	**8.**	(b)	**9.**	(b)	**10.**	(b)
11.	(a)	**12.**	(b)	**13.**	(b)	**14.**	(b)	**15.**	(b)	**16.**	(a)	**17.**	(d)	**18.**	(b)	**19.**	(b)	**20.**	(a)
21.	(a)	**22.**	(a)	**23.**	(a)	**24.**	(a)	**25.**	(a)	**26.**	(b)	**27.**	(a)	**28.**	(a)	**29.**	(a)	**30.**	(a)
31.	(a)	**32.**	(a)	**33.**	(a)	**34.**	(a)	**35.**	(a)	**36.**	(a)	**37.**	(a)	**38.**	(a)	**39.**	(b)	**40.**	(a)
41.	(a)	**42.**	(a)	**43.**	(a)	**44.**	(a)	**45.**	(a)										

अध्ययन

9 मानवाधिकार (Human Rights)

1. मानवाधिकार क्या हैं? (What are Human Rights?)

मानवाधिकार महज कानूनी शब्द नहीं, बल्कि मानव अस्तित्व की शर्त है।

- मानवाधिकार वे न्यूनतम अधिकार हैं जो हर व्यक्ति के पास इसलिए हैं क्योंकि वह इंसान है। ये अधिकार सरकार द्वारा दिए गए 'उपहार' नहीं हैं, बल्कि ये 'कानून से पूर्व' (Pre-legal) अस्तित्व रखते हैं। राज्य (सरकार) का काम इन्हें देना नहीं, बल्कि इन्हें पहचानना और सुरक्षित करना है।
- **प्रमुख विशेषताएं (Key Characteristics):**

1. **सार्वभौमिक (Universal):** ये पूरी दुनिया में हर जगह समान रूप से लागू होते हैं चाहे व्यक्ति भारत में हो या अमेरिका में, उसके जीने का अधिकार समान है।
2. **अहरणीय (Inalienable):** इन्हें किसी व्यक्ति से अलग नहीं किया जा सकता (सिवाय कानून की उचित प्रक्रिया के, **जैसे**- अपराधी को जेल भेजना)।
3. **अविभाज्य (Indivisible):** आप यह नहीं कह सकते कि मुझे बोलने की आजादी चाहिए लेकिन शिक्षा का अधिकार नहीं। राजनीतिक और आर्थिक अधिकार एक-दूसरे से जुड़े है।

2. ऐतिहासिक पृष्ठभूमि: प्राचीन काल से वर्ष 1948 तक

A. प्राचीन जड़ें: सभ्यता की शुरुआत

- **सायरस सिलेंडर (539 ई.पू.) विस्तार:** जब फारस (Persia) के राजा सायरस महान ने बेबीलोन को जीता, तो उन्होंने एक क्रांतिकारी घोषणा की। उन्होंने दासों को आजाद किया, लोगों को अपना धर्म चुनने की छूट दी और नस्लीय समानता की बात की। इन आदेशों को एक मिट्टी के बेलन (Cylinder) पर कीलाक्षर लिपि (Akkadian language) में लिखा गया था। इसे ही संयुक्त राष्ट्र ने 'विश्व का पहला मानवाधिकार चार्टर' माना है।
- **भारतीय संदर्भ:** अशोक के अभिलेखों में 'सभी प्रजा मेरी संतान है' का भाव और युद्ध के बाद अहिंसा की नीति (कलिंग युद्ध, 261 ई. पू.) मानवाधिकारों के संरक्षण का प्राचीनतम राजकीय उदाहरण है।

B. मैग्नाकार्टा (1215) लोकतंत्र की नींव

- **पृष्ठभूमि:** इंग्लैंड का राजा 'जॉन' बहुत अत्याचारी था। उसने जनता पर भारी कर लगाए और बिना कारण लोगों को जेल में डाला। वहां के सामंतों (Barons) ने विद्रोह कर दिया।
- **समझौता:** 15 जून, 1215 को टेम्स नदी के किनारे 'रनीमीड' (Runnymede) नामक स्थान पर राजा को झुकना पड़ा और उसने 'मैग्नाकार्टा' (महान अधिकार पत्र) पर हस्ताक्षर किए।
- **महत्त्वपूर्ण बिंदु:** इसने पहली बार 'विधि का शासन' (Rule of Law) स्थापित किया। इसमें कहा गया कि 'किसी भी स्वतंत्र व्यक्ति को तब तक कैद नहीं किया जाएगा जब तक कि समान स्तर के लोगों द्वारा या देश के कानून द्वारा उसे दोषी न ठहराया जाए।' (यह आज के Habeas Corpus/बंदी प्रत्यक्षीकरण का आधार है)।

C. आधुनिक क्रांतियां (17वीं-18वीं सदी)

- **ब्रिटिश बिल ऑफ राइट्स (1689):** इसने राजा की शक्तियों को संसद के अधीन कर दिया। इसने नागरिकों को क्रूर दंड (Cruel Punishment) से सुरक्षा दी।
- **अमेरिकी स्वतंत्रता घोषणा (1776):** थॉमस जेफरसन ने लिखा कि ईश्वर ने सभी मनुष्यों को कुछ ऐसे अधिकार दिए हैं जो छीने नहीं जा सकते जैसे- जीवन, स्वतंत्रता और खुशी की खोज (Life, Liberty, and Pursuit of Happiness)। यह दुनिया का पहला लिखित दस्तावेज था जिसने मानवाधिकारों को औपचारिक रूप दिया।
- **फ्रांसीसी क्रांति (1789):** इसका दस्तावेज 'Declaration of the Rights of Man and of the Citizen' बहुत खास था क्योंकि इसने 'प्रजा' (Subject) को 'नागरिक' (Citizen) बना दिया। इसने कानून के समक्ष समानता को परिभाषित किया।

3. द्वितीय विश्व युद्ध और संयुक्त राष्ट्र का गठन

- **लीग ऑफ नेशंस की विफलता:** प्रथम विश्व युद्ध के बाद बनी 'लीग ऑफ नेशंस' मानवाधिकारों की रक्षा में विफल रही, जिसका परिणाम द्वितीय विश्व युद्ध (1939-45) हुआ।
- **नाजी अत्याचार:** हिटलर के जर्मनी में यहूदियों, दिव्यांगों और अल्पसंख्यकों को गैस चैंबरों में मारा गया। दुनिया ने देखा कि जब कोई सरकार अपने ही नागरिकों को मारने लगे, तो अंतर्राष्ट्रीय समुदाय चुप नहीं रह सकता।
- **संयुक्त राष्ट्र चार्टर (1945):** जब सैन फ्रांसिस्को में UN का गठन हुआ, तो इसके चार्टर की प्रस्तावना में लिखा गया- 'हम संयुक्त राष्ट्र के लोग... मौलिक मानवाधिकारों में विश्वास फिर से स्थापित करते हैं।'
- **आयोग का गठन (1946):** UN ने मानवाधिकारों को परिभाषित करने के लिए एक आयोग बनाया। इसकी प्रथम महिला अध्यक्ष एलेनोर रूजवेल्ट थीं।

4. मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा *(UDHR-1948)*

- **घोषणा का दिन:** 10 दिसंबर, 1948 को पेरिस के 'पैलेस डी चैलोट' (Palais de Chaillot) में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक हुई।

- **दस्तावेज का स्वरूप:**
  - यह कोई संधि (Treaty) नहीं थी, इसलिए यह शुरुआत में कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं थी। यह एक 'आदर्श मानक' था जिसे सभी देशों को प्राप्त करना था।
  - लेकिन आज इसे अंतर्राष्ट्रीय प्रथागत कानून (Customary International Law) का दर्जा प्राप्त है।
- अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार बिल (International Bill of Human Rights):

  इसमें तीन दस्तावेज शामिल हैं:

1. UDHR (1948)
2. नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर प्रतिज्ञापत्र (ICCPR-1966)
3. आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों पर प्रतिज्ञापत्र (ICESCR-1966)

5. मानवाधिकारों का वर्गीकरण: तीन पीढ़ियों का सिद्धांत

वर्ष 1979 में कारेल वासाक (Karel Vasak) ने मानवाधिकारों को तीन पीढ़ियों में बाँटा। यह वर्गीकरण फ्रांसीसी क्रांति के नारे 'स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व' पर आधारित है:

1. प्रथम पीढ़ी (नागरिक और राजनीतिक अधिकार-Liberty):

- **रंग:** नीला अधिकार (Blue Rights)।
- **विचार:** ये अधिकार व्यक्ति को राज्य की मनमानी से बचाते हैं। ये 'नकारात्मक अधिकार' हैं (यानी राज्य को कुछ करने से रोकते हैं)।
- **उदाहरण:** मतदान का अधिकार, अभिव्यक्ति की आजादी, निष्पक्ष सुनवाई का अधिकार आदि।

2. द्वितीय पीढ़ी (आर्थिक और सामाजिक अधिकार - Equality):

- **रंग:** लाल अधिकार (Red Rights)।
- **विचार:** ये अधिकार व्यक्ति की भलाई के लिए राज्य से कुछ करने की अपेक्षा करते हैं। ये 'सकारात्मक अधिकार' हैं।
- **उदाहरण:** काम का अधिकार, शिक्षा का अधिकार, भोजन और स्वास्थ्य का अधिकार।

3. तृतीय पीढ़ी (सामूहिक/एकजुटता अधिकार-Fraternity):

- **रंग:** हरा अधिकार (Green Rights)।
- **विचार:** ये अधिकार किसी एक व्यक्ति के नहीं, बल्कि पूरे समुदाय या देश के होते हैं।
- **उदाहरण:** स्वच्छ पर्यावरण का अधिकार, विकास का अधिकार, शांति का अधिकार, अपनी संस्कृति को बचाने का अधिकार।

मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993

- **संरचना:** कुल 8 अध्याय और 43 धाराएं।

अध्याय 1: प्रारंभिक

1. संक्षिप्त शीर्षक, विस्तार और प्रारंभ

- **धारा 1 (Section 1):**
  - इसका नाम 'मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993' है।
  - इसका विस्तार संपूर्ण भारत पर है (पहले जम्मू-कश्मीर को लेकर अपवाद था, लेकिन अब यह पूरे भारत में लागू है)।

2. परिभाषाएं (Definitions)

- **2(a) सशस्त्र बल:** इसमें नौसेना, सेना, वायु सेना और संघ के अन्य सशस्त्र बल (जैसे BSF, CRPF) शामिल हैं। (पुलिस इसमें शामिल नहीं है)।
- **2(c) आयोग:** इसका अर्थ 'राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग' (NHRC) है।
- **2(d) मानवाधिकार:** वे अधिकार जो व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता, समानता और गरिमा से संबंधित हैं और जो संविधान द्वारा गारंटीकृत हैं या अंतरर्राष्ट्रीय प्रसंविदाओं (Covenants) में शामिल हैं और भारत के न्यायालयों द्वारा प्रवर्तनीय हैं।

अध्याय 2: राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का गठन

- **धारा 3 (Section 3):** आयोग का गठन
  - केंद्र सरकार एक निकाय का गठन करेगी जिसे राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) कहा जाएगा।
- **धारा 4 (Section 4):** अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति
  - नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक समिति की सिफारिश पर की जाएगी।
  - **समिति (6 सदस्य):** PM (अध्यक्ष), लोकसभा अध्यक्ष, गृह मंत्री, विपक्ष के नेता (लोकसभा और राज्यसभा), राज्यसभा के उपसभापति।
- **धारा 5 (Section 5):** त्यागपत्र और हटाया जाना
  - अध्यक्ष या कोई सदस्य राष्ट्रपति को लिखित में अपना त्यागपत्र दे सकता है।
  - उन्हें केवल साबित कदाचार (Misbehavior) या असमर्थता (Incapacity) के आधार पर हटाया जा सकता है, जिसकी जाँच सुप्रीम कोर्ट द्वारा की गई हो।
- **धारा 6 (Section 6):** अध्यक्ष और सदस्यों की पदावधि (Term of Office)
  - 2019 के संशोधन के बाद: 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु (जो भी पहले हो)।
  - वे पुनर्नियुक्ति (Re-appointment) के पात्र हैं।

अध्याय 3: आयोग के कृत्य और शक्तियाँ

(धारा 12 से 16)

- **धारा 12 (Section 12):** आयोग के कार्य (Functions)
  - (a) मानवाधिकार उल्लंघन की शिकायत की जाँच करना।
  - (b) न्यायालय में लंबित किसी मानवाधिकार मामले में हस्तक्षेप करना।
  - (c) जेलों का निरीक्षण: कैदियों की जीवन स्थितियों का अध्ययन

करने के लिए जेलों या सुधार गृहों का दौरा करना।

- (d) मानवाधिकारों की रक्षा के लिए संवैधानिक और कानूनी उपायों की समीक्षा करना।
- (e) आतंकवाद और अन्य कार्यों की समीक्षा करना जो मानवाधिकारों में बाधा डालते हैं।

- **धारा 13 (Section 13):** जाँच की शक्तियाँ (Powers)
  - आयोग के पास सिविल न्यायालय (Civil Court) की सभी शक्तियाँ होती हैं (सिविल प्रक्रिया संहिता 1908 के तहत)।

अध्याय 4: प्रक्रिया (Procedure)

(धारा 17 से 20)

- **धारा 19 (Section 19):** सशस्त्र बलों के संबंध में प्रक्रिया (IMP)
  - सशस्त्र बलों (Army, Navy, Air Force) द्वारा मानवाधिकार उल्लंघन के मामलों में आयोग की शक्तियाँ सीमित हैं।
  - आयोग केवल केंद्र सरकार से रिपोर्ट मांग सकता है और उस पर सिफारिश कर सकता है। (वह खुद सशस्त्र बलों के खिलाफ जाँच नहीं करता)।

अध्याय 5: राज्य मानवाधिकार आयोग (SHRC)

(धारा 21 से 29)

- **धारा 21 (Section 21):** राज्य आयोग का गठन
  - राज्य सरकार राज्य मानवाधिकार आयोग का गठन कर सकती है।
  - संरचना: 1 अध्यक्ष + 2 सदस्य।
- **धारा 22 (Section 22):** राज्य आयोग के अध्यक्ष और (सदस्यों) की नियुक्ति
  - नियुक्ति राज्यपाल (Governor) द्वारा एक समिति की सिफारिश पर की जाती है।
  - **समिति (4 सदस्य):** मुख्यमंत्री (अध्यक्ष), विधानसभा अध्यक्ष, राज्य का गृह मंत्री, विधानसभा में विपक्ष का नेता। (जहाँ विधान परिषद है, वहाँ उसके सभापति और विपक्ष के नेता भी शामिल होंगे)।
- **धारा 23 (Section 23):** राज्य आयोग के अध्यक्ष या किसी सदस्य का त्याग पत्र एवं निष्कासन।
  - **महत्त्वपूर्ण बिंदु:** नियुक्ति राज्यपाल करता है, लेकिन हटा केवल राष्ट्रपति सकता है (धारा 5 वाली प्रक्रिया के अनुसार)। राज्यपाल नहीं हटा सकता।

अध्याय 6: मानवाधिकार न्यायालय (Human Rights Courts)

(धारा 30 से 31)

- **धारा 30 (Section 30):** मानवाधिकार न्यायालय
  - शीघ्र सुनवाई (Speedy Trial) के लिए राज्य सरकार, उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की सहमति से, प्रत्येक जिले में एक सत्र न्यायालय (Session Court) को 'मानवाधिकार न्यायालय' के रूप में घोषित कर सकती है।
- **धारा 31 (Section 31):** विशेष लोक अभियोजक (Special Public Prosecutor)

अध्याय 7: वित्त, लेखा और लेखापरीक्षा

(धारा 32 से 35)

- इसमें आयोग को केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा अनुदान (Grant) देने और उनके खातों (Accounts) की ऑडिटिंग (CAG द्वारा) का उल्लेख है।

अध्याय 8: विविध

(धारा 36 से 43)

- **धारा 36 (Section 36):** अधिकारिता के अपवाद (Limitations)
  - (1) आयोग उन मामलों की जाँच नहीं करेगा जो किसी अन्य राज्य आयोग या विधिक निकाय के पास पहले से लंबित हैं।
  - (2) एक वर्ष की अवधि (Limitation Period): आयोग किसी भी ऐसे मामले की जांच नहीं करेगा जिसकी घटना हुए 1 वर्ष से अधिक समय बीत चुका हो।
- **धारा 37 (Section 37):** विशेष जाँच दल (SIT)
  - आयोग को जाँच के लिए पुलिस अधिकारियों और जाँच एजेंसियों का उपयोग करने का अधिकार है।
- **धारा 43 (Section 43):** निरसन और व्यावृति
  - यह धारा बताती है कि 1993 के अध्यादेश (Ordinance) को इस अधिनियम द्वारा निरसित किया जाता है।

पदेन सदस्य (Ex-officio Members) की पूरी लिस्ट

इन 7 आयोगों के अध्यक्ष NHRC के पदेन सदस्य होते हैं:

1. राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग
2. राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (SC)
3. राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (ST)
4. राष्ट्रीय महिला आयोग
5. राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (OBC) – (2019 में जोड़ा गया)
6. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (2019 में जोड़ा गया)

उत्तर प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग *(UPSHRC)*

1. प्रमुख तथ्य

- **गठन की अधिसूचना:** 7 अक्टूबर, 2002
  - (**नोट:** अधिनियम 1993 में बना था, लेकिन यूपी में आयोग का गठन 2002 में हुआ)।
- **मुख्यालय:** लखनऊ।
- **प्रकृति:** सांविधिक निकाय (Statutory Body)।

- **आधार:** मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 की धारा 21।

2. आयोग की संरचना *(Composition)*

2019 के संशोधन के बाद, राज्य आयोग की संरचना इस प्रकार है:

- **1 अध्यक्ष (Chairman):**
  - जो किसी उच्च न्यायालय (High Court) का मुख्य न्यायाधीश या न्यायाधीश रहा हो।
- **2 सदस्य (Members):**
  - **एक सदस्य:** जो उच्च न्यायालय का न्यायाधीश हो या रहा हो, या जिला न्यायाधीश (कम से कम 7 साल का अनुभव) हो।
  - **दूसरा सदस्य:** जिसे मानवाधिकारों का विशेष ज्ञान हो। या जिला न्यायाधीश (कम से कम 7 साल का अनुभव) हो।
- **सचिव:** राज्य आयोग का एक सचिव होता है जो मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (CEO) के रूप में कार्य करता है।

3. नियुक्ति प्रक्रिया *(Appointment Process)*

अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति राज्यपाल (Governor) द्वारा एक चयन समिति की सिफारिश पर की जाती है।

चयन समिति (Selection Committee)-

चूंकि उत्तर प्रदेश में द्विसदनीय विधायिका (विधानसभा + विधान परिषद) है, इसलिए यहाँ समिति में 6 सदस्य होते हैं:

1. मुख्यमंत्री (अध्यक्ष)
2. विधानसभा अध्यक्ष (Speaker)
3. राज्य का गृह मंत्री
4. विधानसभा में विपक्ष का नेता
5. विधान परिषद का सभापति
6. विधान परिषद में विपक्ष का नेता

4. कार्यकाल और सेवा शर्तें *(Tenure and Serivice conditions)*

- **कार्यकाल:** 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु (जो भी पहले हो)।

5. हटाया जाना *(Removal)*

- **नियुक्ति:** राज्यपाल करता है।
- **हटाना:** केवल राष्ट्रपति हटा सकता है (राज्यपाल नहीं)।
- **आधार:** साबित कदाचार (Misbehavior) या असमर्थता।
- **प्रक्रिया:** सुप्रीम कोर्ट की जाँच रिपोर्ट के बाद ही राष्ट्रपति हटा सकता है।
- **इस्तीफा:** यदि वे खुद इस्तीफा देना चाहें, तो राज्यपाल को देंगे।

6. कार्य और शक्तियां *(Functions and Powers)*

- **जांच का दायरा:** आयोग केवल उन विषयों पर मानवाधिकार उल्लंघन की जाँच कर सकता है जो संविधान की राज्य सूची और समवर्ती सूची में शामिल हैं।
- **अपवाद:** यदि किसी मामले की जाँच पहले से ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) कर रहा है, तो राज्य आयोग उस मामले की जाँच नहीं करेगा।
- **समय सीमा:** 1 वर्ष से अधिक पुराने मामलों की सुनवाई नहीं की जाएगी।
- **सिफारिश निकाय:** आयोग दोषियों को सजा नहीं दे सकता, वह मामले की जाँच नहीं करेगा।

1. प्रमुख वाद/केस लॉ *(Landmark Cases)*-

- **नीलाबती बहेरा बनाम ओडिशा राज्य (1993):**
  - **फैसला:** पुलिस हिरासत में मौत (Custodial Death) होने पर राज्य को मुआवजा (Compensation) देना होगा। यह मानवाधिकार का हनन है।
- **जोगिंदर कुमार बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (1994):**
  - **फैसला:** पुलिस किसी को भी केवल शक के आधार पर गिरफ्तार नहीं कर सकती। गिरफ्तारी का ठोस कारण होना चाहिए।
- **प्रेम शंकर शुक्ला बनाम दिल्ली प्रशासन (1980):**
  - **फैसला:** कैदियों को अदालत ले जाते समय हथकड़ी (Handcuffing) लगाना अमानवीय है, जब तक कि वह बहुत खतरनाक न हो।
- **सुनील बत्रा बनाम दिल्ली प्रशासन (1978):**
  - **फैसला:** जेल के अंदर कैदियों को 'एकांत कारावास' (Solitary Confinement) में रखना और उन्हें प्रताड़ित करना मानवाधिकारों के खिलाफ है।

अभ्यास-प्रश्न

1. संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 'मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा' (UDHR) को कब अपनाया गया?
(a) 24 अक्टूबर, 1945 (b) 10 दिसंबर, 1948
(c) 26 जनवरी, 1950 (d) 2 अक्टूबर, 1993

2. प्रतिवर्ष 'अंतरर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 1 दिसंबर (b) 10 दिसंबर
(c) 24 अक्टूबर (d) 8 मार्च

3. भारत में 'राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग' (NHRC) की स्थापना किस तिथि को हुई?
(a) 28 सितंबर, 1993 (b) 10 दिसंबर, 1993
(c) 12 अक्टूबर, 1993 (d) 1 जनवरी, 1994

4. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) किस प्रकार का निकाय है?
(a) संवैधानिक निकाय (b) सांविधिक निकाय
(c) कार्यकारी निकाय (d) गैर-सरकारी संगठन

5. मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 में कुल कितने अध्याय और धाराएं हैं?
(a) 8 अध्याय, 43 धाराएं (b) 10 अध्याय, 50 धाराएं
(c) 5 अध्याय, 30 धाराएं (d) 9 अध्याय, 45 धाराएं

6. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?
(a) जस्टिस ए.एस. आनंद (b) जस्टिस रंगनाथ मिश्र
(c) जस्टिस एच.एल. दत्तू (d) जस्टिस जे.एस. वर्मा

7. 2019 के संशोधन के बाद, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों का कार्यकाल कितना होता है?
(a) 5 वर्ष या 70 वर्ष की आयु (b) 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु
(c) 5 वर्ष या 65 वर्ष की आयु (d) 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु

8. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति किसके द्वारा की जाती है?
(a) प्रधानमंत्री (b) राष्ट्रपति
(c) मुख्य न्यायाधीश (d) गृह मंत्री

9. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति करने वाली सिफारिशी समिति का अध्यक्ष कौन होता है?
(a) राष्ट्रपति (b) भारत का मुख्य न्यायाधीश
(c) प्रधानमंत्री (d) गृह मंत्री

10. निम्न में से कौन NHRC की नियुक्ति समिति का सदस्य नहीं होता है?
(a) लोकसभा अध्यक्ष (b) राज्यसभा का उपसभापति
(c) विपक्ष का नेता (d) भारत का राष्ट्रपति

11. उत्तर प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग का गठन कब हुआ?
(a) 7 अक्टूबर, 2002 (b) 12 अक्टूबर, 1993
(c) 10 दिसंबर, 2000 (d) 15 अगस्त, 2002

12. राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति कौन करता है?
(a) राष्ट्रपति
(b) राज्यपाल
(c) मुख्यमंत्री
(d) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

13. राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष या सदस्य को उसके पद से हटाने की शक्ति किसके पास है?
(a) राज्यपाल (b) मुख्यमंत्री
(c) राष्ट्रपति (d) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

14. मानवाधिकारों का 'मैग्नाकार्टा' किसे कहा जाता है?
(a) भारतीय संविधान के भाग-3 को
(b) मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा (UDHR) को
(c) अमेरिकी स्वतंत्रता घोषणा को
(d) फ्रांसीसी क्रांति को

15. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के वर्तमान अध्यक्ष बनने के लिए क्या योग्यता होनी चाहिए (2019 संशोधन के बाद)?
(a) केवल भारत का सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश (CJI)
(b) सुप्रीम कोर्ट का कोई भी सेवानिवृत्त न्यायाधीश या मुख्य न्यायाधीश
(c) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
(d) एक वरिष्ठ वकील

16. आयोग मानवाधिकार उल्लंघन के ऐसे मामलों की जांच नहीं कर सकता जो:
(a) 6 महीने पुराने हों (b) 1 वर्ष से अधिक पुराने हों
(c) 2 वर्ष से अधिक पुराने हों (d) 3 वर्ष से अधिक पुराने हों

17. मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम की किस धारा के तहत 'मानवाधिकार न्यायालयों' (Human Rights Courts) की स्थापना का प्रावधान है?
(a) धारा 21 (b) धारा 12
(c) धारा 30 (d) धारा 36

18. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के पास जाँच करते समय किस न्यायालय की शक्तियाँ होती हैं?
(a) फौजदारी न्यायालय (b) सिविल न्यायालय
(c) सत्र न्यायालय (d) उच्च न्यायालय

19. "सभी मनुष्य जन्म से स्वतंत्र तथा गरिमा और अधिकारों में समान हैं" यह कथन UDHR के किस अनुच्छेद में है?
(a) अनुच्छेद 1 (b) अनुच्छेद 10
(c) अनुच्छेद 21 (d) अनुच्छेद 30

20. NHRC में पदेन सदस्यों (Ex-officio Members) की कुल संख्या वर्तमान में कितनी है?
(a) 3 (b) 4
(c) 5 (d) 7

21. निम्न में से किस आयोग का अध्यक्ष NHRC का पदेन सदस्य नहीं होता है?
(a) राष्ट्रीय महिला आयोग
(b) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग
(c) राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग
(d) विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC)

22. सशस्त्र बलों (Armed Forces) द्वारा मानवाधिकार उल्लंघन के मामले में आयोग क्या कर सकता है?

(a) स्वयं जांच कर सकता है
(b) सजा दे सकता है
(c) केंद्र सरकार से रिपोर्ट माँग सकता है और सिफारिश कर सकता है
(d) एफआईआर दर्ज कर सकता है

23. 'डी. के. बसु बनाम पश्चिम बंगाल राज्य' (D.K. Basu Case) का संबंध किससे है?
(a) बाल श्रम
(b) कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न
(c) गिरफ्तारी और हिरासत के दौरान पुलिस द्वारा अपनाई जाने वाली प्रक्रिया
(d) पर्यावरण संरक्षण

24. मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम की धारा 2(d) में किसकी परिभाषा दी गई है?
(a) आयोग (b) मानवाधिकार
(c) सशस्त्र बल (d) सदस्य

25. मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम की धारा 43 में क्या प्रावधान है?
(a) नियम बनाने की शक्ति
(b) निरसन और व्यावृत्ति
(c) कठिनाइयों को दूर करने की शक्ति
(d) परिभाषाएं

26. उत्तर प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
(a) प्रयागराज (b) कानपुर
(c) लखनऊ (d) नोएडा

27. राज्य मानवाधिकार आयोग किन सूचियों के विषयों पर जांच कर सकता है?
(a) केवल राज्य सूची
(b) केवल समवर्ती सूची
(c) राज्य सूची और समवर्ती सूची दोनों
(d) संघ सूची

28. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग अपनी वार्षिक रिपोर्ट किसे सौंपता है?
(a) राष्ट्रपति को (b) केंद्र सरकार को
(c) संसद को (d) सर्वोच्च न्यायालय को

29. मानवाधिकारों की तीन पीढ़ियों (Three Generations) का सिद्धांत किसने दिया था?
(a) एलेनोर रूजवेल्ट (b) कारेल वासक
(c) हंसा मेहता (d) जॉन लॉक

30. "नीले अधिकार" (Blue Rights) किस प्रकार के अधिकारों को कहा जाता है?
(a) आर्थिक और सामाजिक अधिकार
(b) नागरिक और राजनीतिक अधिकार
(c) सामूहिक अधिकार
(d) पर्यावरण अधिकार

31. हंसा मेहता का संबंध किस दस्तावेज के निर्माण से था?
(a) भारतीय संविधान की प्रस्तावना
(b) मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा (UDHR)
(c) पेरिस समझौता
(d) जिनेवा कन्वेंशन

32. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष/सदस्यों को हटाने के लिए 'साबित कदाचार' की जाँच कौन करता है?
(a) सीबीआई (CBI) (b) उच्च न्यायालय
(c) सर्वोच्च न्यायालय (d) संसद की समिति

33. मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम किस तिथि से प्रवृत्त (लागू) हुआ माना जाता है?
(a) 28 सितंबर, 1993 (b) 10 दिसंबर, 1993
(c) 8 जनवरी, 1994 (d) 15 अगस्त, 1993

34. राज्य मानवाधिकार आयोग की नियुक्ति समिति का अध्यक्ष कौन होता है?
(a) राज्यपाल (b) मुख्यमंत्री
(c) गृह मंत्री (d) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

35. मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम की धारा 12 किससे संबंधित है?
(a) आयोग का गठन (b) आयोग के कृत्य (कार्य)
(c) वित्त और लेखा (d) नियम बनाने की शक्ति

36. 'जोगिंदर कुमार बनाम उत्तर प्रदेश राज्य' (1994) का मामला किससे संबंधित है?
(a) मनमानी गिरफ्तारी पर रोक (b) हिरासत में मौत
(c) हथकड़ी लगाना (d) फोन टैपिंग

37. उ.प्र. राज्य मानवाधिकार आयोग (UP SHRC) के अध्यक्ष का कार्यकाल कितना है?
(a) 5 वर्ष (b) 3 वर्ष या 70 वर्ष की आयु
(c) 6 वर्ष (d) 2 वर्ष

38. मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा में कुल कितने अनुच्छेद हैं?
(a) 20 (b) 30
(c) 40 (d) 50

39. दिव्यांगजन (Persons with Disabilities) के लिए मुख्य आयुक्त को NHRC का सदस्य कब बनाया गया?
(a) 1993 में (b) 2006 में
(c) 2019 में (d) प्रारंभ से ही

40. "आयोग की सिफारिशें बाध्यकारी नहीं हैं" इसका क्या अर्थ है?
(a) सरकार को मानना ही पड़ेगा
(b) यह केवल सलाहकारी प्रकृति का है
(c) यह एक न्यायालय का आदेश है
(d) इसका कोई महत्त्व नहीं है

41. मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम की किस धारा के तहत 'विशेष लोक अभियोजक' (Special Public Prosecutor) की नियुक्ति का प्रावधान है?
(a) धारा 30 (b) धारा 31
(c) धारा 28 (d) धारा 37

42. विशेष लोक अभियोजक बनने के लिए कम से कम कितने वर्षों का वकालत का अनुभव होना आवश्यक है?
(a) 5 वर्ष (b) 7 वर्ष
(c) 10 वर्ष (d) 3 वर्ष

43. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष या सदस्य अपना त्यागपत्र (Resignation) किसे संबोधित करते हैं?
(a) प्रधानमंत्री (b) भारत के मुख्य न्यायाधीश
(c) राष्ट्रपति (d) उपराष्ट्रपति

44. राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष या सदस्य अपना त्यागपत्र किसे सौंपते हैं?
(a) राष्ट्रपति (b) मुख्यमंत्री
(c) राज्यपाल (d) उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

45. मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम की धारा 2(a) के तहत 'सशस्त्र बल' (Armed Forces) की परिभाषा में कौन शामिल नहीं है?
(a) नौसेना (Navy) (b) वायु सेना (Air Force)
(c) थल सेना (Army) (d) राज्य की पुलिस

46. "मानवाधिकार सार्वभौमिक हैं" इसका अपवाद क्या है?
(a) आपातकाल के दौरान कुछ अधिकारों का निलंबन
(b) अपराधी
(c) विदेशी नागरिक
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

47. 2019 के संशोधन के तहत, NHRC में मानवाधिकारों का ज्ञान रखने वाले कितने सदस्यों (गैर-पदेन) की नियुक्ति अनिवार्य की गई है?
(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 5

48. 'अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद' (UNHRC) का गठन कब किया गया था (जिसने पुराने आयोग का स्थान लिया)?
(a) 1945 (b) 1993
(c) 2006 (d) 2019

49. मानवाधिकारों की दूसरी पीढ़ी (Second Generation) के अधिकारों को अक्सर किस रंग से दर्शाया जाता है?
(a) नीले (b) लाल
(c) हरे (d) सफेद

50. 'एमनेस्टी इंटरनेशनल' (Amnesty International) का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
(a) न्यूयॉर्क (b) पेरिस
(c) लंदन (d) जिनेवा

51. मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम की धारा 19 का संबंध किससे है?
(a) सशस्त्र बलों द्वारा मानवाधिकार हनन के मामले में प्रक्रिया
(b) राज्य आयोग का गठन
(c) आयोग का स्टाफ
(d) वार्षिक रिपोर्ट

52. आयोग अपनी वार्षिक या विशेष रिपोर्ट किसे प्रस्तुत करता है?
(a) केवल केंद्र सरकार को
(b) केवल राज्य सरकार को
(c) संबंधित सरकार (केंद्र या राज्य) को
(d) उच्चतम न्यायालय को

53. राष्ट्रीय महिला आयोग की स्थापना किस वर्ष हुई थी?
(a) 1990 (b) 1992
(c) 1993 (d) 1995

54. "सचर समिति" (2005) का गठन किसकी स्थिति का अध्ययन करने के लिए किया गया था?
(a) भारत में महिलाओं की स्थिति
(b) भारत में मुस्लिम समुदाय की सामाजिक-आर्थिक स्थिति
(c) बाल श्रम की स्थिति
(d) अनुसूचित जनजातियों की स्थिति

55. मानवाधिकार कार्यकर्ता 'कृति भारती' का संबंध किस सामाजिक बुराई को रोकने से है?
(a) बाल विवाह (b) दहेज प्रथा
(c) मानव तस्करी (d) बाल मजदूरी

56. NHRC के महासचिव (Secretary General) की रैंक भारत सरकार के किस अधिकारी के बराबर होती है?
(a) संयुक्त सचिव (b) भारत सरकार का सचिव
(c) कैबिनेट सचिव (d) निदेशक

57. मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम की धारा 37 के तहत किसका गठन किया जाता है?
(a) मानवाधिकार न्यायालय (b) विशेष जांच दल
(c) वित्त समिति (d) राज्य आयोग

58. निम्न में से कौन सा अधिकार 'तीसरी पीढ़ी' (Green Rights) का माना जाता है?
(a) मतदान का अधिकार (b) स्वस्थ पर्यावरण का अधिकार
(c) शिक्षा का अधिकार (d) धार्मिक स्वतंत्रता

59. 'नीलाबती बहेरा बनाम ओडिशा राज्य' (1993) का प्रसिद्ध वाद किससे संबंधित है?
(a) हिरासत में मृत्यु (Custodial Death) पर मुआवजा
(b) महिलाओं के अधिकार
(c) पर्यावरण संरक्षण
(d) प्रेस की स्वतंत्रता

60. मानवाधिकार दिवस 2025 की थीम क्या थी?
(a) मानवाधिकार, हमारी दैनिक आवश्यकताएँ
(b) गरिमा और न्याय
(c) मानवाधिकार सबसे पहले
(d) बेहतर भविष्य के लिए अधिकार

61. राज्य मानवाधिकार आयोग का सचिव किस रैंक से नीचे का अधिकारी नहीं होना चाहिए?
(a) जिलाधिकारी (b) राज्य सरकार का सचिव
(c) पुलिस महानिदेशक (d) अवर सचिव

62. मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम की किस धारा में आयोग के 'कृत्यों' (Functions) का वर्णन है?
(a) धारा 9 (b) धारा 10
(c) धारा 12 (d) धारा 14

63. संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (UNHRC) में कुल कितने सदस्य देश होते हैं?
(a) 193 (b) 47
(c) 50 (d) 15

64. भारत में बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम किस वर्ष बनाया गया?
(a) 2000 (b) 2005
(c) 2010 (d) 2012

65. मानवाधिकार न्यायालय में मामलों का संचालन करने के लिए राज्य सरकार किसे नियुक्त करती है?

(a) महाधिवक्ता (b) महान्यायवादी

(c) विशेष लोक अभियोजक (d) सॉलिसिटर जनरल

66. मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम का विस्तार कहाँ तक है?

(a) जम्मू-कश्मीर को छोड़कर पूरे भारत में

(b) केवल उत्तर भारत में

(c) संपूर्ण भारत में

(d) केवल केंद्र शासित प्रदेशों में

67. राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष के रूप में किसकी नियुक्ति हो सकती है?

(a) केवल उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

(b) उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश या अन्य न्यायाधीश

(c) जिला जज

(d) सत्र न्यायाधीश

68. NHRC के खातों (Accounts) की ऑडिटिंग (संपरीक्षा) किसके द्वारा की जाती है?

(a) वित्त मंत्रालय

(b) भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (CAG)

(c) रिजर्व बैंक

(d) गृह मंत्रालय

69. 'प्रेम शंकर शुक्ला बनाम दिल्ली प्रशासन' (1980) वाद का मुख्य विषय क्या था?

(a) कैदियों को हथकड़ी लगाने के विरुद्ध अधिकार

(b) फोन टैपिंग

(c) शिक्षा का अधिकार

(d) निजता का अधिकार

उत्तरमाला

1.	(d)	**2.**	(b)	**3.**	(c)	**4.**	(b)	**5.**	(a)	**6.**	(b)	**7.**	(b)	**8.**	(b)	**9.**	(c)	**10.**	(b)
11.	(a)	**12.**	(b)	**13.**	(c)	**14.**	(a)	**15.**	(a)	**16.**	(b)	**17.**	(c)	**18.**	(b)	**19.**	(a)	**20.**	(d)
21.	(d)	**22.**	(c)	**23.**	(c)	**24.**	(b)	**25.**	(b)	**26.**	(c)	**27.**	(c)	**28.**	(b)	**29.**	(b)	**30.**	(b)
31.	(b)	**32.**	(c)	**33.**	(a)	**34.**	(b)	**35.**	(b)	**36.**	(a)	**37.**	(b)	**38.**	(b)	**39.**	(b)	**40.**	(b)
41.	(b)	**42.**	(b)	**43.**	(c)	**44.**	(a)	**45.**	(d)	**46.**	(a)	**47.**	(b)	**48.**	(c)	**49.**	(b)	**50.**	(c)
51.	(a)	**52.**	(c)	**53.**	(b)	**54.**	(b)	**55.**	(c)	**56.**	(a)	**57.**	(b)	**58.**	(b)	**59.**	(a)	**60.**	(a)
61.	(b)	**62.**	(c)	**63.**	(b)	**64.**	(b)	**65.**	(c)	**66.**	(c)	**67.**	(b)	**68.**	(b)	**69.**	(a)		

अध्ययन

10 प्रशासनिक व्यवस्था (Administrative System)

राजस्व परिचय एवं ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

1. राजस्व (Revenue) का अर्थ

राजस्व वह आय है जो सरकार अपने कार्यों को चलाने के लिए प्राप्त करती है।

- **बिक्री राजस्व (Sales Revenue):** जब किसी वस्तु (जैसे-अनाज, फसल) के बदले पैसा मिलता है।
- **सेवा राजस्व (Service Revenue):** जब किसी कौशल या सेवा (जैसे- वकील, डॉक्टर, सलाहकार) के बदले पैसा मिलता है।

2. राजस्व परिषद (Board of Revenue):

- **स्थापना:** वर्ष 1831 में।
- **स्थान:** इलाहाबाद (प्रयागराज)।
- **महत्त्व:** यह राज्य का सर्वोच्च राजस्व न्यायालय है।
- **संरचना:** इसे कार्य के आधार पर दो भागों में बांटा गया है:
  1. **प्रशासनिक शाखा:** इसमें 2 सदस्य होते हैं।
  2. **न्यायिक शाखा:** इसमें 7 सदस्य होते हैं।

उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006

- **लागू:** इसे राष्ट्रपति की मंजूरी 29 नवंबर, 2012 को मिली थी।
- संरचना (Structure):
  - कुल अध्याय: 16
  - कुल धाराएं: 234
  - कुल अनुसूचियां: 4
- **विस्तार:** इसका विस्तार संपूर्ण उत्तर प्रदेश में है।
- **उद्देश्य:** इसने पुराने पेचीदा कानूनों (जैसे जमींदारी विनाश अधिनियम) को समाप्त कर एक सरल कानून बनाया।

राजस्व प्रशासनिक ढांचा

जिले में शक्ति और पद का क्रम (सबसे बड़े से सबसे छोटा)

1. कलेक्टर/जिलाधिकारी *(District Magistrate)*

- जिले का सबसे बड़ा राजस्व अधिकारी।
- अंतिम निर्णय लेने की शक्ति।

2. अपर जिलाधिकारी *(ADM)*: कलेक्टर की सहायता के लिए।

3. उप-जिलाधिकारी *(SDM)*:

- इसे तहसील का प्रभावी अधिकारी कहा जाता है।
- जमीन के बंटवारे और विवादों में इनकी भूमिका अहम है।

4. तहसीलदार:

- **मुख्य कार्य:** राजस्व वसूली (Revenue Collection) और दाखिल-खारिज के मामले देखना।

5. नायब तहसीलदार:

- यह सबसे छोटा न्यायिक पद (Judicial Post) है। यहाँ से मुकदमों की शुरुआत होती है।

6. राजस्व निरीक्षक

- लेखपाल के कार्यों की निगरानी करना और खसरे की जाँच करना।

7. लेखपाल *(Lekhpal/Patwari)*

- सबसे निचला लेकिन सबसे महत्त्वपूर्ण पद।
- गाँव के खसरा, खतौनी, नक्शा और फसलों का रिकॉर्ड रखना।

प्रमुख शब्दावली

1. राजस्व वर्ष (फसली वर्ष)

- जैसे वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से शुरू होता है, वैसे ही खेती/राजस्व का साल 1 जुलाई से 30 जून तक होता है।

2. राजस्व घाटा (Revenue Deficit)

- **सूत्र:** कुल राजस्व व्यय - कुल राजस्व प्राप्तियां = घाटा
  अर्थात, जब सरकार की कमाई कम हो और खर्चा ज्यादा हो।

3. बाग भूमि (Grove Land)

- वह जमीन जहाँ इतने पेड़ लगे हों कि वहां दूसरी फसल न हो सके।
- **महत्त्वपूर्ण अपवाद:** पपीता, केला और अंगूर की खेती को 'बाग' नहीं माना जाता, इसे सामान्य फसल माना जाता है।

4. तोंगिया प्रणाली (Tongiya System)

- वनों में पेड़ लगाने के शुरुआती दौर में, पेड़ों की कतारों के बीच में खाली जगह पर फसल उगाने की तकनीक।

5. आबादी (Population)

- गाँव का वह हिस्सा जहाँ लोग घर बनाकर रहते हैं। इसका मालिकाना हक अलग तरीके से तय होता है।

6. धृति (Holding)

- वह भूमि जो किसी व्यक्ति के पास पट्टे या अधिकार के तहत हो।

महत्त्वपूर्ण दस्तावेज और समितियां

1. किसान बही (Kisan Bahi)

- इसे किसान की 'पासबुक' कहा जाता है।
- इसमें किसान के पास कितनी जमीन है, खेत का विवरण, उसका फोटो और पता दर्ज होता है।
- **इतिहास:** यूपी में यह योजना वर्ष 1992 में शुरू हुई थी।

2. खसरा और नक्शा

- धारा 30 के तहत कलेक्टर हर गाँव का नक्शा और खसरा रखवाता है।
- इसमें खेतों की सीमाओं (Boundaries) का विवरण होता है।

3. भूमि प्रबंधक समिति

- यह ग्राम पंचायत के अधीन कार्य करती है (प्रधान इसका अध्यक्ष होता है)।
- **कार्य:** गाँव के सार्वजनिक तालाब, पोखर, चरागाह और बंजर भूमि की देखरेख ।

महत्त्वपूर्ण धराएँ

- **धारा 7:** राजस्व परिषद की स्थापना और कार्य।
- **धारा 12:** कलेक्टर और अपर कलेक्टर की नियुक्ति।
- **धारा 13:** उप-जिलाधिकारी (SDM) और अपर उप जिलाधिकारी।
- **धारा 24:** सीमांकन (बाउंड्री नापना/पैमाइश)।
- **धारा 30:** नक्शा और खसरा का रखरखाव।
- **धारा 41:** किसान बही।
- **धारा 78:** आसामी (जमीन का अस्थायी मालिक/किरायेदार)।
- **धारा 206:** राजस्व न्यायालय और सिविल न्यायालय के अधिकार क्षेत्र का बंटवारा।

दंड, नियम और विविध तथ्य

1. बकाया वसूली और गिरफ्तारी:

- यदि कोई व्यक्ति भू-राजस्व (लगान) नहीं देता है और बकाया ₹500 से अधिक है, तो उसे गिरफ्तार कर 15 दिन तक हवालात में रखा जा सकता है।

2. आदेश की अवहेलना:

- तहसीलदार या SDM के समन/आदेश का पालन न करने पर ₹500 से ₹5,000 तक का जुर्माना लग सकता है।

3. SC/ST भूमि हस्तांतरण (Section 98)

- अनुसूचित जाति (SC) का व्यक्ति अपनी जमीन किसी गैर-SC (OBC/General) को तब तक नहीं बेच सकता जब तक कलेक्टर (DM) लिखित अनुमति न दे दें।

4. लगान माफी

- यदि किसी किसान के पास 1.26 हेक्टेयर (लगभग 3.12 एकड़) से कम कृषि भूमि है, तो उसे भू-राजस्व से छूट मिल सकती है।

5. सीबीडीटी (CBDT): प्रत्यक्ष कर बोर्ड के सदस्य IRS (भारतीय राजस्व सेवा) से चुने जाते हैं।

भूमि पैमाइश की इकाइयां

- 1 हेक्टेयर = 2.47 एकड़।
- 1 एकड़ = 4840 वर्ग गज = 1.6 बीघा (लगभग, मानक)।
- 1 पक्का बीघा = 20 बिस्वा = 3025 वर्ग गज (2529 वर्ग मीटर)।
- 1 बिस्वा = 20 बिस्वांसी।
- 1 लाठा/गट्ठा = 99 इंच (खेत नापने का डंडा)।

पुलिस और राजस्व विभाग का समन्वय (नए कानून BNSS के साथ)

1. अधिकार क्षेत्र

- **राजस्व विभाग:** जमीन का मालिक कौन है? या मेड़ कहाँ होनी चाहिए? यह तय करना केवल राजस्व अधिकारियों (SDM/तहसीलदार) का काम है।
- **पुलिस विभाग:** पुलिस का काम सिर्फ कानून व्यवस्था (Law-Order) बनाए रखना है।

2. विवाद होने पर पुलिस क्या करेगी? (BNSS धारा 164-पूर्व में CrPC 145):

- अगर दो पक्षों में जमीन को लेकर झगड़ा है और पुलिस को लगता है कि मारपीट या शांति भंग हो सकती है तो पुलिस भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धारा 164 के तहत अपनी रिपोर्ट SDM को भेजेगी।
- SDM उस जमीन को कुर्क कर सकता है या यथास्थिति का आदेश दे सकता है।

3. एफआईआर (FIR) कब होगी?

- सिर्फ जमीन विवाद पर FIR नहीं होती।
- FIR तब होगी जब:
  - जमीन पर कब्जा करते समय मारपीट हो।
  - फर्जी कागज बनाए गए हों (धोखाधड़ी)।

उत्तर प्रदेश की प्रमुख डिजिटल पहल

भूमि एवं राजस्व सुधार (Lands and Revenue Reforms)

- **यूपी भूलेख (UP Bhulekh)**
  - **वेबसाइट:** upbhulekh.gov.in
  - **उद्देश्य:** उत्तर प्रदेश के सभी जिलों की खतौनी (Rights of Record) का डिजिटलीकरण करना।
  - **उपयोग:** अब कोई भी व्यक्ति घर बैठे अपनी जमीन का विवरण (गाटा संख्या, खातेदार का नाम, क्षेत्रफल) देख सकता है।
  - **महत्त्वपूर्ण तथ्य:** जब थाने पर जमीन की लड़ाई आती है, तो सिपाही/दरोगा इसी पोर्टल पर चेक करते हैं कि असली मालिक कौन है?

स्वामित्व योजना (SVAMITVA Scheme)

- पूरा नाम: Survey of Villages and Mapping with Improvised Technology in Village Areas
- **कार्य:** इसमें ड्रोन (Drone) के जरिए गाँव की आबादी वाली जमीन की पैमाइश की जाती है और ग्रामीणों को 'घरौनी' दिया जाता है। यह केंद्र सरकार की योजना है जिसे यूपी राजस्व विभाग लागू कर रहा है।

राहत ऐप (Rahat App)

- **उद्देश्य:** जब बाढ़ या सूखा पड़ता है, तो किसानों को मुआवजा देने के लिए डीबीटी (Direct Benefit Transfer) के माध्यम से पैसा भेजने के लिए।
- किरायेदार सत्यापन (Tenant Verification)।

2. एंटी भू-माफिया पोर्टल *(Anti-Bhumafia Portal)*

- **लॉन्च:** योगी सरकार द्वारा अवैध कब्जों को हटाने के लिए।
- **कार्य:** यदि किसी दबंग ने सरकारी या निजी जमीन पर कब्जा किया है, तो इस पोर्टल पर शिकायत दर्ज होती है। इसकी निगरानी सीधे शासन (लखनऊ) से होती है।

त्रिनेत्र ऐप *(Trinetra App)*

- **क्या है:** यह पुलिसकर्मियों के लिए बनाया गया एक AI (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) संचालित डिजिटल प्लेटफॉर्म है।
- **कार्य:** इसमें 5 लाख से ज्यादा अपराधियों का डेटाबेस (फोटो, हिस्ट्री) है। पुलिसकर्मी किसी संदिग्ध की फोटो खींचते ही जान सकते हैं कि वह पुराना अपराधी है या नहीं।

112 इंडिया ऐप *(112 India App)*

- आपातकालीन सहायता (Emergency Response) के लिए, जिसमें पुलिस, फायर और एम्बुलेंस शामिल हैं। इसमें 'पैनिक बटन' की सुविधा है।

शिकायत निवारण और सामान्य प्रशासन

- जनसुनवाई पोर्टल
  - वेबसाइट: jansunwai.up.nic.in
- **महत्त्व:** यह यूपी का सबसे बड़ा शिकायत निवारण मंच है।
- **प्रक्रिया:** नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज करता है।
  - संबंधित अधिकारी (थानेदार/तहसीलदार) के पास जाती है।
  - तय समय में निस्तारण अनिवार्य है।

सीएम हेल्पलाइन 1076 *(CM Helpline 1076)*

- यह एक कॉल सेंटर है जहाँ कोई भी नागरिक कॉल करके शिकायत दर्ज करा सकता है। इसकी मॉनिटरिंग सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय (CM Office) से होती है।

ई-डिस्ट्रिक्ट *(e-District)*

- **कार्य:** जाति (Caste), आय (Income), और निवास (Domicile) प्रमाण पत्र इसी पोर्टल से बनते हैं।
- **पुलिस लिंक:** भर्ती के समय आपके दस्तावेजों का सत्यापन (Verification) पुलिस इसी पोर्टल के डेटा से करती है।

मानव संपदा पोर्टल *(Manav Sampada Portal)*

- **कार्य:** सभी सरकारी कर्मचारियों (पुलिस, शिक्षक, लेखपाल) की छुट्टी (Leave), ट्रांसफर और सैलरी का ब्यौरा यहाँ रहता है। आपकी पोस्टिंग होने के बाद आपकी 'छुट्टी' इसी पोर्टल से मंजूर होगी।

माइन मित्र *(Mine Mitra)*

- अवैध खनन (Illegal Mining) रोकने और खनन पट्टे की ऑनलाइन मंजूरी के लिए।

महत्त्वपूर्ण तथ्य:-

डिजिटल पहल	संबंध किससे है?	मुख्य उद्देश्य
UP Bhulekh	राजस्व विभाग	खतौनी/जमीन का रिकॉर्ड दे
UPCOP	पुलिस विभाग	ऑनलाइन FIR, चरित्र सत्यापित
IGRS (जनसुनवाई)	सामान्य प्रशासन	ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर
एम्बुलेंस (गर्भवती महिलाओं हेतु)	102	जननी सुरक्षा योजना / सरक अस्पताल ले जाने के लिए
एम्बुलेंस (आपातकालीन)	108	दुर्घटना या गंभीर बीमारी के (समाजवादी स्वास्थ्य सेवा)
ट्रैफिक पुलिस	103	जाम या यातायात समस्या

अभ्यास-प्रश्न

1. उत्तर प्रदेश राजस्व परिषद की स्थापना किस वर्ष हुई थी?
(a) 1850 (b) 1831
(c) 1901 (d) 1947

2. राजस्व परिषद का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
(a) लखनऊ (b) कानपुर
(c) प्रयागराज (इलाहाबाद) (d) आगरा

3. राजस्व परिषद के प्रशासनिक शाखा का मुख्यालय कहाँ है?
(a) प्रयागराज (b) लखनऊ
(c) मेरठ (d) वाराणसी

4. राजस्व परिषद के न्यायिक सदस्यों की संख्या कितनी होती है?
(a) 2 (b) 5
(c) 7 (d) 10

5. उत्तर प्रदेश का सर्वोच्च राजस्व न्यायालय कौन-सा है?
(a) हाई कोर्ट (b) जिला न्यायालय
(c) राजस्व परिषद (d) सुप्रीम कोर्ट

6. उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 को राष्ट्रपति की स्वीकृति कब मिली?
(a) 2006 में (b) 2012 में
(c) 2016 में (d) 2010 में

7. उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 में कुल कितने अध्याय हैं?
(a) 12 (b) 14
(c) 16 (d) 20

8. उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 में कुल कितनी धाराएं हैं?
(a) 230 (b) 234
(c) 250 (d) 200

9. उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 में कितनी अनुसूचियां हैं?
(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 5

10. 'राजस्व वर्ष' (फसली वर्ष) किस तारीख से शुरू होता है?
(a) 1 जनवरी (b) 1 अप्रैल
(c) 1 जुलाई (d) 1 अक्टूबर

11. फसली वर्ष कब समाप्त होता है?
(a) 31 दिसंबर (b) 31 मार्च
(c) 30 जून (d) 30 सितंबर

12. निम्नलिखित में से किसे 'बाग भूमि' (Grove Land) नहीं माना जाता है?
(a) आम का बगीचा (b) अमरूद का बगीचा
(c) पपीता और केला (d) जामुन का बगीचा

13. 'आबादी' का तात्पर्य किस भूमि से है?
(a) खेती योग्य भूमि
(b) निवासियों के आवास हेतु प्रयुक्त भूमि
(c) बंजर भूमि
(d) वन भूमि

14. तोंगिया प्रणाली (Tongiya System) का संबंध किससे है?
(a) मछली पालन (b) वन रोपण के साथ फसल उगाना
(c) रेशम कीट पालन (d) मुर्गी पालन

15. 'राजस्व घाटा' तब होता है जब-
(a) कुल आय व्यय से अधिक हो
(b) कुल व्यय आय से अधिक हो
(c) आय और व्यय बराबर हों
(d) इनमें से कोई नहीं

16. 'धृति' (Holding) का क्या अर्थ है?
(a) जमीन का नक्शा
(b) पट्टे या वचनबद्धता के तहत धारित भूमि
(c) तालाब की भूमि
(d) सरकारी भूमि

17. वह व्यक्ति जिसकी जीविका का मुख्य स्रोत कृषि मजदूरी है, क्या कहलाता है?
(a) आसामी (b) कृषि श्रमिक
(c) भूमिधर (d) जमींदार

18. जिले का सर्वोच्च राजस्व अधिकारी कौन होता है?
(a) पुलिस अधीक्षक (SP) (b) तहसीलदार
(c) उप-जिलाधिकारी (SDM) (d) कलेक्टर (DM)

19. तहसील का प्रभावी अधिकारी कौन होता है?
(a) कानूनगो (b) तहसीलदार
(c) उप-जिलाधिकारी (SDM) (d) लेखपाल

20. राजस्व विभाग में सबसे छोटा न्यायिक पद कौन-सा है?
(a) तहसीलदार (b) नायब तहसीलदार
(c) कानूनगो (d) अमीन

21. लेखपाल के कार्यों का निरीक्षण कौन करता है?
(a) तहसीलदार (b) राजस्व निरीक्षक (कानूनगो)
(c) ग्राम प्रधान (d) वीडियो

22. खसरा और खतौनी तैयार करने की जिम्मेदारी किसकी होती है?
(a) अमीन (b) लेखपाल
(c) पेशकार (d) नाजिर

23. राजस्व वसूली (Revenue Collection) का मुख्य कार्य किसका है?
(a) नायब तहसीलदार (b) अमीन (संग्रह अमीन)
(c) कानूनगो (d) एसडीएम

24. राजस्व परिषद की स्थापना का उल्लेख किस धारा में है?
(a) धारा 5 (b) धारा 7
(c) धारा 10 (d) धारा 15

25. कलेक्टर की नियुक्ति किस धारा के तहत होती है?

(a) धारा 11 (b) धारा 12
(c) धारा 13 (d) धारा 14

26. उप-जिलाधिकारी (SDM) का उल्लेख किस धारा में है?
(a) धारा 12 (b) धारा 13
(c) धारा 15 (d) धारा 18

27. लेखपाल की नियुक्ति किस धारा के अंतर्गत आती है?
(a) धारा 15 (b) धारा 16
(c) धारा 23 (d) धारा 30

28. सीमांकन (Boundary Measurement) से संबंधित धारा कौन-सी है?
(a) धारा 20 (b) धारा 24
(c) धारा 33 (d) धारा 41

29. नक्शा और खसरा के रखरखाव का उल्लेख किस धारा में है?
(a) धारा 28 (b) धारा 30
(c) धारा 32 (d) धारा 35

30. किसान बही का उल्लेख किस धारा में है?
(a) धारा 31 (b) धारा 41
(c) धारा 51 (d) धारा 61

31. अनुसूचित जाति (SC) द्वारा भूमि अंतरण पर प्रतिबंध किस धारा में है?
(a) धारा 90 (b) धारा 95
(c) धारा 98 (d) धारा 100

32. राजस्व न्यायालय और सिविल न्यायालय के क्षेत्राधिकार का विभाजन किस धारा में है?
(a) धारा 200 (b) धारा 206
(c) धारा 210 (d) धारा 220

33. उत्तर प्रदेश में 'किसान बहीं' योजना कब शुरू हुई?
(a) 1990 (b) 1992
(c) 1995 (d) 2000

34. किसान बही को और किस नाम से जाना जाता है?
(a) किसान पासबुक (b) किसान डायरी
(c) जोत बही (d) उपरोक्त सभी

35. गाँव के तालाबों और पोखरों का प्रबंधन कौन करता है?
(a) जिला पंचायत (b) भूमि प्रबंधन समिति
(c) क्षेत्र पंचायत (d) सिंचाई विभाग

36. भूमि प्रबंधन समिति का अध्यक्ष कौन होता है?
(a) लेखपाल (b) ग्राम प्रधान
(c) सचिव (d) कानूनगो

37. 0.5 एकड़ से बड़े तालाब को पट्टे पर देने के लिए किसकी अनुमति आवश्यक है?
(a) तहसीलदार (b) उप-जिलाधिकारी
(c) डीएम (d) ग्राम प्रधान

38. गाँव का नक्शा (Map) कौन सुरक्षित रखता है?
(a) प्रधान (b) सेक्रेटरी
(c) लेखपाल (d) पुलिस

39. खतौनी में कुल कितने खाने (Columns) होते हैं?
(a) 10 (b) 12
(c) 13 (d) 15

40. खसरा में कुल कितने खाने (Columns) होते हैं (परंपरागत रूप से)?
(a) 20 (b) 21
(c) 22 (d) 46

41. तहसीलदार या एसडीएम के समन की अवहेलना करने पर अधिकतम जुर्माना कितना है?
(a) ₹500 (b) ₹1,000
(c) ₹2,000 (d) ₹5,000

42. भू-राजस्व बकाया होने पर गिरफ्तारी के लिए न्यूनतम बकाया राशि कितनी होनी चाहिए?
(a) ₹100 (b) ₹200
(c) ₹500 (d) ₹1000

43. गिरफ्तारी के बाद बकायेदार को अधिकतम कितने दिनों तक हवालात में रखा जा सकता है?
(a) 7 दिन (b) 10 दिन
(c) 15 दिन (d) 30 दिन

44. कितने हेक्टेयर से कम भूमि वाले किसान को भू-राजस्व से छूट प्राप्त है?
(a) 1.00 हेक्टेयर (b) 1.26 हेक्टेयर
(c) 2.00 हेक्टेयर (d) 1.50 हेक्टेयर

45. 1.26 हेक्टेयर लगभग कितने एकड़ के बराबर होता है?
(a) 2 एकड़ (b) 2.5 एकड़
(c) 3.12 एकड़ (d) 4 एकड़

46. 1 एकड़ में कितने वर्ग गज होते हैं?
(a) 3025 (b) 4840
(c) 5000 (d) 10000

47. 1 पक्का बीघा कितने बिस्वा के बराबर होता है?
(a) 10 बिस्वा (b) 15 बिस्वा
(c) 20 बिस्वा (d) 25 बिस्वा

48. 1 पक्का बीघा में कितने वर्ग गज होते हैं?
(a) 2500 (b) 3025
(c) 4000 (d) 4840

49. 1 हेक्टेयर में कितने एकड़ होते हैं?
(a) 2.00 (b) 2.47
(c) 3.95 (d) 4.10

50. खेत नापने के लिए प्रयुक्त 'लाठा' या 'गट्ठा' की लंबाई कितनी होती है?
(a) 90 इंच (b) 95 इंच
(c) 99 इंच (d) 100 इंच

51. 1 बिस्वा में कितने बिस्वांसी होते हैं?
(a) 10 (b) 20
(c) 30 (d) 40

52. जमीन के मालिकाना हक का निर्णय कौन-सा विभाग करता है?
(a) पुलिस विभाग (b) राजस्व विभाग
(c) विकास विभाग (d) पंचायत विभाग

53. शांति भंग की आशंका होने पर पुलिस किस धारा के तहत रिपोर्ट भेजती है (नई संहिता BNSS)?
(a) धारा 145 (b) धारा 151
(c) धारा 164 (d) धारा 170

54. पुरानी CrPC की धारा 145 अब BNSS में कौन-सी धारा बन गई है?
(a) धारा 160 (b) धारा 162
(c) धारा 164 (d) धारा 166

55. विवादित संपत्ति को कुर्क करने का अधिकार BNS की किस धारा में है?
(a) धारा 164 (b) धारा 165
(c) धारा 166 (d) धारा 167

56. BNSS धारा 164 के तहत आदेश कौन पारित करता है?
(a) एसएचओ (b) सीओ
(c) एसडीएम (d) जिला जज

57. संज्ञेय अपराध (Cognizable Offence) की सूचना किस रूप में दर्ज होती है?
(a) NCR (b) FIR
(c) Application (d) Complaint

58. असंज्ञेय अपराध (Non-Cognizable Offence) की रिपोर्ट क्या कहलाती है?
(a) FIR (b) Zero FIR
(c) NCR (d) GD

59. उत्तर प्रदेश में जमीन का रिकॉर्ड (खतौनी) देखने के लिए कौन-सा पोर्टल है?
(a) भूलेख (b) भूमि जानकारी
(c) किसान सेवा (d) अपना खाता

60. यूपी पुलिस का आधिकारिक नागरिक ऐप कौन-सा है?
(a) UP Police Mitra (b) UPCOP
(c) Rakshak (d) Seva Setu

61. 'जनसुनवाई' पोर्टल का तकनीकी नाम क्या है?
(a) CCTNS (b) IGRS
(c) NIC (d) SWAN

62. IGRS का पूर्ण रूप क्या है?
(a) Indian Grievance Redressal System
(b) Integrated Grievance Redressal System
(c) Internal Grievance Resolve System
(d) Indian Government Revenue System

63. यूपी में 'एंटी भू-माफिया पोर्टल' किस उद्देश्य से शुरू किया गया?
(a) जमीन खरीदने के लिए (b) अवैध कब्जे हटाने के लिए
(c) लोन देने के लिए (d) खाद वितरण के लिए

64. 'त्रिनेत्र' (Trinetra) ऐप का उपयोग पुलिस किस लिए करती है?
(a) ट्रैफिक चालान के लिए
(b) पासपोर्ट वेरिफिकेशन के लिए
(c) अपराधियों की पहचान (AI) के लिए
(d) छुट्टी लेने के लिए

65. मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर क्या है?
(a) 1090 (b) 1076
(c) 1098 (d) 112

66. आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (ERSS) का नंबर क्या है?
(a) 100 (b) 101
(c) 108 (d) 112

67. 'स्वामित्व योजना' का संबंध किससे है?
(a) कृषि ऋण से
(b) आबादी भूमि के मालिकाना हक (घरौनी) से
(c) सिंचाई से
(d) फसल बीमा से

68. 'मानव संपदा' पोर्टल का उपयोग किसके लिए होता है?
(a) अपराधियों का डेटा रखने
(b) सरकारी कर्मचारियों की छुट्टी और ट्रांसफर
(c) जमीन का रिकॉर्ड
(d) पेंशन वितरण

69. ई-डिस्ट्रिक्ट (e-District) पोर्टल से कौन-सा प्रमाण पत्र बनता है?
(a) जाति प्रमाण पत्र (b) आय प्रमाण पत्र
(c) निवास प्रमाण पत्र (d) उपरोक्त सभी

70. FIR का पूर्ण रूप क्या है?
(a) First Investigation Report
(b) First Information Report
(c) Final Information Report
(d) First Incident Record

71. GD का पुलिस शब्दावली में क्या अर्थ है?
(a) General Duty (b) General Diary
(c) Ground Duty (d) General Director

72. CCTNS का पूर्ण रूप क्या है?
(a) Crime and Criminal Tracking Network & Systems
(b) Crime Control and Tracking Network System
(c) Central Crime Tracking Network System
(d) Criminal Control and Tracking National System

73. BNS का पूर्ण रूप क्या है (नया कानून)?
(a) Bharatiya Nyaya Sanhita
(b) Bharatiya Nagarik Sanhita
(c) Bharatiya Niyam Sanhita
(d) Bharatiya Nyaya Suraksh

74. BNSS का पूर्ण रूप क्या है?

(a) Bharatiya Nyaya Suraksha Sanhita
(b) Bharatiya Nagarik Suraksha Sanhita
(c) Bharatiya Nagarik Suraksha Society
(d) Bharatiya Nyaya Shastra Sanhita

75. SHO का पूर्ण रूप क्या है?
(a) Station Head Officer (b) Station House Officer
(c) Senior House Officer (d) Senior Head Officer

76. CO (पुलिस) का पूर्ण रूप क्या है?
(a) Circle Officer (b) Chief Officer
(c) Crime Officer (d) Central Officer

77. SDM का पूर्ण रूप क्या है?
(a) State District Magistrate
(b) Senior District Magistrate
(c) Sub-Divisional Magistrate
(d) Sub-District Manager

78. 'थाना दिवस' कब आयोजित होता है?
(a) महीने के पहले और तीसरे शनिवार को
(b) महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को
(c) प्रत्येक सोमवार को
(d) प्रत्येक रविवार को

79. 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' तहसील पर कब लगता है?
(a) महीने के पहले और तीसरे शनिवार को
(b) महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को
(c) महीने के अंतिम दिन
(d) प्रत्येक मंगलवार को

उत्तरमाला

1.	(b)	**2.**	(c)	**3.**	(b)	**4.**	(c)	**5.**	(c)	**6.**	(b)	**7.**	(c)	**8.**	(b)	**9.**	(c)	**10.**	(c)
11.	(c)	**12.**	(c)	**13.**	(b)	**14.**	(b)	**15.**	(b)	**16.**	(b)	**17.**	(b)	**18.**	(d)	**19.**	(c)	**20.**	(b)
21.	(b)	**22.**	(b)	**23.**	(b)	**24.**	(b)	**25.**	(b)	**26.**	(b)	**27.**	(b)	**28.**	(b)	**29.**	(b)	**30.**	(b)
31.	(c)	**32.**	(b)	**33.**	(b)	**34.**	(a)	**35.**	(b)	**36.**	(b)	**37.**	(b)	**38.**	(c)	**39.**	(c)	**40.**	(c)
41.	(d)	**42.**	(c)	**43.**	(c)	**44.**	(b)	**45.**	(c)	**46.**	(b)	**47.**	(c)	**48.**	(b)	**49.**	(b)	**50.**	(c)
51.	(b)	**52.**	(b)	**53.**	(c)	**54.**	(c)	**55.**	(b)	**56.**	(c)	**57.**	(b)	**58.**	(c)	**59.**	(a)	**60.**	(b)
61.	(b)	**62.**	(b)	**63.**	(b)	**64.**	(c)	**65.**	(b)	**66.**	(d)	**67.**	(b)	**68.**	(b)	**69.**	(d)	**70.**	(b)
71.	(b)	**72.**	(a)	**73.**	(a)	**74.**	(b)	**75.**	(b)	**76.**	(a)	**77.**	(c)	**78.**	(b)	**79.**	(a)		

अध्ययन

11 स्वास्थ्य एवं पोषण विज्ञान (Health & Nutrition Science)

1. परिचय (Introduction)

- WHO (विश्व स्वास्थ्य संगठन) के अनुसार स्वास्थ्य की परिभाषा: स्वास्थ्य केवल बीमारी की अनुपस्थिति नहीं है, बल्कि यह पूर्ण शारीरिक, मानसिक और सामाजिक भलाई (Well-being) की स्थिति है।
- **केंद्रीय स्वास्थ्य सूचना ब्यूरो:** इसकी स्थापना 1961 ई. में हुई। यह 'राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रोफाइल रिपोर्ट' तैयार करता है।

2. विटामिन और पोषण (Vitamins and Nutrition)

विटामिन को घुलनशीलता के आधार पर दो भागों में बांटा गया है:

1. जल में घुलनशील: विटामिन B और C
2. वसा (Fat) में घुलनशील: विटामिन A, D, E, K

नोट:- (ट्रिक: KEDA)

प्रमुख विटामिन, रासायनिक नाम और कमी से होने वाले रोग:

विटामिन	रासायनिक नाम	कमी से होने वाले रोग/मुख्य तथ्य
Vit A	रेटिनॉल	रतौंधी (Night Blindness), जीरोफथैल्मिया
Vit B_1	थायमिन	बेरी-बेरी (Beri-Beri)
Vit B_2	राइबोफ्लेविन	त्वचा और होंठों का फटना
Vit B_3	नियासिन	पेलाग्रा (त्वचा पर दाद/पपड़ी)
Vit B_5	पैंटोथेनिक अम्ल	बाल सफेद होना।
Vit B_7	बायोटिन	बाल झड़ना, लकवा (अंडे के सफेद भाग में 'एविडिन' होता है B7 को रोकता है)
Vit B_9	फोलिक एसिड	स्पाइना बिफिडा (जन्म दोष)
Vit B_{12}	सायनोकोबलामिन	एनीमिया (खून की कमी)। इसमें कोबाल्ट धातु पाई जाती है।
Vit C	एस्कर्बिक एसिड	स्कर्वी (मसूड़ों से खून आना)
Vit D	कैल्सिफेरॉल	रिकेट्स (सूखा रोग) - हड्डियां कमजोर होना
Vit E	टोकोफेरॉल	जनन शक्ति में कमी (बांझपन)
Vit K	फिलोक्विनोन	रक्त का थक्का न जमना

महत्त्वपूर्ण पोषण तथ्य

- **आयरन (लोहा):** हरी पत्तेदार सब्जियों (पालक, बथुआ) में मिलता है। इसकी कमी से एनीमिया होता है।
- **आँत (Intestine):** बड़ी आँत अपचित भोजन से जल और लवणों को अवशोषित करती है।

3. मानव रोग (Human Diseases)

जीवाणु (Bacteria) जनित रोग

बीमारी (रोग)	प्रभावित अंग	जीवाणु का नाम
टिटनेस/धनुष्टंकार	तंत्रिका तंत्र	क्लॉस्ट्रीडियम टेटानी
हैजा	आँत	विब्रियो कोलेरा
डिफ्थीरिया	श्वास नली	कोरीनेबैक्टीरियम डिफ्थीरिया
क्षय रोग/तपेदिक/राजयक्ष्मा	फेफड़े	माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस
कोढ़	तंत्रिका तंत्र/त्वचा	माइकोबैक्टीरियम लैप्रोसी
टायफॉइड	आँत	साल्मोनेला टायफी
प्लेग	फेफड़े	पाश्चुरेला पेस्टिस
काली खांसी	श्वसन तंत्र	हिमोफिलस परटूसिस
निमोनिया	फेफड़े	डिप्लोकोकस न्यूमोनी
गोनोरिया	मूत्र मार्ग	नीसेरिया गोनोरिया
सिफलिस	शिश्न	ट्रैपोनेमा पैलिडम
ट्रैकोमा	आँख	क्लैमाइडिया ट्रैकोमैटिस

विषाणु (Virus) जनित रोग

बीमारी (रोग)	प्रभावित अंग	विषाणु का नाम
एड्स	प्रतिरक्षा प्रणाली (WBC)	HIV वायरस
डेंगू ज्वर	सम्पूर्ण शरीर खास कर सिर, आँख, जोड़	एडीज एजिप्टी वायरस
पोलियो	गला, नाड़ी संस्थान	पोलियोमाइलाइटिस वायरस
इन्फ्लूएंजा	सम्पूर्ण शरीर	इन्फ्लुएन्जी वायरस
चेचक	सम्पूर्ण शरीर	वैरिऔला वायरस (रूबीयोला विषाणु)
छोटी माता	सम्पूर्ण शरीर	वैरिसेला वायरस
खसरा	सम्पूर्ण शरीर	मोर्बिली वायरस
रेबीज	तंत्रिका तंत्र, मस्तिष्क	रैबडो वायरस
कोविड - 19	गला, फेफड़ा	SARC – Cov – 2

पीत ज्वर	हृदय, यकृत, गुर्दा	एडीज एजिप्टी
चिकनगुनिया	जोड़ों में तीव्र दर्द, त्वचा पर लाल चकत्ते	एडीज एजिप्टी मच्छर
जापानी इन्सेफेलाइटिस	मस्तिष्क, रीढ की हड्डी	अरबो वायरस (क्यूलेक्स मच्छर)
स्वाइन फ्लू	तेज ज्वर, उल्टी, दस्त	H1N1
गलसुआ	लार गन्थियाँ	मम्पस वायरस

कवक (Fungal) जनित रोग

बीमारी (रोग)	प्रभावित अंग	कवक का नाम
दमा	फेफड़े	ऐस्पर्जिलस फ्यूमिगेट्स
एथलीट फुट	त्वचा	टीनिया पेडिस
खाज	त्वचा	एकेरस स्केबीज
गंजापन	बाल	टिनिया कैपिटिस
दाद	त्वचा	ट्राइकोफायटान लेरूकोसम

प्रोटोजोआ (Protozoa) जनित रोग

प्रोटोजोआ रोग	प्रभावित अंग	प्रोटोजोआ का नाम
मलेरिया	तिल्ली एवं RBC	प्लाज्मोडियम परजीवी
पायरिया	मसूड़े, दाँत	जिन्जिवेलिस
सोने की बीमारी (निद्रा रोग)	मस्तिष्क	ट्रिपेनोसोमा परजीवी
पेचिस	आँत	एन्टअमीबा हिस्टोलिटिका
कालाजार	अस्थि मज्जा	लीशमैनिया डोनावानी

अन्य महत्त्वपूर्ण रोग व तथ्य

- **मिनीमाता रोग:** जल में पारा (Mercury) के प्रदूषण से।
- **गुर्दे की पथरी (Kidney Stone):** यह कैल्शियम ऑक्सालेट के कारण बनती है।
- **एथलीट फुट:** कवक (Fungus) – ट्राइकोफाइटन से होता है।
- **कैंसर:** शरीर में ऊतकों (Tissues) की अनियंत्रित वृद्धि।
- **आनुवंशिक रोग:**
  - **वर्णांधता (Color Blindness):** लाल और हरे रंग में भेद न कर पाना।
  - **टर्नर सिंड्रोम:** महिलाओं में जनन अंग अविकसित रहना।
  - **क्लाइनफेल्टर सिंड्रोम:** पुरुषों में महिलाओं जैसे लक्षण (जैसे स्तनों का विकास)।

4. राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (NFHS-5) के आँकड़े

- **भारत की कुल प्रजनन दर (TFR):** 2.0 हो गई है। (पहले 2.2 थी)।
- **सर्वाधिक प्रजनन दर:** बिहार।
- **न्यूनतम प्रजनन दर:** सिक्किम और अंडमान निकोबार।
- **घरेलू हिंसा:** कर्नाटक में सबसे ज्यादा, लक्षद्वीप में सबसे कम।

5. महत्त्वपूर्ण चिकित्सा उपकरण और जाँच (Important Medical Tests & Instruments)

जाँच/उपकरण (Test/Tool)	संबंधित रोग/अंग (Related Disease/Organ)
एलिसा (ELISA) टेस्ट	एड्स (AIDS/HIV) की जाँच
विडाल (Widal) टेस्ट	टाइफाइड (Typhoid)
मैनटूक्स (Mantoux) टेस्ट	टीबी (Tuberculosis)
ई.सी.जी. (ECG)	हृदय (Heart) की गति मापने के लिए
ई.ई.जी. (EEG)	मस्तिष्क (Brain) की गतिविधियों के लिए
डायलिसिस (Dialysis)	गुर्दे (Kidney) खराब होने पर रक्त शोधन के लिए
पेस मेकर (Pacemaker)	हृदय की धड़कन को नियंत्रित करने के लिए
सीटी स्कैन (CT Scan)	पूरे शरीर की आंतरिक जांच के लिए

6. मानव शरीर: एक नज़र में (Human Body Facts-One Liners)

- **मानव शरीर की सबसे बड़ी हड्डी:** फीमर (जांघ की हड्डी)
- **मानव शरीर की सबसे छोटी हड्डी:** स्टेपीज (कान की हड्डी)
- **सबसे बड़ी ग्रंथि (Gland):** यकृत (Liver)
- **मास्टर ग्रंथि (Master Gland):** 'पीयूष ग्रंथि' '(Pituitary Gland)' यह मस्तिष्क में होती है।
- **शरीर का सामान्य तापमान:** 37°C या 98.6°F तक।
- **सामान्य रक्तचाप (Blood Pressure):** 120/80 mmHg
- **सर्वदाता रक्त समूह (Universal Donor):** O Negative (O^-)
- **सर्वग्राही रक्त समूह (Universal Receiver):** AB Positive (AB^+)
- **रक्त का pH मान:** 7.4 (यह क्षारीय होता है)
- **लार (Saliva) में पाया जाने वाला एंजाइम:** टाइलिन (Tylin)– भोजन पचाने में मदद करता है।

7. प्रमुख टीके और आविष्कार (Important Vaccines and Inventions)

टीका/आविष्कार	वैज्ञानिक/खोजकर्ता
चेचक का टीका (Smallpox Vaccine)	एडवर्ड जेनर (Edward Jenner)

रेबीज का टीका	लुई पाश्चर
पोलियो वैक्सीन (Polio Drops)	अल्बर्ट साबिन
पेनिसिलिन (एंटीबायोटिक)	अलेक्जेंडर फ्लेमिंग
रक्त समूह (Blood Group)	कार्ल लैंडस्टीनर
डीएनए (DNA) डबल हेलिक्स मॉडल	वॉटसन और फांसिस क्रिक

विज्ञान की प्रमुख शाखाएँ-

- **हेमेटोलॉजी (Hematology):** रक्त (Blood) का अध्ययन।
- **ऑन्कोलॉजी (Oncology):** कैंसर का अध्ययन।
- **वायरोलॉजी (Virology):** विषाणु (Virus) का अध्ययन।
- **साइटोलॉजी (Cytology):** कोशिका (Cell) का अध्ययन।
- **पोमोलॉजी (Pomology):** फलों का अध्ययन।

अभ्यास-प्रश्न

1. विटामिन B12 का रासायनिक नाम क्या है?
(a) रेटिनॉल (b) थायमिन
(c) साइनोकोबलामिन (d) राइबोफ्लेविन

2. किस विटामिन की कमी से 'रतौंधी' (Night Blindness) रोग होता है?
(a) विटामिन A (b) विटामिन B
(c) विटामिन C (d) विटामिन D

3. निम्नलिखित में से कौन-सा विटामिन जल में घुलनशील है?
(a) विटामिन A (b) विटामिन D
(c) विटामिन K (d) विटामिन C

4. 'रिकेट्स' (सूखा रोग) किस विटामिन की कमी के कारण होता है?
(a) विटामिन E (b) विटामिन D
(c) विटामिन A (d) विटामिन B12

5. रक्त का थक्का (Blood Clotting) जमने में कौन-सा विटामिन सहायक है?
(a) विटामिन K (b) विटामिन E
(c) विटामिन A (d) विटामिन C

6. 'कोबाल्ट' (Cobalt) धातु किस विटामिन में पाई जाती है?
(a) B1 (b) B2
(c) B6 (d) B12

7. विटामिन C का सबसे अच्छा स्रोत (खट्टे फल) कौन-सा है और इसका रासायनिक नाम क्या है?
(a) रेटिनॉल (b) एस्कर्बिक एसिड
(c) कैल्सिफेरॉल (d) टोकोफेरॉल

8. किस विटामिन को 'सौंदर्य विटामिन' या जनन क्षमता (Fertility) के लिए जिम्मेदार माना जाता है?
(a) विटामिन E (b) विटामिन K
(c) विटामिन A (d) विटामिन D

9. बेरी-बेरी (Beri-Beri) रोग किस विटामिन की कमी से होता है?
(a) B1 (थायमिन) (b) B2 (राइबोफ्लेविन)
(c) B3 (नियासिन) (d) B12

10. 'पेलाग्रा' (Pellagra) रोग किस विटामिन की कमी से होता है?
(a) B5 (b) B3 (नियासिन)
(c) B7 (d) B9

11. अंडे के सफेद भाग में मौजूद 'एविडिन' किस विटामिन के अवशोषण को रोकता है?
(a) B1 (b) B3
(c) B7 (d) B12

12. एनीमिया (रक्त की कमी) मुख्य रूप से किस खनिज की कमी से होता है?
(a) कैल्शियम (b) आयोडीन
(c) आयरन (लोहा) (d) फास्फोरस

13. गुर्दे की पथरी (Kidney Stone) रासायनिक रूप से क्या होती है?
(a) कैल्शियम कार्बोनेट (b) कैल्शियम ऑक्सालेट
(c) सोडियम क्लोराइड (d) यूरिक एसिड

14. 'मिनामातू' (Minamata) रोग किसके प्रदूषण के कारण होता है?
(a) सीसा (b) आर्सेनिक
(c) पारा (d) कैडमियम

15. टाइफाइड की जांच के लिए कौन-सा परीक्षण किया जाता है?
(a) एलिसा टेस्ट (b) विडाल टेस्ट
(c) ईसीजी (d) मैनटूक्स

16. 'एलिसा' (ELISA) टेस्ट किस बीमारी की पहचान के लिए होता है?
(a) कैंसर (b) टीबी
(c) एड्स (AIDS) (d) मलेरिया

17. टीबी (क्षय रोग) के लिए कौन-सा टेस्ट किया जाता है?
(a) मंटौक्स (b) विडाल
(c) बायोप्सी (d) एलिसा

18. 'हड्डी तोड बुखार' (Breakbone Fever) किसे कहा जाता है?
(a) मलेरिया (b) डेंगू
(c) टाइफाइड (d) स्वाइन फ्लू

19. डेंगू बुखार किस मच्छर के काटने से फैलता है?

(a) एनाफिलीज (b) क्यूलेक्स
(c) एडीज एजिप्टी (d) सीसी मक्खी

20. मलेरिया रोग शरीर के किस अंग को प्रभावित करता है?
(a) फेफड़े (b) यकृत
(c) प्लीहा और RBC (d) आँत

21. 'निद्रा रोग' (Sleeping Sickness) किस मक्खी द्वारा फैलता है?
(a) घरेलू मक्खी (b) सीसी मक्खी
(c) सैंड फ्लाई (d) फल मक्खी

22. कालाजार (Kala-azar) रोग का वाहक कौन है?
(a) बालू मक्खी (Sand Fly) (b) सीसी मक्खी
(c) मच्छर (d) जूं

23. पायरिया (Pyorrhea) रोग किस अंग से संबंधित है?
(a) पेट (b) आंख
(c) मसूड़े (d) कान

24. 'लॉकजॉ' (Lockjaw) किस बीमारी का दूसरा नाम है?
(a) पोलियो (b) टिटनेस
(c) रेबीज (d) हैजा

25. कुत्ते के काटने से होने वाला 'रेबीज' या 'हाइड्रोफोबिया' किस वायरस से होता है?
(a) राबडो वायरस (b) एचआईवी
(c) कोरोना (d) इन्फ्लूएंजा

26. प्लेग (Plague) रोग किसके द्वारा फैलता है?
(a) मच्छर (b) पिस्सू/चूहे
(c) सुअर (d) चमगादड़

27. निपाह वायरस (Nipah Virus) का वाहक कौन है?
(a) सुअर (b) चमगादड़
(c) मुर्गी (d) कुत्ता

28. 'गलसुआ' (Mumps) रोग शरीर के किस हिस्से में सूजन लाता है?
(a) पैर (b) हाथ
(c) पैरोटिड ग्रंथि (गला) (d) आंख

29. एथलीट फुट (Athlete's Foot) रोग किसके कारण होता है?
(a) जीवाणु (b) विषाणु
(c) कवक (d) प्रोटोजोआ

30. मानव शरीर की सबसे बड़ी ग्रंथि (Gland) कौन सी है?
(a) अग्न्याशय (b) यकृत
(c) थायराइड (d) पीयूष ग्रंथि

31. मानव शरीर की 'मास्टर ग्रंथि' किसे कहते हैं?
(a) एड्रिनल (b) थायराइड
(c) पीयूष ग्रंथि (d) थाइमस

32. शरीर की सबसे लंबी हड्डी कौन सी है?
(a) टिबिया (b) ह्यूमरस
(c) फीमर (d) स्टर्नम

33. शरीर की सबसे छोटी हड्डी 'स्टेपीज' कहां पाई जाती है?
(a) नाक (b) कान
(c) अंगुली (d) गर्दन

34. सर्वदाता (Universal Donor) रक्त समूह कौन-सा है?
(a) O^+ (b) O^-
(c) AB^+ (d) A^-

35. सर्वग्राही (Universal Receptor) रक्त समूह कौन-सा है?
(a) AB^+ (b) AB^-
(c) O^+ (d) B^+

36. मानव रक्त का pH मान कितना होता है?
(a) 6.4 (b) 7.0
(c) 7.4 (d) 8.2

37. एक स्वस्थ मनुष्य का सामान्य रक्तचाप (Blood Pressure) कितना होता है?
(a) 100/60 mmHg (b) 120/80 mmHg
(c) 140/90 mmHg (d) 80/120 mmHg

38. लार में कौन-सा एंजाइम पाया जाता है जो पाचन में मदद करता है?
(a) पेप्सिन (b) रेनिन
(c) टाइलिन (d) लाइपेज

39. वर्णांधता (Color Blindness) में व्यक्ति किन रंगों में अंतर नहीं कर पाता?
(a) काला और सफेद (b) लाल और हरा
(c) नीला और पीला (d) हरा और नीला

40. 'टर्नर सिंड्रोम' (Turner Syndrome) किसमें पाया जाता है?
(a) केवल पुरुषों में (b) केवल महिलाओं में
(c) दोनों में (d) जानवरों में

41. पुरुषों में महिलाओं जैसे लक्षण (जैसे स्तनों का विकास) किस सिंड्रोम का उदाहरण है?
(a) डाउन सिंड्रोम (b) क्लाइनफेल्टर सिंड्रोम
(c) टर्नर सिंड्रोम (d) पटाऊ सिंड्रोम

42. कैंसर क्या है?
(a) घाव का भरना
(b) कोशिकाओं (ज्पेनमे) की अनियंत्रित वृद्धि
(c) खून की कमी
(d) हड्डियों का गलना

43. NFHS-5 के अनुसार भारत की कुल प्रजनन दर (TFR) कितनी है?
(a) 2.2 (b) 2.1
(c) 2.0 (d) 1.8

44. भारत में सर्वाधिक प्रजनन दर किस राज्य की है?
(a) उत्तर प्रदेश (b) बिहार
(c) मेघालय (d) मध्य प्रदेश

45. NFHS-5 के अनुसार सबसे कम प्रजनन दर कहां है?
(a) सिक्किम व अंडमान निकोबार (b) केरल
(c) गोवा (d) दिल्ली

46. घरेलू हिंसा के मामले में कौन-सा राज्य शीर्ष पर है (NFHS-5)?
(a) बिहार (b) कर्नाटक
(c) तेलंगाना (d) उत्तर प्रदेश

47. चेचक (Smallpox) के टीके की खोज किसने की थी?
(a) लुई पाश्चर (b) एडवर्ड जेनर
(c) अलेक्जेंडर फ्लेमिंग (d) रॉबर्ट कोच

48. पेनिसिलिन (प्रथम एंटीबायोटिक) की खोज किसने की?

(a) अलेक्जेंडर फ्लेमिंग (b) वाटसन और क्रिक
(c) खुराना (d) डार्विन

49. रक्त समूह (Blood Group) की खोज किसने की थी?
(a) विलियम हार्वे (b) कार्ल लैंडस्टीनर
(c) मेंडल (d) पाश्चर

50. हृदय (Heart) की गतिविधियों को दर्ज करने के लिए किस उपकरण का प्रयोग होता है?
(a) EEG (b) ECG
(c) MRI (d) CT Scan

51. मस्तिष्क (Brain) की कार्यप्रणाली जाँचने के लिए किसका प्रयोग होता है?
(a) ECG (b) EEG
(c) डायलिसिस (d) पेसमेकर

52. गुर्दे (Kidney) खराब होने पर रक्त को साफ करने की प्रक्रिया क्या कहलाती है?
(a) डायलिसिस (b) ट्रांसप्लांट
(c) पेसमेकर (d) बाईपास

53. हृदय की धड़कन को नियंत्रित करने वाला उपकरण कौन-सा है?
(a) पेसमेकर (b) स्टेंट
(c) वाल्व (d) कैथेटर

54. केंद्रीय स्वास्थ्य सूचना ब्यूरो (CBHI) की स्थापना कब हुई?
(a) 1950 (b) 1961
(c) 1971 (d) 1981

55. WHO के अनुसार स्वास्थ्य क्या है?
(a) बीमारी का न होना
(b) शारीरिक मजबूती
(c) शारीरिक, मानसिक और सामाजिक संतुलन
(d) केवल मानसिक शांति

56. विटामिन B6 का रासायनिक नाम क्या है?
(a) पाइरिडोक्सिन (b) बायोटिन
(c) नियासिन (d) फोलिक एसिड

57. बालों का झड़ना किस विटामिन की कमी का संकेत हो सकता है?
(a) B1 (b) B7
(c) C (d) K

58. स्कर्वी रोग में शरीर का कौन-सा भाग प्रभावित होता है?
(a) हड्डियां (b) मसूड़े
(c) बाल (d) नाखून

59. होठों के किनारों का फटना (Cheilosis) किस विटामिन की कमी से होता है?
(a) B_1 (b) B_2
(c) B_{12} (d) D

60. 'साइनो बैक्टीरिया' को और किस नाम से जाना जाता है?
(a) कवक (b) नील हरित शैवाल
(c) विषाणु (d) अमीबा

61. 'हीमोफीलिया' (Haemophilia) कैसा रोग है?
(a) संक्रामक (b) आनुवंशिक
(c) जीवाणु जनित (d) विषाणु जनित

62. 'गंडमाला' या 'घेघा' (Goiter) रोग किसकी कमी से होता है?
(a) आयरन (b) आयोडीन
(c) कैल्शियम (d) पोटैशियम

63. कैंसर के अध्ययन को क्या कहा जाता है?
(a) कार्डियोलॉजी (b) ऑन्कोलॉजी
(c) डर्मेटोलॉजी (d) न्यूरोलॉजी

64. रक्त (Blood) के अध्ययन को क्या कहते हैं?
(a) हेमेटोलॉजी (b) हिस्टोलॉजी
(c) साइटोलॉजी (d) मायोलॉजी

65. विटामिन B_9 का अन्य नाम क्या है, जिसकी कमी से जन्म दोष हो सकता है?
(a) फोलिक एसिड (b) साइट्रिक एसिड
(c) एसिटिक एसिड (d) मैलिक एसिड

उत्तरमाला

1.	(c)	**2.**	(a)	**3.**	(d)	**4.**	(b)	**5.**	(a)	**6.**	(d)	**7.**	(b)	**8.**	(a)	**9.**	(a)	**10.**	(b)
11.	(c)	**12.**	(c)	**13.**	(b)	**14.**	(c)	**15.**	(b)	**16.**	(c)	**17.**	(a)	**18.**	(b)	**19.**	(c)	**20.**	(c)
21.	(b)	**22.**	(a)	**23.**	(c)	**24.**	(b)	**25.**	(a)	**26.**	(b)	**27.**	(b)	**28.**	(c)	**29.**	(c)	**30.**	(b)
31.	(c)	**32.**	(c)	**33.**	(b)	**34.**	(b)	**35.**	(a)	**36.**	(c)	**37.**	(b)	**38.**	(c)	**39.**	(b)	**40.**	(b)
41.	(b)	**42.**	(b)	**43.**	(c)	**44.**	(b)	**45.**	(a)	**46.**	(b)	**47.**	(b)	**48.**	(a)	**49.**	(b)	**50.**	(b)
51.	(b)	**52.**	(a)	**53.**	(a)	**54.**	(b)	**55.**	(c)	**56.**	(a)	**57.**	(b)	**58.**	(b)	**59.**	(b)	**60.**	(b)
61.	(b)	**62.**	(b)	**63.**	(b)	**64.**	(a)	**65.**	(a)										

अध्ययन

12 प्रमुख आविष्कार एवं उनके खोजकर्ता (Major Inventions and Their Inventors)

महत्त्वपूर्ण भौतिकी आविष्कार (Important Physics Inventions)

आविष्कार/उपकरण	खोजकर्ता
टेलीफोन	ग्राहम बेल (Graham Bell)
रेडियो	जी. मार्कोनी (G. Marconi)
टेलीविजन (TV)	जे. एल. बेयर्ड (J.L. Baird)
एक्स-रे (X-Ray)	रॉन्टजन (Roentgen)
डायनेमो/जनरेटर	माइकल फैराडे (Michael Faraday)
बल्ब	थॉमस अल्वा एडिसन
भाप इंजन	जेम्स वाट (James Watt)
रेल इंजन	जॉर्ज स्टीफेंसन
डीजल इंजन	रुडोल्फ डीजल
जेट इंजन	फ्रैंक व्हिटल
कैलकुलेटर	पास्कल (Pascal)
दूरबीन (Telescope)	लिपरशी/गैलीलियों (Galileo)
बैरोमीटर	टोरिसेली (Torricelli)
रेडियम	मैडम क्यूरी और पियेर क्यूरी
रिवॉल्वर	सैमुअल कोल्ट
लिफ्ट	ई. जी. ओटिस
फाउंटेन पेन	पेट्रेच पोएनारू
साइकिल	बैरन कार्ल वॉन ड्रेस
विद्युत धारा/बैटरी	वोल्टा (Volta)
तड़ित चालक (Lightning Conductor)	बेंजामिन फ्रैंकलिन
गुरुत्वाकर्षण के नियम	न्यूटन (Newton)
सापेक्षता का सिद्धांत	अल्बर्ट आइंस्टीन
रमन प्रभाव	सी. वी. रमन

रसायन विज्ञान और परमाणु संरचना (Chemistry and Atomic Structure)

याद करने की ट्रिक: 'ईंट पर नाच'

- ईंट (इलेक्ट्रॉन – थॉमसन)
- पर (प्रोटॉन – रदरफोर्ड)
- नाच (न्यूट्रॉन – चैडविक)

खोज/तत्त्व	खोजकर्ता
इलेक्ट्रॉन	जे. जे. थॉमसन
प्रोटॉन	रदरफोर्ड
न्यूट्रॉन	जेम्स चैडविक
परमाणु सिद्धांत	जॉन डाल्टन
परमाणु बम	रॉबर्ट ओपेनहाइमर
हाइड्रोजन बम	एडवर्ड टेलर
नाभिकीय रिएक्टर	एनरिको फर्मी
ऑक्सीजन	शीले और प्रीस्टले

जीव विज्ञान से संबंधित महत्त्वपूर्ण खोज (Important Discoveries Related to Biology)

खोज/टीका	खोजकर्ता
चेचक का टीका	एडवर्ड जेनर
रेबीज का टीका	लुई पाश्चर
पोलियो वैक्सीन	जोनास सॉल्क
पेनिसिलिन	अलेक्जेंडर फ्लेमिंग
रक्त समूह (Blood Group)	कार्ल लैंडस्टीनर
रक्त परिसंचरण	विलियम हार्वे
डीएनए का डबल हेलिक्स मॉडल	वॉटसन और फ्रांसिस क्रिक
इंसुलिन	बैंटिंग
विटामिन	कासिमिर फंक (Funk)
हृदय प्रत्यारोपण (Heart Transplant)	क्रिश्चियन बर्नार्ड
बैक्टीरिया (जीवाणु)	ल्यूवेनहॉक
कोशिका (Cell)	रॉबर्ट हुक
होम्योपैथी	हैनीमैन
टीबी (TB) बैक्टीरिया	रॉबर्ट कोच

कंप्यूटर और आधुनिक तकनीक (Computer and Modern Technology)

आविष्कार	खोजकर्त्ता
कंप्यूटर	चार्ल्स बैबेज (Charles Babbage)

W.W.W (World Wide Web)	टिम बर्नर्स ली
ई-मेल (Email)	रे टॉमलिंसन (Ray Tomlinson)
मोबाइल फोन	मार्टिन कूपर
माउस	डगलस एंजेलबार्ट

अन्य महत्त्वपूर्ण तथ्य (Other Important Facts)

- **शून्य (Zero) की खोज:** आर्यभट्ट (भारतीय गणितज्ञ)
- **AK-47:** मिखाइल कलाश्निकोव (रूस)
- **प्रकाश की गति:** रोमर

पुलिस और डिफेंस से संबंधित आविष्कार
(Inventions Related to Police and Defence)

आविष्कार/तकनीक	खोजकर्ता/जनक
डीएनए फिंगरप्रिंटिंग (विश्व)	एलेक जेफरीज (Alec Jeffreys)
डीएनए फिंगरप्रिंटिंग (भारत)	डॉ. लालजी सिंह
फिंगरप्रिंट (उंगलियों के निशान)	सर फ्रांसिस गाल्टन
पॉलीग्राफ (झूठ पकड़ने वाली मशीन)	जॉन लार्सन
बारूद (Gunpowder)	रोजर बेकन

प्रमुख मापन यंत्र (Key Measuring Instruments)

यंत्र का नाम	उपयोग
सोनार (SONAR)	समुद्र के अंदर छिपी वस्तुओं का पता लगाने (पनडुब्बी के लिए)
रडार (RADAR)	हवा में उड़ते विमान की स्थिति और दिशा पता करने
सीस्मोग्राफ (Seismograph)	भूकंप की तीव्रता (Richter Scale पर)
हाइग्रोमीटर (Hygrometer)	वायुमंडल की आर्द्रता (Humidity)
फैदोमीटर (Fathometer)	समुद्र की गहराई
अल्टीमीटर (Altimeter)	विमान की ऊँचाई
लैक्टोमीटर	दूध की शुद्धता

अभ्यास-प्रश्न

1. टेलीफोन (Telephone) का आविष्कार किसने किया था?
(a) थॉमस एडिसन (b) ग्राहम बेल
(c) गैलीलियो (d) मार्कोनी

2. एक्स-रे (X-Ray) की खोज किसने की थी?
(a) रॉन्टजन (b) हम्फ्री डेवी
(c) जे.जे. थॉमसन (d) मैडम क्यूरी

3. रेडियो (Radio) का आविष्कारक किसे माना जाता है?
(a) जी. मार्कोनी (b) न्यूटन
(c) जेम्स वाट (d) रदरफोर्ड

4. टेलीविजन (TV) का आविष्कार किसने किया?
(a) जे. एल. बेयर्ड (b) लॉरेंस
(c) फ्रेडरिक (d) लुई पाश्चर

5. कंप्यूटर (Computer) का जनक किसे कहा जाता है?
(a) पास्कल (b) चार्ल्स बैबेज
(c) बिल गेट्स (d) टिम बर्नर्स ली

6. डायनामाइट की खोज किसने की थी?
(a) अल्फ्रेड नोबेल (b) न्यूटन
(c) आइंस्टीन (d) मैडम क्यूरी

7. डीजल इंजन (Diesel Engine) का आविष्कार किसने किया?
(a) रुडोल्फ डीजल (b) जॉन नेपियर
(c) मैकमिलन (d) फ्रैंक व्हिटल

8. भाप इंजन (Steam Engine) के आविष्कारक कौन हैं?
(a) जेम्स वाट (b) न्यूटन
(c) जेम्स प्रेस्कॉट (d) थॉमस सावरी

9. पेनिसिलिन (Penicillin) की खोज किसने की थी?
(a) अलेक्जेंडर फ्लेमिंग (b) लुई पाश्चर
(c) एडवर्ड जेनर (d) रॉबर्ट कोच

10. विद्युत बल्ब (Electric Bulb) का आविष्कार किसने किया?
(a) ग्राहम बेल (b) थॉमस अल्वा एडिसन
(c) माइकल फैराडे (d) डेमलर

11. रडार (RADAR) का आविष्कार किसने किया था?
(a) रॉबर्ट वाटसन-वाट (b) फ्लेमिंग
(c) बुशनेल (d) ऑस्टिन

12. चेचक के टीके (Smallpox Vaccine) की खोज किसने की?
(a) एडवर्ड जेनर (b) लुई पाश्चर
(c) जोनास साल्क (d) लैंडस्टीनर

13. रिवॉल्वर (Revolver) का आविष्कार किसने किया?
(a) सैमुअल कोल्ट (b) डेमलर
(c) ब्रेल (d) बर्नार्ड

14. मोबाइल फोन (Mobile Phone) का जनक किसे कहा जाता है?
(a) मार्टिन कूपर (b) ग्राहम बेल
(c) टिम बर्नर्स ली (d) स्टीव जॉब्स

15. वर्ल्ड वाइड वेब (WWW) के आविष्कारक कौन हैं?
(a) चार्ल्स बैबेज (b) टिम बर्नर्स ली
(c) बिल गेट्स (d) नारायण मूर्ति

16. परमाणु सिद्धांत (Atomic Theory) किसने दिया था?

(a) जॉन डाल्टन (b) रदरफोर्ड
(c) मैडम क्यूरी (d) चौडविक

17. इलेक्ट्रॉन (Electron) की खोज किसने की?
(a) जे.जे. थॉमसन (b) रदरफोर्ड
(c) गोल्डस्टीन (d) चौडविक

18. न्यूट्रॉन (Neutron) की खोज किसने की थी?
(a) जेम्स चैडविक (b) मोसले
(c) पावली (d) एंडरसन

19. गुरुत्वाकर्षण के नियम (Laws of Gravitation) किसने दिए?
(a) आइंस्टीन (b) न्यूटन
(c) केपलर (d) कोपरनिकस

20. बैरोमीटर (Barometer) का आविष्कार किसने किया?
(a) टोरिसेली (b) पास्कल
(c) हाइगेन्स (d) प्रिस्टले

21. रेबीज के टीके की खोज किसने की?
(a) एडवर्ड जेनर (b) लुई पाश्चर
(c) अलेक्जेंडर फ्लेमिंग (d) गोल्डस्टीन

22. रक्त समूह (Blood Group) की खोज किसने की?
(a) विलियम हार्वे (b) कार्ल लैंडस्टीनर
(c) रॉबर्ट हुक (d) वाटसन

23. सापेक्षता का सिद्धांत (Theory of Relativity) किसने दिया?
(a) न्यूटन (b) आइंस्टीन
(c) डार्विन (d) गैलीलियो

24. इंसुलिन (Insulin) की खोज किसने की?
(a) बैंटिंग और बेस्ट (b) डोमैक
(c) रोनाल्ड रॉस (d) हार्वे

25. लिफ्ट (Lift) का आविष्कार किसने किया?
(a) ई.जी. ओटिस (b) माइकल फैराडे
(c) एडिसन (d) टेस्ला

26. नाभिकीय रिएक्टर (Nuclear Reactor) का आविष्कार किसने किया?
(a) एनरिको फर्मी (b) रदरफोर्ड
(c) मैक्स प्लैंक (d) बोर

27. कोशिका (Cell) की खोज किसने की?
(a) रॉबर्ट ब्राउन (b) रॉबर्ट हुक
(c) फ्लेमिंग (d) श्लीडेन

28. दूरबीन (Telescope) का आविष्कार किसने किया?
(a) गैलीलियो (b) कोपरनिकस
(c) केपलर (d) रदरफोर्ड

29. विटामिन (Vitamin) शब्द का प्रयोग सबसे पहले किसने किया/खोज की?
(a) फंक (b) मैकुलन
(c) होलकट (d) निन

30. भारत में परमाणु कार्यक्रम के जनक कौन हैं?
(a) सी.वी. रमन (b) होमी जहाँगीर भाभा
(c) ए.पी.जे. अब्दुल कलाम (d) विक्रम साराभाई

31. आधुनिक फाउंटेन पेन (Fountain Pen) का आविष्कार किसने किया?
(a) वाटरमैन (b) पार्कर
(c) चेलपार्क (d) शेफर

32. विद्युत बैटरी (Electric Battery) का आविष्कार किसने किया?
(a) एलेक्जेंड्रो वोल्टा (b) न्यूटन
(c) फैराडे (d) मैक्सवेल

33. एके-47 (AK-47) का आविष्कार किस देश के वैज्ञानिक ने किया था?
(a) अमेरिका (b) रूस
(c) जर्मनी (d) इजरायल

34. पोलियो वैक्सीन (Polio Vaccine) की खोज किसने की?
(a) जोनास साल्क (b) अल्बर्ट साबिन
(c) लुई पाश्चर (d) बर्कहोल्डर

35. तड़ित चालक (Lightning Conductor) का आविष्कार किसने किया?
(a) बेंजामिन फ्रैंकलिन (b) आइंस्टीन
(c) न्यूटन (d) कॉपरनिकस

36. सीमेंट (Cement) का आविष्कार किसने किया?
(a) जोसेफ एस्पडिन (b) जोसेफ प्रिस्टले
(c) एडिसन (d) बेल

37. जेट इंजन (Jet Engine) का आविष्कार किसने किया?
(a) फ्रैंक व्हिटल (b) जेम्स वाट
(c) गॉटलीब डेमलर (d) रोजर बेकन

38. आधुनिक ई-मेल (E-mail) का जनक किसे माना जाता है?
(a) रे टॉमलिंसन (b) बिल गेट्स
(c) स्टीव जॉब्स (d) मार्क जुकरबर्ग

39. हाइड्रोजन बम (Hydrogen Bomb) का आविष्कार किसने किया?
(a) एडवर्ड टेलर (b) ओपेनहाइमर
(c) आइंस्टीन (d) क्यूरी

40. रमन प्रभाव (Raman Effect) की खोज किसने की?
(a) सी.वी. रमन (b) हरगोविंद खुराना
(c) एस. रामानुजन (d) जगदीश चंद्र बोस

41. कैलकुलेटर (Calculator) का आविष्कार किसने किया?
(a) पास्कल (b) न्यूटन
(c) केपलर (d) गैलीलियो

42. हृदय प्रत्यारोपण (Heart Transplant) सबसे पहले किसने किया?
(a) क्रिश्चियन बर्नार्ड (b) विलियम हार्वे
(c) वाटसन (d) खुराना

43. शून्य (Zero) की खोज का श्रेय किसे जाता है?
(a) आर्यभट्ट (b) वराहमिहिर
(c) भास्कर (d) रामानुजन

44. कंप्यूटर माउस (Computer Mouse) का आविष्कार किसने किया?
(a) डगलस एंजेलबार्ट (b) चार्ल्स बैबेज
(c) सिमोर क्रे (d) टिम बर्नर्स

45. डीएनए (DNA) का डबल हेंलिक्स (द्विकुंडली) मॉडल किसने दिया?

(a) वाटसन और क्रिक (b) हरगोविंद खुराना
(c) प्रिस्टले (d) मॉर्गन

46. बैक्टीरिया (Bacteria) की खोज किसने की?
(a) एंटनी वॉन ल्यूवेनहॉक (b) लुई पाश्चर
(c) रॉबर्ट कोच (d) हार्वे

47. ऑक्सीजन (Oxygen) की खोज किसने की?
(a) रदरफोर्ड (b) शीले और प्रीस्टले
(c) कैवेंडिश (d) डाल्टन

48. सेफ्टी पिन (Safety Pin) का आविष्कार किसने किया?
(a) वाल्टर हंट (b) वाटरमैन
(c) जिलेट (d) ओटिस

49. परमाणु बम (Atom Bomb) के विकास में मुख्य भूमिका किसकी थी?
(a) जे. रॉबर्ट ओपेनहाइमर (b) अल्फ्रेड नोबेल
(c) एडवर्ड टेलर (d) रदरफोर्ड

50. होम्योपैथी (Homeopathy) के संस्थापक कौन थे?
(a) हैनीमैन (b) चरक
(c) सुश्रुत (d) हिप्पोक्रेट्स

उत्तरमाला

1.	(b)	**2.**	(a)	**3.**	(a)	**4.**	(a)	**5.**	(b)	**6.**	(a)	**7.**	(a)	**8.**	(a)	**9.**	(a)	**10.**	(b)
11.	(a)	**12.**	(a)	**13.**	(a)	**14.**	(a)	**15.**	(b)	**16.**	(a)	**17.**	(a)	**18.**	(a)	**19.**	(b)	**20.**	(a)
21.	(b)	**22.**	(b)	**23.**	(b)	**24.**	(a)	**25.**	(a)	**26.**	(a)	**27.**	(b)	**28.**	(a)	**29.**	(a)	**30.**	(b)
31.	(a)	**32.**	(a)	**33.**	(b)	**34.**	(a)	**35.**	(a)	**36.**	(a)	**37.**	(a)	**38.**	(a)	**39.**	(a)	**40.**	(a)
41.	(a)	**42.**	(a)	**43.**	(a)	**44.**	(a)	**45.**	(a)	**46.**	(a)	**47.**	(b)	**48.**	(a)	**49.**	(a)	**50.**	(a)

अध्ययन

13 पुरस्कार (Awards)

भारत रत्न (Bharat Ratna):

भारत रत्न, भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। यह सम्मान राष्ट्रीय सेवा के लिए दिया जाता है।

स्थापना और इतिहास (Establishment and History)

- **स्थापना:** 2 जनवरी, 1954
- **किसने शुरू किया:** तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने।
- **किन क्षेत्रों में:** कला, साहित्य, विज्ञान, सार्वजनिक सेवा और खेल।
- **मरणोपरांत (Posthumous):** शुरुआत में मरणोपरांत देने का प्रावधान नहीं था, इसे वर्ष 1955 में जोड़ा गया (लेकिन पहला मरणोपरांत पुरस्कार वर्ष 1966 में दिया गया)।

पदक का स्वरूप (Design of the Medal)

- **आकार:** पीपल के पत्ते के आकार का।
- **धातु:** तांबे का बना होता है।
- **सामने का भाग:** प्लेटिनम का चमकता हुआ सूर्य बना होता है और नीचे चाँदी से 'भारत रत्न' लिखा होता है।
- **पीछे का भाग:** राष्ट्रीय प्रतीक (अशोक स्तंभ) और 'सत्यमेव जयते' लिखा होता है।
- **फीता (Ribbon):** इसे सफेद रंग के फीते को गले में पहनाया जाता है।

पुरस्कार राशि और सुविधाएं

- **राशि:** इसमें कोई भी नकद राशि (No Cash) नहीं दी जाती है।
  1. एक सनद (प्रमाण पत्र)- राष्ट्रपति के हस्ताक्षर वाला।
  2. एक पदक (Medal)।
- **सुविधाएं:** विजेताओं को सरकारी 'वरीयता क्रम' (Table of Precedence) में 7वें स्थान पर रखा जाता है। उन्हें कैबिनेट मंत्री के बराबर का दर्जा (प्रोटोकॉल में) मिलता है। वे एयर इंडिया में आजीवन मुफ्त कार्यकारी श्रेणी की यात्रा कर सकते हैं।

संवैधानिक स्थिति (Article 18)

- संविधान के अनुच्छेद 18(1) के अनुसार, यह पुरस्कार कोई 'उपाधि' (Title) नहीं है।

  नोट:- भारत रत्न, पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री जैसे राष्ट्रीय सम्मानों को सर्वोच्च न्यायालय ने 'उपाधि' नहीं माना है।

भारत रत्न से सम्मानित व्यक्ति

श्रेणी	विजेता	वर्ष
प्रथम विजेता	1. डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन 2. सी. राजगोपालाचारी 3. सी.वी. रमन	1954
प्रथम मरणोपरांत	लाल बहादुर शास्त्री	1966
प्रथम महिला	इंदिरा गांधी	1971
प्रथम विदेशी	खान अब्दुल गफ्फार खान (पाकिस्तान)	1987
दूसरे विदेशी	नेल्सन मंडेला (दक्षिण अफ्रीका)	1990
सबसे युवा	सचिन तेंदुलकर (40 वर्ष) - (पहले खिलाड़ी भी)	2014
सबसे बुजुर्ग	धोंडो केशव कर्वे (100 वर्ष)	1958

2024 के विजेता

आम तौर पर एक साल में अधिकतम 3 लोगों को भारत रत्न दिया जाता है, लेकिन 2024 में 5 लोगों को देकर रिकॉर्ड बनाया गया है।

1. **कर्पूरी ठाकुर (मरणोपरांत):** बिहार के पूर्व सीएम (पिछड़ों के मसीहा)।
2. **लाल कृष्ण आडवाणी:** पूर्व उप-प्रधानमंत्री।
3. **चौधरी चरण सिंह (मरणोपरांत):** पूर्व प्रधानमंत्री और यूपी के सीएम (किसानों के मसीहा)।
4. **पी.वी. नरसिम्हा राव (मरणोपरांत):** पूर्व प्रधानमंत्री (आर्थिक उदारीकरण के जनक)।
5. **एम.एस. स्वामीनाथन (मरणोपरांत):** कृषि वैज्ञानिक (हरित क्रांति के जनक)।

पुरस्कार का निलंबन

यह पुरस्कार दो बार अस्थायी रूप से बंद किया गया था:

1. **पहला निलंबन (1977-1980):** मोरारजी देसाई (जनता पार्टी) सरकार ने इसे बंद कर दिया था। 1980 में इंदिरा गांधी ने दोबारा शुरू किया और मदर टेरेसा को भारत रत्न से सम्मनित किया गया था।
2. **दूसरा निलंबन (1992-1995):** कोर्ट में जनहित याचिकाओं के कारण रूक गया।

पद्म पुरस्कार: एक संपूर्ण परिचय

भारत रत्न के बाद, पद्म पुरस्कार देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान है। ये पुरस्कार कला, समाज सेवा, विज्ञान, उद्योग, चिकित्सा, साहित्य, खेल और नागरिक सेवा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में 'विशिष्ट योगदान' के लिए दिए जाते हैं।

स्थापना और इतिहास

- **स्थापना:** वर्ष 1954 (भारत रत्न के साथ ही शुरू हुए थे)।
- **घोषणा:** हर साल गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) की पूर्व संध्या पर।
- **वितरण:** मार्च/अप्रैल में राष्ट्रपति भवन में भारत के राष्ट्रपति द्वारा।
- **रुकावट:** ये पुरस्कार वर्ष 1978, 1979 और 1993 से 1997 के दौरान नहीं दिए गए थे।

पद्म पुरस्कारों की श्रेणियां

इन पुरस्कारों को तीन श्रेणियों में बाँटा गया है (वरियता क्रम के अनुसार):

1. **पद्म विभूषण (Padma Vibhushan):**

- यह दूसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान है (भारत रत्न के बाद)।
- यह 'असाधारण और विशिष्ट सेवा' (Exceptional and Distinguished Service) के लिए दिया जाता है।

2. **पद्म भूषण (Padma Bhushan):**

- यह तीसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान है।
- यह 'उच्च क्रम की विशिष्ट सेवा' के लिए दिया जाता है।

3. **पद्म श्री (Padma Shri):**

- यह चौथा सर्वोच्च नागरिक सम्मान है।
- यह किसी भी क्षेत्र में 'विशिष्ट सेवा' के लिए दिया जाता है।

पुरस्कार का स्वरूप

- **आकार:** एक ज्यामितीय पैटर्न (Geometric Pattern) वाला गोलाकार (कांस्य-रंग का) पदक।
- **डिजाइन:** बीच में एक कमल का फूल (Lotus) बना होता है।
- **लिखावट:** ऊपर 'पद्म' और नीचे 'विभूषण/भूषण/श्री' देवनागरी लिपि में लिखा होता है।

चयन प्रक्रिया और नियम

- **समिति:** प्रधानमंत्री द्वारा गठित 'पद्म पुरस्कार समिति' नामों की सिफारिश करती है।
- **संख्या:** एक साल में कुल पद्म पुरस्कारों की संख्या 120 से अधिक नहीं होनी चाहिए (मरणोपरांत और विदेशियों को छोड़कर) (अपवाद 2025-139 पुरस्कार दिये गये)।
- **राशि:** इसमें कोई नकद राशि (No Cash Prize) नहीं दी जाती है।
- **सुविधा:** विजेताओं को एक पदक (Medal) और एक सनद (मरणोपरांत और विदेशियों को छोड़कर)।
- **अनुच्छेद 18:** भारत रत्न की तरह, इसे भी नाम के आगे 'उपाधि' के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

पद्म पुरस्कार 2025

- **कुल पुरस्कार:** 139
- **श्रेणीवार वितरण:**
  - **पद्म विभूषण:** 7
  - **पद्म भूषण:** 19
  - **पद्म श्री:** 113
- **विशेष श्रेणियां:**
  - **महिलाएं:** 23
  - **विदेशी/एनआरआई:** 10
  - **मरणोपरांत:** 13

पद्मभूषण प्राप्तकर्ता (2025)

पुरस्कार विजेता का नाम	क्षेत्र
दुव्वुर नागेश्वर रेड्डी	मेडिसिन
श्री जगदीश सिंह खेहर	सार्वजनिक मामले
श्री मति कुमुदिनी रजनीकांत लाखिया	कला
लक्ष्मीनारायण सुब्रमण्यम	कला
एम. टी. वासुदेवन नायर (मरणोपरान्त)	साहित्य और शिक्षा

1. **ज्ञानपीठ पुरस्कार**

यह भारत का सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान है।

- **स्थापना:** वर्ष 1961 (लेकिन पहली बार वर्ष 1965 में दिया गया)।
- **संस्था:** भारतीय ज्ञानपीठ न्यास (साहू शांति प्रसाद जैन द्वारा स्थापित)।
- **पुरस्कार राशि:** 11 लाख, एक प्रशस्ति पत्र और 'वाग्देवी' (सरस्वती) की कांस्य प्रतिमा।
- **पात्रता:** संविधान की 8वीं अनुसूची की 22 भाषाओं में से किसी भी भाषा का भारतीय लेखक (अंग्रेजी को बाद में जोड़ा गया)।
- **प्रमुख तथ्य:**
  - **प्रथम विजेता (1965):** जी. शंकर कुरूप (मलयालम भाषा-कृति: ओडक्कुझल)।
  - **हिंदी के प्रथम विजेता (1968):** सुमित्रानंदन पंत (कृति: चिदंबरा)।
  - **प्रथम महिला विजेता (1976):** आशापूर्णा देवी (बंगाली भाषा)।
  - **अंग्रेजी के एकमात्र/पहले:** अमिताभ घोष (2018)।
- **2024 के विजेता (59वां ज्ञानपीठ पुरस्कार)**
  - विनोद कुमार शुक्ल (हिंदी साहित्य) (छत्तीसगढ़ के प्रथम लेखक)

2. **साहित्य अकादमी पुरस्कार (Sahitya Akademi Award)**

- ज्ञानपीठ के बाद यह भारत का दूसरा सबसे बड़ा साहित्यिक सम्मान है।
- **स्थापना:** वर्ष 1954
- **पुरस्कार राशि:** 1 लाख और एक ताम्रपत्र शॉल, प्रशस्ति पत्र।
- **भाषाएं:** यह 24 भाषाओं में दिया जाता है (संविधान की 22 भाषाएं + राजस्थानी + अंग्रेजी)।
- **प्रमुख तथ्य:**
  - **हिंदी के प्रथम विजेता (1955):** माखनलाल चतुर्वेदी (काव्य: हिम तरंगिणी)।
  - यह पुरस्कार हर साल दिया जाता है।
- **2024 के प्रमुख विजेता:**

नाम	भाषा
गगन गिल	हिंदी
महेन्द्र मंगलिया	मैथिली
चमन अरोड़ा	डोगरी
दीपक कुमार शर्मा	संस्कृत
ईस्टरीन किरे	अंग्रेजी

3. व्यास सम्मान

यह पुरस्कार केवल हिंदी साहित्य के लिए है।

- **संस्था:** के.के. बिडला फाउंडेशन
- **स्थापना:** वर्ष 1991
- **पुरस्कार राशि:** 4 लाख नगद, एक प्रशस्ति पत्र तथा प्रतीक चिह्न।
- **पात्रता:** पिछले 10 वर्षों में प्रकाशित किसी भारतीय नागरिक की उत्कृष्ट हिंदी रचना।
- **प्रमुख तथ्य:**
  - **प्रथम विजेता (1991):** डॉ. राम विलास शर्मा (कृति: भारत के प्राचीन भाषा परिवार और हिंदी)।
  - **2024 व्यास सम्मान विजेता**
  - 34वां- सूर्यबाला (कौन देश को वासी : वेणु की डायरी)
- **2023 के विजेता (33वां व्यास सम्मान):**
  - **विजेता:** पुष्पा भारती। संस्मरण 'यादें, यादें और यादें'।

4. सरस्वती सम्मान

यह के. के. बिडला फाउंडेशन द्वारा दिया जाने वाला सबसे बड़ा पुरस्कार है।

- **स्थापना:** वर्ष 1991
- **पुरस्कार राशि:** 15 लाख एक शॉल, प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिह्न।
- **पात्रता:** पिछले 10 वर्षों में प्रकाशित संविधान की 22 भाषाओं में से किसी भी भाषा की कृति।
- **प्रमुख तथ्य:**
  - **प्रथम विजेता:** हरिवंश राय बच्चन, आत्मकथा: क्या भूलूँ क्या याद करूँ
  - 2024 (34वां)-साधु भद्रेशदास (पुस्तक-स्वामिनारायण सिद्धांत सुधा)।
- **2023 के विजेता:**
  - **विजेता:** प्रभा वर्मा (मलयालम कवि)।
  - **रचना:** काव्य उपन्यास 'रौद्र सात्विकम'।

वीरता पुरस्कारों का वर्गीकरण

भारत सरकार द्वारा वीरता पुरस्कारों को दो मुख्य श्रेणियों में बांटा गया है।

1. युद्ध कालीन पुरस्कार (War Time Gallantry Awards):

- ये तब दिए जाते हैं जब दुश्मन सामने हो (युद्ध के मैदान में)।
- उदाहरण: पाकिस्तान या चीन के साथ युद्ध।

2. शांति कालीन पुरस्कार (Peace Time Gallantry Awards):

- ये तब दिए जाते हैं जब दुश्मन सामने न हो, लेकिन अदम्य साहस दिखाया गया हो।
- उदाहरण: आतंकवादी विरोधी अभियान, उग्रवाद, या किसी रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान।

1. युद्ध कालीन वीरता पुरस्कार

- वरीयता के अनुसार इनका क्रम इस प्रकार है:

A. परमवीर चक्र (Param Veer Chakra-PVC)

- **स्थान:** यह भारत का सर्वोच्च सैन्य अलंकरण (Highest Military Honour) है।
- **किसे मिलता है:** दुश्मन की उपस्थिति में, जमीन, समुद्र या हवा में सबसे विशिष्ट बहादुरी या आत्म-बलिदान के लिए।
- **पदक:** यह कांस्य (Bronze) का बना होता है। इसके बीच में उभरा हुआ राज्य चिह्न (अशोक स्तंभ) और चारों ओर इंद्र का वज्र बना होता है।
- **फीता (Ribbon):** सादा बैंगनी (Purple) रंग।

B. महावीर चक्र (Maha Veer Chakra-MVC)

- **स्थान:** यह युद्ध काल का दूसरा सर्वोच्च सैन्य वीरता पुरस्कार है।
- **पदक:** यह स्टैंडर्ड सिल्वर (चांदी) का बना होता है। इसमें पाँच कोने वाला सितारा होता है।
- **फीता:** आधा सफेद और आधा नारंगी।

C. वीर चक्र (Veer Chakra-VrC)

- **स्थान:** यह युद्ध काल का तीसरा सर्वोच्च सैन्य वीरता पुरस्कार है।
- **फीता:** आधा नीला और आधा नारंगी।
- **उदाहरण:** ग्रुप कैप्टन अभिनंदन वर्धमान को पाकिस्तान के F-16 को गिराने के लिए वीर चक्र से सम्मानित किया गया था।

2. शांति कालीन वीरता पुरस्कार

ये पुरस्कार 'अशोक चक्र श्रृंखला' के नाम से जाने जाते हैं।

A. अशोक चक्र (Ashoka Chakra-AC)

- **स्थान:** यह शांति काल का सर्वोच्च वीरता पुरस्कार है।
- **तुलना:** सम्मान और महत्त्व में यह परमवीर चक्र के बराबर माना जाता है।
- **किसे मिलता है:** युद्ध के मैदान से दूर, वीरता, साहस या आत्म-बलिदान के लिए (नागरिक भी इसके पात्र हो सकते हैं।)
- **पदक:** नीले रंग का गोलकार चक्र जिसमें 24 तीलियाँ होती हैं।
- **फीता:** हरे रंग का फीता, जिसके बीच में एक नारंगी रेखा होती है।
- **प्रथम विजेता (1952):** नरबहादुर थापा, बचित्तर सिंह और सुहास बिस्वास।

B. कीर्ति चक्र (Kirti Chakra-KC)

- **स्थान:** यह शांति काल का दूसरा सबसे बड़ा पुरस्कार है। (महावीर चक्र के बराबर)।
- **फीता:** हरे रंग का फीता, जिसमें दो नारंगी रेखाएं होती हैं।

C. शौर्य चक्र (Shaurya Chakra-SC)

- **स्थान:** यह शांति काल का तीसरा सबसे बड़ा पुरस्कार है। (वीर चक्र के बराबर)।
- **फीता:** हरे रंग का फीता, जिसमें तीन नारंगी रेखाएं होती हैं।

3. वरीयता क्रम (Order of Precedence)

1. परमवीर चक्र (War)
2. अशोक चक्र (Peace)
3. महावीर चक्र (War)
4. कीर्ति चक्र (Peace)
5. वीर चक्र (War)
6. शौर्य चक्र (Peace)

नोट:- 26 जनवरी, 2024 (गणतंत्र दिवस) पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कुल 80 वीरता पुरस्कारों को मंजूरी दी थी।

- **कीर्ति चक्र (2025 के विजेता):**
  - मेजर दिग्विजय सिंह रावत।
  - मंजीत सिंह (मरणोपरांत)
  - नायक दिलवर खान (मरणोपरांत)
  - कैप्टन लालरिनावमा सैलो
  - लेफ्टिनेंट शशांक तिवारी
  - सूबेदार विकास तोमर
  - मेजर मल्ला राम गोपाल नायडू

खेल जगत से संबंधित पुरस्कार

1. मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार

यह भारत का सर्वोच्च खेल सम्मान (Highest Sporting Honour) है।

- **पूर्व नाम:** इसका पुराना नाम 'राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार' था। अगस्त 2021 में इसका नाम बदलकर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के नाम पर रखा गया।
- **स्थापना:** वर्ष 1991-92
- **पुरस्कार राशि:** ₹25 लाख
- **पात्रता:** पिछले 4 वर्षों की अवधि में खेल के क्षेत्र में सबसे शानदार और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए।
- **महत्त्वपूर्ण तथ्य:**
  - **प्रथम विजेता (1991-92):** विश्वनाथन आनंद (शतरंज)।
  - **प्रथम महिला:** कर्णम मल्लेश्वरी (भारोत्तोलन)।
  - **क्रिकेटर:** सचिन तेंदुलकर (1998), एम. एस. धोनी (2008), विराट कोहली (2018) और रोहित शर्मा (2020), मिताली राज, (2021) को मिल चुका है।

2024 के विजेता:-

- मनुभाकर (शूटिंग)
- हरमनप्रीत सिंह (हॉकी)
- डी. गुकेश (शंतरज)
- प्रवीण कुमार (पैरा एथलेटिक्स)

2. अर्जुन पुरस्कार

यह खेल रत्न के बाद दूसरा सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार है।

- **स्थापना:** वर्ष 1961 (यह भारत का सबसे पुराना खेल पुरस्कार है)।
- **पुरस्कार राशि:** 15 लाख और अर्जुन की कांस्य प्रतिमा।
- **पात्रता:** पिछले 4 वर्षों में लगातार अच्छा प्रदर्शन और खेल भावना (Sportsmanship) दिखाने वाले खिलाड़ियों को।
- **वर्ष 2024 के विजेता**
  - सुचा सिंह (एथलेटिक्स)
  - मुरलीकांत राजाराम पेटकर - पैरा तैराकी
  - मोना अग्रवाल - पैरा शूटिंग

3. द्रोणाचार्य पुरस्कार

यह पुरस्कार केवल कोच (प्रशिक्षकों) को दिया जाता है।

- **स्थापना:** वर्ष 1985
- **पुरस्कार राशि:** 15 लाख (लाइफ टाइम श्रेणी) और 10 लाख (नियमित श्रेणी)।
- **श्रेणियाँ:** यह दो श्रेणियों में दिया जाता है:

1. **नियमित श्रेणी (Regular Category):** वर्तमान में कोचिंग देने वाले कोचों को।
2. **लाइफ टाइम श्रेणी (Lifetime Category):** जिन्होंने जीवन भर खेल को बढ़ावा दिया।

- **महत्त्वपूर्ण तथ्य:**
  - **प्रथम विजेता (1985):** भालचंद्र भास्कर भागवत (कुश्ती), ओम प्रकाश भारद्वाज (मुक्केबाजी), ओ.एम. नांबियार (पी.टी. उषा के कोच)।
- **2024 के प्रमुख विजेता:**
  - सुभाष राणा - पैरा शूटिंग
  - दीपाली देशपांडे - शूटिंग
  - संदीप सांगवान - हॉकी
  - एस. मुरलीधरन - बैडमिंटन

4. मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी (MAKA Trophy)

- **स्थापना:** वर्ष 1956-57
- **किसे मिलती है:** इंटर-यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट्स में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली यूनिवर्सिटी (विश्वविद्यालय) को।

- **2023 विजेता:** गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर।

फिल्म पुरस्कार (Film Awards)

फिल्म जगत में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई पुरस्कार दिए जाते हैं।

1. दादा साहब फाल्के पुरस्कार

यह भारतीय सिनेमा का सर्वोच्च सम्मान (Highest Award) है।

- **स्थापना:** वर्ष 1969 (दादा साहब फाल्के की जन्म शताब्दी पर)।

- **कौन देता है:** भारत सरकार (सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय)।
- **पुरस्कार राशि:** 10 लाख, एक स्वर्ण कमल (Golden Lotus) और शॉल।
- **महत्त्वपूर्ण तथ्य:**
- **प्रथम विजेता (1969):** देविका रानी (इन्हें 'भारतीय सिनेमा की प्रथम महिला' कहा जाता है)।
- **54वां विजेता (2022 के लिए, 2024 में घोषित):** मिथुन चक्रवर्ती।

2. राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (National Film Awards)

ये भारत सरकार द्वारा दिए जाने वाले सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार हैं।

71 वे राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार (वर्ष 2025)

श्रेणी	विजेता/फिल्म
सर्वश्रेष्ठ अभिनेता	शाहरुख खान (फिल्म- जवान) और विक्रांत मेसी (फिल्म - 12 वीं फेल)
सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री	रानी मुखर्जी (मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे)
सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म	कठल (निर्देशक - यशवर्धन मिश्रा)
सर्वश्रेष्ठ निर्देशक	सुदोप्तो सेन (फिल्म- द केरला स्टोरी)

3. ऑस्कर पुरस्कार (Oscar Awards)

यह दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म पुरस्कार है।

- **देश:** अमेरिका (USA)
- शुरूआत - वर्ष 1929

96वें ऑस्कर (2024):

- **सर्वश्रेष्ठ फिल्म:** ओपेनहाइमर
- **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता:** किलियन मर्फी (ओपेनहाइमर)।
- **सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री:** एम्मा स्टोन (पुअर थिंग्स)

भारत और ऑस्कर (ऐतिहासिक):

- **पहला ऑस्कर:** भानु अथैया (1983, फिल्म 'गांधी' में कॉस्ट्यूम डिजाइन के लिए)

प्रमुख विजेता (वर्ष 2023)

1. RRR (गाना: नाटू-नाटू) - बेस्ट ओरिजिनल सॉन्ग
2. द एलिफेंट व्हिस्परर्स - बेस्ट डॉक्यूमेंट्री शॉर्ट फिल्म

पत्रकारिता पुरस्कार (Journalism Awards)

पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है।

पुलित्जर पुरस्कार (Pulitzer Prize)

यह पत्रकारिता के क्षेत्र का 'नोबेल पुरस्कार' माना जाता है।

- **देश:** अमेरिका (कोलंबिया यूनिवर्सिटी द्वारा)
- **स्थापना:** 1917 (जोसेफ पुलित्जर के नाम पर)
- **क्षेत्र:** पत्रकारिता, साहित्य और संगीत
- **प्रथम भारतीय:** गोविंद बिहारी लाल (1937)
- **2024 के विजेता:** एसोसिएटेड प्रेस (AP) को फोटोग्राफी और रिपोर्टिंग के लिए कई अवार्ड मिले।

नोबेल पुरस्कार (Nobel Prize)

यह दुनिया का सबसे प्रतिष्ठित और सर्वोच्च पुरस्कार है।

- **स्थापना:** वर्ष 1901 में।
- **संस्थापक:** स्वीडन के वैज्ञानिक अल्फ्रेड नोबेल (डायनामाइट के आविष्कारक)।
- **क्षेत्र (6 Categories):**

1. भौतिकी (Physics)
2. रसायन (Chemistry)
3. चिकित्सा (Medicine)
4. साहित्य (Literature)
5. शांति (Peace)
6. अर्थशास्त्र (Economics) - इसे 1968 में जोड़ा गया।

वितरण स्थल (Exam Fact):

- **शांति पुरस्कार:** ओस्लो (नॉर्वे) में दिया जाता है।
- **बाकी सभी 5 पुरस्कार:** स्टॉकहोम (स्वीडन) में दिए जाते हैं।

पुरस्कार राशि: लगभग 11 मिलियन स्वीडिश क्रोनर (भारतीय करोड़ों रुपये)।

प्रमुख भारतीय विजेता:

- **रवींद्रनाथ टैगोर (1913):** साहित्य (गीतांजलि)-पहले एशियाई/भारतीय।
- **सी.वी. रमन (1930):** भौतिकी (रमन प्रभाव)।
- **हरगोविंद खुराना (1968):** चिकित्सा (जीन संश्लेषण)।
- **मदर टेरेसा (1979):** शांति।
- **अमर्त्य सेन (1998):** अर्थशास्त्र।
- **कैलाश सत्यार्थी (2014):** शांति (बचपन बचाओ आंदोलन)।

रेमन मैग्सेसे पुरस्कार (Ramon Magsaysay Award)

इसे 'एशिया का नोबेल पुरस्कार' कहा जाता है।

- **देश:** फिलीपींस (मनीला)।
- **स्थापना:** वर्ष 1957 (फिलीपींस के पूर्व राष्ट्रपति रेमन मैग्सेसे की याद में)।
- **क्षेत्र:** सरकारी सेवा, जनसेवा, पत्रकारिता, और सामुदायिक नेतृत्व साहित्य और कला।
- **महत्त्वपूर्ण तथ्य (Indians):**
- **प्रथम भारतीय विजेता (1958):** आचार्य विनोबा भावे (भूदान आंदोलन)।
- **प्रथम महिला:** मदर टेरेसा (1962)।

67 वें रेमन मैग्सेसे पुरस्कार

पुरस्कार विजेता	क्षेत्र
शाहिना अली (मालदीव)	प्लास्टिक प्रदूषण नियंत्रण के लिए
एजुकेट गर्ल्स	लड़कियों की शिक्षा के लिए कार्य
विलानुएवा (फिलीपीस)	गरीबों के उत्थान और सम्मान के लिए

मैन बुकर पुरस्कार (Man Booker Prize)

यह साहित्य (Literature) की दुनिया का 'ऑस्कर' माना जाता है।

दो प्रकार के होते हैं:

1. **मैन बुकर (The Booker Prize):** केवल अंग्रेजी में लिखे गए उपन्यास के लिए।
(a) कार्बन मोनोऑक्साइड (b) मिथाइल आइसोसाइनेट
(c) सल्फर डाइऑक्साइड (d) क्लोरीन

49. 'रामसर समझौता' (Ramsar Convention) किससे संबंधित है?
(a) मरुस्थल संरक्षण (b) आर्द्रभूमि संरक्षण
(c) ओजोन संरक्षण (d) वन संरक्षण

50. रामसर समझौता किस वर्ष हस्ताक्षरित हुआ था?
(a) 1971 (b) 1972
(c) 1975 (d) 1982

51. 'विश्व आर्द्रभूमि दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 2 फरवरी (b) 5 जून
(c) 22 मार्च (d) 16 सितंबर

52. 'विश्व पर्यावरण दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 22 अप्रैल (b) 5 जून
(c) 11 जुलाई (d) 1 दिसंबर

53. ओजोन परत संरक्षण के लिए कौन-सा प्रोटोकॉल हुआ था?
(a) क्योटो प्रोटोकॉल (b) मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल
(c) नागोया प्रोटोकॉल (d) कार्टाजेना प्रोटोकॉल

54. 'क्योटो प्रोटोकॉल' (1997) का मुख्य उद्देश्य क्या था?
(a) ओजोन संरक्षण (b) जैव विविधता
(c) ग्रीन हाउस गैसों में कमी (d) आर्द्रभूमि संरक्षण

55. 'विश्व ओजोन दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 5 जून (b) 16 सितंबर
(c) 22 मई (d) 14 नवंबर

56. अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस (Tiger Day) कब मनाया जाता है?
(a) 29 जुलाई (b) 29 अगस्त
(c) 5 जून (d) 22 अप्रैल

57. विश्व जल दिवस (World Water Day) कब मनाया जाता है?
(a) 22 मार्च (b) 22 अप्रैल
(c) 22 मई (d) 22 जून

58. विश्व पृथ्वी दिवस (World Earth Day) कब मनाया जाता है?
(a) 22 मार्च (b) 22 अप्रैल
(c) 5 जून (d) 16 सितंबर

59. अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस (Biodiversity Day) कब मनाया जाता है?
(a) 22 मार्च (b) 22 अप्रैल
(c) 22 मई (d) 2 अक्टूबर

60. विश्व जनसंख्या दिवस कब मनाया जाता है?
(a) 11 जुलाई (b) 12 अगस्त
(c) 10 दिसंबर (d) 1 मई

61. भारत का सबसे पुराना राष्ट्रीय उद्यान कौन-सा है?
(a) काजीरंगा (b) जिम कार्बेट
(c) दुधवा (d) गिर

62. एक सींग वाले गैंडे के लिए प्रसिद्ध राष्ट्रीय उद्यान कौन-सा है?
(a) गिर (b) काजीरंगा
(c) पेरियार (d) राजाजी

63. एशियाई शेरों (Babbar Sher) का एकमात्र निवास स्थान कहाँ है?
(a) गिर राष्ट्रीय उद्यान (b) रणथंभौर
(c) कान्हा (d) सुंदरवन

64. विश्व का एकमात्र 'तैरता हुआ' नेशनल पार्क (Floating Park) कौन-सा है?
(a) केवलादेव (b) केबुल लामजाओ
(c) सिमलीपा (d) भितरकनिका

65. भारत का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान कौन-सा है?
(a) जिम कार्बेट (b) हेमिस
(c) काजीरंगा (d) सुंदरवन

66. 'संगाई हिरण' (Dancing Deer) कहाँ पाया जाता है?
(a) मणिपुर (b) असम
(c) कश्मीर (d) केरल

67. भारत में 'प्रोजेक्ट चीता' के तहत चीते किस देश से लाए गए?
(a) ब्राजील (b) नामीबिया
(c) ऑस्ट्रेलिया (d) रूस

68. 'कश्मीरी हंगुल' (Stag) किस नेशनल पार्क में पाए जाते हैं?
(a) दाचीगाम (b) राजाजी
(c) दुधवा (d) मानस

69. 'बर्ड मैन ऑफ इंडिया' (Bird Man of India) किसे कहा जाता है?
(a) सलीम अली (b) एम. एस. स्वामीनाथन
(c) सुंदरलाल बहुगुणा (d) जिम कार्बेट

70. 'वाटर मैन ऑफ इंडिया' (Water Man of India) किसे कहा जाता है?
(a) बाबा आमटे (b) राजेंद्र सिंह
(c) जादव पायेंग (d) कैलाश सांखला

71. 'टाइगर मैन ऑफ इंडिया' किसे कहा जाता है?
(a) कैलाश सांखला (b) रविंद्र कुमार सिन्हा
(c) सलीम अली (d) सुंदरलाल बहुगुणा

72. 'फॉरेस्ट मैन ऑफ इंडिया' (Forest Man of Inida) किसे कहा जाता है?
(a) चंडी प्रसाद भट्ट (b) जादव पायेंग
(c) राजेंद्र सिंह (d) गौरा देवी

73. उत्तर प्रदेश का राज्य पक्षी कौन-सा है?
(a) मोर (b) सारस (क्रेन)
(c) गौरैया (d) तोता

74. उत्तर प्रदेश का राज्य पशु क्या है?
(a) बाघ (b) बारहसिंगा
(c) हाथी (d) शेर

75. उत्तर प्रदेश का राज्य पुष्प क्या है?
(a) कमल (b) गुलाब
(c) पलाश (टेसू) (d) गेंदा

76. उत्तर प्रदेश का राज्य वृक्ष कौन-सा है?
(a) बरगद (b) पीपल
(c) अशोक (d) नीम

77. उत्तर प्रदेश में कुल कितने टाइगर रिजर्व हैं (2025 के अनुसार)?
(a) 2 (b) 3
(c) 4 (d) 5

78. उत्तर प्रदेश का सबसे नया (चौथा) टाइगर रिजर्व कौन-सा है?
(a) दुधवा (b) पीलीभीत
(c) रानीपुर (d) अमानगढ़

79. 'बब्बर शेर सफारी' (Lion Safari) उत्तर प्रदेश के किस जिले में स्थित है?
(a) लखनऊ (b) इटावा
(c) कानपुर (d) आगरा

80. उत्तर प्रदेश में कुल कितनी रामसर साइट्स (Ramsar Sites) हैं?
(a) 6 (b) 8
(c) 10 (d) 12

81. 'बखीरा वन्यजीव अभयारण्य' (रामसर साइट) यूपी के किस जिले में है?
(a) उन्नाव (b) संत कबीर नगर
(c) गोरखपुर (d) हरदोई

82. 'नवाबगंज पक्षी विहार' कहाँ स्थित है?
(a) उन्नाव (b) कन्नौज
(c) रायबरेली (d) गोंडा

83. 'नीरी' (NEERI) का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
(a) नई दिल्ली (b) नागपुर
(c) देहरादून (d) लखनऊ

84. 'भारतीय वन सर्वेक्षण' (FSI) का मुख्यालय कहाँ है?
(a) देहरादून (b) शिमला
(c) भोपाल (d) कोलकाता

85. 'अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन' (ISA) का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
(a) पेरिस (b) न्यूयॉर्क
(c) गुरुग्राम (d) नैरोबी

उत्तरमाला

1.	(a)	**2.**	(b)	**3.**	(c)	**4.**	(b)	**5.**	(c)	**6.**	(c)	**7.**	(c)	**8.**	(a)	**9.**	(d)	**10.**	(b)
11.	(a)	**12.**	(b)	**13.**	(b)	**14.**	(c)	**15.**	(b)	**16.**	(b)	**17.**	(a)	**18.**	(c)	**19.**	(c)	**20.**	(b)
21.	(b)	**22.**	(c)	**23.**	(b)	**24.**	(c)	**25.**	(c)	**26.**	(c)	**27.**	(a)	**28.**	(b)	**29.**	(c)	**30.**	(d)
31.	(a)	**32.**	(b)	**33.**	(b)	**34.**	(b)	**35.**	(c)	**36.**	(c)	**37.**	(b)	**38.**	(a)	**39.**	(b)	**40.**	(b)
41.	(a)	**42.**	(c)	**43.**	(c)	**44.**	(b)	**45.**	(c)	**46.**	(a)	**47.**	(b)	**48.**	(b)	**49.**	(b)	**50.**	(a)
51.	(a)	**52.**	(b)	**53.**	(b)	**54.**	(c)	**55.**	(b)	**56.**	(a)	**57.**	(a)	**58.**	(b)	**59.**	(c)	**60.**	(a)
61.	(b)	**62.**	(b)	**63.**	(a)	**64.**	(b)	**65.**	(b)	**66.**	(a)	**67.**	(b)	**68.**	(a)	**69.**	(a)	**70.**	(b)
71.	(a)	**72.**	(b)	**73.**	(b)	**74.**	(b)	**75.**	(c)	**76.**	(c)	**77.**	(c)	**78.**	(c)	**79.**	(b)	**80.**	(c)
81.	(b)	**82.**	(a)	**83.**	(b)	**84.**	(a)	**85.**	(c)										

अध्ययन

16 साइबर अपराध (Cyber Crime)

साइबर अपराध की परिभाषा (Definition of Cyber Crime)

सरल शब्दों में, 'कोई भी ऐसा गैर-कानूनी कृत्य (illegal Act) जिसमें कंप्यूटर, संचार उपकरण (जैसे मोबाइल) या इंटरनेट का उपयोग किया जाता है, **साइबर अपराध** कहलाता है।'

तकनीकी रूप से और परीक्षा की दृष्टि से, इसे दो मुख्य श्रेणियों में समझा जाता है:

1. जब कंप्यूटर 'लक्ष्य' हो (When the Computer is a Target)

यहाँ अपराधी का मुख्य उद्देश्य कंप्यूटर या उसके अंदर मौजूद डेटा को नुकसान पहुँचाना होता है।

- **उदाहरण:**
  - हैकिंग (Hacking)
  - वायरस या मालवेयर डालना
  - DoS अटैक (सर्वर क्रैश करना)
  - वेबसाइट हैक करना।
  - साइबर स्टॉकिंग (इंटरनेट के माध्यम से किसी का पीछा करना/धमकाना)
  - अश्लील सामग्री भेजना (Pornography)
  - क्रेडिट कार्ड फ्रॉड।

परीक्षा की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण कानूनी संदर्भ

- सूचना प्रौद्योगिकी (IT) अधिनियम, 2000- यह साइबर अपराध को एक वाक्य में परिभाषित नहीं करता, बल्कि उन गैरकानूनी कृत्यों को परिभाषित एवं दंडित करता है जहाँ कम्प्यूटर, कम्प्यूटर नेटवर्क, मोबाइल, टैबलेट या कोई भी स्मार्ट डिवाइस का उपयोग, हैकिंग, डेटा से छेड़छाड़, गोपनीय जानकारी का दुरुपयोग करने में किया जाता है।

निष्कर्ष

'साइबर स्पेस (इंटरनेट की दुनिया) में किया गया हर वह कार्य जो कानून का उल्लंघन करता है, साइबर अपराध कहलाता है।'

2. जब कंप्यूटर 'हथियार' हो (When the Computer is a Weapon/Tool)

यहाँ कंप्यूटर का इस्तेमाल किसी दूसरे अपराध को अंजाम देने के लिए एक हथियार की तरह किया जाता है।

- **उदाहरण:**
  - **A.** वित्तीय साइबर अपराध (Financial Cyber Crime)
  - **B.** डिवाइस सिस्टम पर हमले (Attacks on Device/System)
  - **C.** व्यक्ति विशेष के विरुद्ध अपराध (Crimes Against Individuals)

A. वित्तीय साइबर अपराध (Financial Cyber Crimes)

- **फिशिंग (Phishing):**
  - **परिभाषा:** 'मछली फंसाने' की तरह, इसमें हैकर्स आपको फर्जी ईमेल या लिंक (जैसे बैंक या लॉटरी) भेजते हैं जो बिल्कुल असली लगता है। जब आप उस लिंक पर क्लिक करके अपना पासवर्ड डालते हैं, तो वह चोरी हो जाता है।
  - **की-वर्ड:** फेक ईमेल, नकली वेबसाइट।
- **विशिंग (वॉइस फिशिंग) (Vishing - Voice Phishing):**
  - **परिभाषा:** जब ठगी फोन कॉल (Voice Call) के माध्यम से की जाती है। अपराधी खुद को बैंक अधिकारी बताकर आपसे OTP या PIN मांगते हैं।
  - **की-वर्ड:** फर्जी फोन कॉल।
- **स्मिशिंग (Smishing - SMS Phishing):**
  - **परिभाषा:** जब ठगी SMS या टेक्स्ट मैसेज के जरिए की जाती है। जैसे- 'आपका बिजली का बिल बकाया है, तुरंत इस लिंक पर क्लिक करें वरना बिजली काट दी जाएगी।'
  - **की-वर्ड:** फर्जी SMS
- **सलामी अटैक (Salami Attack):**
  - **परिभाषा:** यह एक शातिर अपराध है जिसमें अपराधी हर बैंक खाते से बहुत छोटी रकम (जैसे 50 पैसे या 1 रुपया) निकालता है। यह रकम इतनी छोटी होती है कि किसी का ध्यान नहीं जाता, लेकिन लाखों खातों से मिलकर यह बहुत बड़ी चोरी बन जाती है।
  - **की-वर्ड:** छोटी-छोटी चोरी, वित्तीय हेराफेरी।

B. डिवाइस/सिस्टम पर हमले (Attacks on Device/System)

- **रैंसमवेयर (Ransomware):**
  - **परिभाषा:** यह एक वायरस है जो आपके कंप्यूटर की फाइलों को 'लॉक' (Encrypt) कर देता है। फिर उसे खोलने (Unlock) के लिए हैकर आपसे पैसे (फिरौती) माँगता है।
  - **कीवर्ड:** फिरौती (Ransom), फाइल लॉक करना।
- **बॉटनेट (Botnet):**
  - **परिभाषा:** इसमें हैकर वायरस भेजकर कई सारे कंप्यूटरों को अपने कब्जे में ले लेता है और उनका एक 'जाल' (Network) बना

लेता है और इन कंप्यूटरों के मालिक को पता भी नहीं चलता कि उसके कंप्यूटर किसी और के इशारे पर काम कर रहे हैं।

- **कीवर्ड:** जॉम्बी कंप्यूटर (Zombie Computer)

- **DDoS अटैक (Distributed Denial- of-Service):**
  - **परिभाषा:** किसी वेबसाइट पर एक साथ इतना नकली ट्रैफिक भेज देना कि वेबसाइट का सर्वर बैठ जाए (Crash हो जाए) और उपयोगकर्ता उससे जुड़ी ऑनलाइन सेवाओं और साइटों तक न पहुँच सकें।
  - **कीवर्ड:** सर्वर क्रैश, वेबसाइट ठप करना।
- **जूस जैकिंग (Juice Jacking)**
  - **परिभाषा:** सार्वजनिक स्थानों (रेलवे स्टेशन/एयरपोर्ट) पर लगे USB चार्जिंग पोर्ट के जरिए आपके मोबाइल से डेटा चुराना। अपराधी चार्जिंग केबल के जरिए डेटा कॉपी कर लेते हैं।
  - **कीवर्ड:** पब्लिक चार्जिंग स्टेशन, डेटा चोरी।

ब. व्यक्ति विशेष के विरुद्ध अपराध (Crime Against Individual)

- **साइबर स्टॉकिंग (Cyber Stalking):**
  - **परिभाषा:** इंटरनेट, सोशल मीडिया या ईमेल के जरिए किसी व्यक्ति (अक्सर महिलाओं) का लगातार पीछा करना, नजर रखना या परेशान करना।
- **साइबर बुलिंग (Cyber Bullying):**
  - **परिभाषा:** सोशल मीडिया पर किसी को डराना, धमकाना, भद्दे कमेंट्स करना या बदनाम करना।
- **डिजिटल अरेस्ट (Digital Arrest) [Most important Trend]:**
  - **परिभाषा:** अपराधी खुद को पुलिस/CBI/NCB अधिकारी बताकर वीडियो कॉल करते हैं। वे झूठा आरोप लगाते हैं कि आपके नाम पर ड्रग्स का पार्सल मिला है और आपको डराकर घर में ही कैमरे के सामने नजरबंद (Digital Arrest) रहने को कहते हैं और पैसे ऐंठते हैं।
- **डेटा डिडलिंग (Data Diddling):**
  - **परिभाषा:** कंप्यूटर सिस्टम में डेटा दर्ज करने से ठीक पहले या उसके दौरान जानबूझकर और अनधिकृत रूप से हेरफेर किया जाता है, ताकि धोखाधड़ी या दुर्भावनापूर्ण लाभ प्राप्त किया जा सके। (जैसे क्लर्क द्वारा अपने रिश्तेदार का नाम लिस्ट में ऊपर कर देना)।

सारांश *(Summary)*

शब्द	अर्थ (एक लाइन में)
Phishing	ईमेल द्वारा ठगी
Vishing	कॉल द्वारा ठगी
Smishing	SMS द्वारा ठगी
Malware	हानिकारक सॉफ्टवेयर (वायरस आदि)
Spyware	जासूसी करने वाला सॉफ्टवेयर

3. हैकिंग से जुड़े शब्द *(Terms Related to Hacking)*

- **हैकर (Hacker):** वह व्यक्ति जो कंप्यूटर सिस्टम की गहराइयों को जानता है। ये अच्छे और बुरे दोनों हो सकते हैं।
- **क्रैकर (Cracker):** यह हमेशा नकारात्मक होता है। वह व्यक्ति जो सुरक्षा तोड़कर सिस्टम को नुकसान पहुँचाता है या सॉफ्टवेयर का पासवर्ड (Licence Key) तोड़ता है।
- **व्हाइट हैट हैकर (White Hat Hacker):** इन्हें 'एथिकल हैकर' भी कहते हैं। ये अनुमति लेकर सिस्टम की कमियाँ ढूंढते हैं ताकि उसे सुरक्षित किया जा सके।
- **ब्लैक हैट हैकर (Black Hat Hacker):** ये अपराधी होते हैं जो चोरी या नुकसान के लिए हैकिंग करते हैं।
- **ग्रे हैट हैकर (Grey Hat Hacker):** ये बिना अनुमति के सिस्टम में घुसपैठ करते हैं, लेकिन इनका इरादा आमतौर पर नुकसान पहुँचाना नहीं, बल्कि सिस्टम एडमिनिस्ट्रेटर को कमजोरी के बारे में बताना होता है।

4. मैलवेयर और वायरस के प्रकार *(Types of Malware and Viruses)*

- **वायरस (Virus):** यह एक प्रोग्राम है जो फाइलों के साथ चिपक कर फैलता है। इसे फैलने के लिए मानवीय क्रिया (Human Action) की जरूरत होती है (जैसे फाइल खोलना या पेन ड्राइव लगाना)।
- **उद्देश्य:** फाइलों को नुकसान पहुँचाना, डेटा चोरी करना या सिस्टम को क्रैश करना।
- **वर्म (Worm):** यह वायरस से अधिक खतरनाक है। इसे फैलने के लिए इंसान की जरूरत नहीं होती। यह नेटवर्क के जरिए अपने आप (Automatically) अपनी कॉपी बनाकर पूरे नेटवर्क को जाम कर देता है।
- **उद्देश्य** – सिस्टम संसाधनों को समाप्त करना और अक्सर अन्य मैलवेयर के लिए द्वार खोलना।
- **ट्रोजन हॉर्स (Trojan Horse):** ग्रीक कथा के 'लकड़ी के घोड़े' की तरह, यह ऊपर से एक उपयोगी सॉफ्टवेयर (जैसे गेम या कैलकुलेटर) दिखता है, लेकिन इसके अंदर वायरस छिपा होता है। यह अपनी कॉपी नहीं बनाता, बल्कि रास्ता (Backdoor) खोल देता है।
- **उद्देश्य** – पिछले दरवाजे (Backdoor) बनाना ताकि हमलावर सिस्टम तक पहुँच सके, संवेदनशील जानकारी चुरा सकें या सिस्टम को दूर से नियंत्रित कर सकें।
- **की-लॉगर (Keylogger):** यह एक जासूसी प्रोग्राम है। आप की-बोर्ड पर जो भी बटन दबाते हैं (पासवर्ड, पिन), यह उसे रिकॉर्ड करके हैकर को भेज देता है।
- **उद्देश्य** – उपयोगकर्ता की गोपनीय जानकारी चुराना।
- **रूटकिट (Rootkit):** यह हैकर को कंप्यूटर का 'एडमिन' (Administrator) या मालिक बना देता है, जिससे वह दूर बैठकर सब कुछ कंट्रोल कर सकता है।
- **उद्देश्य** – हमलावरों को सिस्टम पर पूर्ण नियंत्रण देना और अन्य मैलवेयर की उपस्थिति को छिपाना।

5. हमले की तकनीक *(Attack Technique)*

- **स्पूफिंग (Spoofing):** यह एक ऐसी तकनीक है जिसमें एक हमलावर किसी वैध या भरोसेमंद स्रोत जैसे व्यक्ति, डिवाइस या नेटवर्क एंटिटी होने का दिखावा करता है ताकि वह उपयोगकर्ता का विश्वास जीत सके और डेटा चुरा सके या सिस्टम तक अनधिकृत पहुँच प्राप्त कर सके।

  उदाहरण: अपनी कॉलर आईडी बदलकर ऐसा दिखाना कि कॉल पुलिस स्टेशन से आ रही है।
- **स्निफिंग (Sniffing):** नेटवर्क पर बह रहे डेटा को बीच में ही 'सूंघना' या पढ़ लेना। (जैसे वायरटैपिंग)।
- **जीरो-डे अटैक (Zero-Day Attack):** जब किसी सॉफ्टवेयर में कोई कमी (Bug) हो और कंपनी को उसके बारे में पता चलने से पहले ही हैकर उस कमी का फायदा उठाकर हमला कर दे।
- **ब्रूट फोर्स अटैक (Brute Force Attack):** पासवर्ड तोड़ने का एक तरीका, जिसमें सॉफ्टवेयर हर संभव कॉम्बिनेशन (जैसे aaaa, aaab, aaac...) को आजमाकर पासवर्ड क्रैक करने की कोशिश करता है।

6. इंटरनेट और सुरक्षा शब्दावली *(Internet and Security Terms)*

- **कुकीज (Cookies):** जब आप किसी वेबसाइट पर जाते हैं, तो वह वेबसाइट आपके ब्राउजर में एक छोटी-सी टेक्स्ट फाइल सेव कर देती है। इसमें आपकी पसंद और लॉगिन डीटेल्स होती हैं।
- **फायरवॉल (Firewall):** यह कंप्यूटर और इंटरनेट के बीच की 'सुरक्षा दीवार' है। यह अनधिकृत (Unauthorized) डेटा को आने और जाने से रोकता है।
- **एन्क्रिप्शन (Encryption):** डेटा को सुरक्षा के लिए ऐसे कोड में बदलना जिसे कोई पढ़ न सके। (सामान्य टेक्स्ट → सिफर टेक्स्ट)।
- **डिक्रिप्शन (Decryption):** कोड वाले डेटा को वापस सामान्य भाषा में बदलना। यह एन्क्रिप्शन की उल्टी प्रक्रिया है।
- **VPN (Virtual Private Network) :** यह आपकी पहचान (IP Address) को छुपा देता है और आपको इंटरनेट पर 'अदृश्य' होकर काम करने की आजादी देता है।
- **IP Address (इंटरनेट प्रोटोकॉल एड्रेस):** इंटरनेट पर हर कंप्यूटर/मोबाइल का एक पता होता है (जैसे: 192.168.1.1)। पुलिस इसी से अपराधी की लोकेशन ट्रेस करती है।
- IPv4 (इंटरनेट प्रोटोकॉल संस्करण 4) : 32-बिट का होता है।
- IPv6 (इंटरनेट प्रोटोकॉल संस्करण 6): 128-बिट का होता है।
- **पैच (Patch):** जब किसी सॉफ्टवेयर में कोई कमी (Bug) मिलती है, तो कंपनी उसे ठीक करने के लिए जो छोटा अपडेट जारी करती है, उसे **'पैच'** कहते हैं।

7. कानून और अधिनियम *(Laws and Acts)* - विस्तृत विवरण

- **सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (IT Act), 2000:**
  - **लागू होने की तारीख:** यह अधिनियम 17 अक्टूबर, 2000 को पूरे भारत में लागू हुआ।
  - **उद्देश्य:** ई-कॉमर्स को कानूनी मान्यता देना और साइबर अपराधों को रोकना।
- **IT (संशोधन) अधिनियम, 2008:**
  - **कब हुआ:** मूल कानून में संशोधन 2008 में किया गया।
  - **लागू होने की तारीख:** यह संशोधित एक्ट 27 अक्टूबर, 2009 को लागू हुआ।
  - **महत्त्व:** इसमें साइबर आतंकवाद और डेटा सुरक्षा जैसी नई धाराओं को जोड़ा गया।
- **महत्त्वपूर्ण समितियाँ और नीतियाँ:**
  - **बी. एन. श्री कृष्णा समिति (B.N. Srikrishna Committee):** यह समिति सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में बनी थी। इसका संबंध 'डेटा संरक्षण' (Data Protection) और डेटा सुरक्षा बिल का मसौदा तैयार करने से है।
  - **राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति (National Cyber Security Policy):** यह नीति वर्ष 2013 में जारी की गई थी।
  - **साइबर सुरक्षित भारत पहल:** इसकी शुरुआत 2018 में हुई।
- **अंतर्राष्ट्रीय कानून:**
  - **बुडापेस्ट कन्वेंशन (Budapest Convention):** यह समझौता साइबर अपराध पर एकमात्र कानूनी रूप से बाध्यकारी अंतरराष्ट्रीय बहुपक्षीय संधि है। यह राष्ट्र-राज्यों के बीच साइबर अपराध जाँच का समन्वय करता है और कुछ साइबर आपराधिक कृत्यों को अपराध घोषित करता है।
  - यह किसी भी देश के लिए साइबर अपराध के खिलाफ व्यापक राष्ट्रीय कानून विकसित करने के लिए एक दिशा-निर्देश के रूप में और इस संधि के सदस्य देशों के बीच अंतर्राष्ट्रीय सहयोग के लिए एक ढांचे के रूप में कार्य करता है।

श्रेणी (Categor)	विवरण (Description)
पहला साइबर पुलिस स्टेशन	बेंगलुरु (इसकी स्थापना वर्ष 2001 में हुई थी।)
पहली साइबर फॉरेंसिक लैब	त्रिपुरा (यह भारत की पहली साइबर फॉरेंसिक प्रयोगशाला है।)
पहला कंप्यूटर वायरस (भारत)	ब्रेन (Brain)
यूपी में साइबर मुख्यालय	लखनऊ
यूपी के साइबर थाने	हर जिले में
पहला डोमेन नेम (विश्व)	Symbolics.com (15 मार्च, 1985 को रजिस्टर हुआ।)

8. महत्त्वपूर्ण दिवस और माह *(Important Days and Months)*

- **साइबर सुरक्षा जागरूकता माह (Cyber Security Awareness Month):** अक्टूबर (हर साल अक्टूबर महीने को साइबर जागरूकता माह के रूप में मनाया जाता है)।
- **TRAI स्थापना दिवस:** 20 फरवरी, 1997 (टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया की स्थापना)।
- **IT एक्ट लागू होने की तिथि:** 17 अक्टूबर, 2000
- **IT संशोधन (Amendment) लागू होने की तिथि:** 27 अक्टूबर, 2009।

9. महत्त्वपूर्ण फुल फॉर्मस *(Important full form)*

- **VIRUS:** Vital Information Resources Under Siege (वाइटल इन्फॉर्मेशन रिसोर्सेज अंडर सीज)।
- **I4C:** Indian Cyber Crime Coordination Centre (इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर)।
- **CCIC:** Cyber Crime Investigation Cell (साइबर क्राइम इन्वेस्टिगेशन सेल)।
- **CIA triad:** Confidentiality, Integrity and Availability triad (कॉन्फिडेंशियलिटी, इंटीग्रिटी एंड अवेलेबिलिटी ट्रायड) – इसे साइबर सुरक्षा का त्रिकोण भी कहा जाता है।
- **DDoS:** Distributed Denial of Service (डिस्ट्रिब्यूटेड डिनायल ऑफ सर्विस)।
- **IoT:** Internet of Things (इंटरनेट ऑफ थिंग्स)।
- **ITEC:** Indian Technical and Economic Cooperation (इंडियन टेक्निकल एंड इकोनॉमिक कोऑपरेशन)।
- **CERT-In:** Computer Emergency Response Team (कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम)।

10. जागरूकता पहल और संस्थाएँ *(Awareness Initiatives and Organizations)*

- **साइबर दोस्त (Cyber Dost):** यह भारत सरकार के गृह मंत्रालय (Ministry of Home Affairs) द्वारा Twitter (X) पर बनाया गया एक हैंडल है, जिसका उद्देश्य लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करना है।
- **साइबर प्रवाह (Cyber Pravah):** यह गृह मंत्रालय द्वारा शुरू की गई एक त्रैमासिक पत्रिका (Quarterly Magazine) है।
- **आधिकारिक वेबसाइट:** भारत सरकार ने साइबर अपराध रिपोर्ट करने के लिए cybercrime.gov. पद पोर्टल बनाया है।
- **राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक:**
  - **प्रथम समन्वयक:** डॉ. गुलशन राय।
  - **वर्तमान समन्वयक** – नवीन कुमार सिंह (नियुक्त-अगसत 2025 में)

11. विविध तथ्य *(Miscellaneous Facts)*

- **5C का सिद्धांत:** साइबर सुरक्षा में 5C का सिद्धांत
  1. Change (परिवर्तन)
  2. Compliance (अनुपालन)
  3. Cost (लागत)
  4. Continuity (निरंतरता)
  5. Coverage (कवरेज)
- **ग्लोबल साइबर सुरक्षा इंडेक्स (Global Cyber Security Index):**
- ग्लोबल साइबर सुरक्षा सूचकांक (GCI) की शुरुआत वर्ष 2015 में हुई थी।
- इसे अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ (ITU) द्वारा विकसित किया गया है।
- भारत अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों के साथ टियर 1 में है।

सूचना प्रौद्योगिक अधिनियम (II), 2000

भाग 1: IT Act, 2000 की महत्त्वपूर्ण धाराएँ (Most Important Sections of IT Act, 2000)

धारा (Section)	अपराध/विवरण (Offense/Details)	सजा/जुर्माना
धारा 43	कंप्यूटर सिस्टम को नुकसान पहुँचाना (बिना अनुमति डेटा निकालना, वायरस डालना)।	अपराधी को प्रभावित व्यक्ति को हुए नुकसान का लिए मुआवजा और जुर्माना देना होगा।
धारा 66	कंप्यूटर संबंधित अपराध (हैकिंग आदि) करना।	3 साल तक की जेल और 5 लाख तक का जुर्माना।
धारा 66A	(रद्द) सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक संदेश भेजना (सुप्रीम कोर्ट ने 'श्रेया सिंघल केस' में इसे असंवैधानिक घोषित कर दिया है – यह बहुत पूछा जाता है)।	अब लागू नहीं
धारा 66C	पहचान की चोरी (Identity Theft): किसी और का पासवर्ड या डिजिटल सिग्नेचर चुराना।	3 वर्ष का कारावास और/या 1 लाख तक का जुर्माना
धारा 66D	कंप्यूटर के जरिए प्रतिरूपण (Impersonation) करके ठगी करना (फर्जी आईडी बनाकर)।	3 वर्ष का कारावास और/या 1 लाख तक का जुर्माना
धारा 66F	साइबर आतंकवाद (Cyber Terrorism): के लिए दंड	आजीवन कारावास

धारा 67	इलेक्ट्रॉनिक रूप में अश्लील (Obscene) सामग्री प्रकाशित करना।	पहली बार 3 साल तक की सजा और 5 लाख तक का जुर्माना भी देना पड़ सकता है। दूसरी बार 5 साल तक की सजा साथ ही 10 लाख तक का जुर्माना देना पड़ सकता है।
धारा 67B	बाल अश्लीलता (Child Pornography): बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री।	5 से 7 साल तक

भाग 2: नए जमाने के साइबर अपराध

1. **डिजिटल अरेस्ट (Digital Arrest):** यह 2024 का सबसे बड़ा स्कैम है। इसमें ठग पुलिस/CBI की वर्दी पहनकर वीडियो कॉल करते हैं और कहते हैं कि 'आपका नाम मनी लॉन्ड्रिंग में आया है, डिजिटल अरेस्ट रहो (कैमरे के सामने बैठे रहो)' और पैसे ट्रांसफर करवाते हैं।
2. **डीपफेक (Deepfake) :** Al (Artificial Intelligence) का उपयोग करके किसी व्यक्ति का नकली वीडियो या आवाज बनाना। (जैसे किसी नेता या अभिनेता का फर्जी वीडियो)।
3. **जूस जैकिंग (Juice Jacking):** जूस जैकिंग (Juice Jacking) एक साइबर हमला है जिसमें हैकर्स सार्वजनिक USB चार्जिंग पोर्ट (जैसे एयरपोर्ट, मॉल में) का इस्तेमाल करके आपके फोन या डिवाइस में मैलवेयर इंस्टॉल करते हैं या आपका संवेदनशील डेटा चुरा लेते हैं, क्योंकि USB पोर्ट सिर्फ पावर ही नहीं, डेटा ट्रांसफर भी कर सकता है; यह आपके कॉन्टैक्ट्स, फोटो, बैंकिंग डिटेल्स चुरा सकता है और डिवाइस को कंट्रोल कर सकता है।

13. उत्तर प्रदेश विशेष *(UP Specific Institutions)*

- **साइबर मुख्यालय:** लखनऊ (Lucknow)।
- **साइबर थाने:** पहले केवल 18 रेंज स्तर पर थे, लेकिन अब सभी 75 जिलों में साइबर थाने कार्यशील (Operational) हो चुके हैं।
- **UP-COP App:** यूपी पुलिस का आधिकारिक ऐप, जहाँ आप ई-एफआईआर (e-FIR) दर्ज कर सकते हैं (मोबाइल चोरी या साइबर अपराध के लिए)।

14. प्रमुख पोर्टल्स और पहल *(Important Portals & Initiatives)*

1. **National Cyber Crime Reporting Portal:**

- **वेबसाइट:** www.cybercrime.gov.in
- **विवरण:** यहाँ कोई भी व्यक्ति घर बैठे ऑनलाइन शिकायत दर्ज कर सकता है। इसमें विशेष रूप से 'महिलाओं और बच्चों' के खिलाफ अपराध के लिए 9 अलग सेक्शन हैं।

2. **साइबर स्वच्छता केंद्र (Cyber Swachhta Kendra):**

उपनाम: इसे 'Botnet Cleaning and Malware Analysis Centre' भी कहते हैं।

अभ्यास-प्रश्न

1. भारत में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम (IT Act) कब लागू हुआ?
(a) 17 अक्टूबर, 2000 (b) 15 अगस्त, 2000
(c) 26 जनवरी, 2001 (d) 1 अप्रैल, 2000

2. IT Act 2000 में बड़ा संशोधन (Amendment) किस वर्ष किया गया था?
(a) 2005 (b) 2008
(c) 2010 (d) 2013

3. IT Act की किस धारा को सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक घोषित कर दिया है?
(a) धारा 66F (b) धारा 66A
(c) धारा 67L (d) धारा 43B

4. 'साइबर आतंकवाद (Cyber Terrorism) के लिए किस धारा में सजा का प्रावधान है?
(a) धारा 66B (b) धारा 66E
(c) धारा 66F (d) धारा 67A

5. साइबर आतंकवाद के लिए अधिकतम सजा क्या है?
(a) 3 साल की कैद (b) 10 साल की कैद
(c) आजीवन कारावास (d) 5 लाख जुर्माना

6. अश्लील सामग्री (Pornography) को इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रकाशित करना किस धारा के तहत अपराध है?
(a) धारा 65 (b) धारा 66
(c) धारा 67 (d) धारा 72

7. बच्चों से संबंधित अश्लील सामग्री (Child Pornography) किस धारा में आती है?
(a) धारा 67A (b) धारा 67B
(c) धारा 66E (d) धारा 69F

8. 'किसी की पहचान चोरी' (Identity Theft) करना किस धारा के तहत दंडनीय है?
(a) धारा 66C (b) धारा 66D
(c) धारा 43C (d) धारा 65D

9. कंप्यूटर स्रोत कोड के साथ छेड़छाड़ करना किस धारा में आता है?
(a) धारा 65 (b) धारा 66
(c) धारा 67 (d) धारा 70

10. भारतीय संविधान की किस सूची में 'साइबर अपराध' आता है?
(a) संघ सूची (b) राज्य सूची
(c) समवर्ती सूची (d) अवशिष्ट सूची

11. राष्ट्रीय अति-महत्वपूर्ण सूचना अवसंरचना संरक्षण केंद्र (NCIIPC) का गठन किस धारा के तहत हुआ?
(a) धारा 69E (b) धारा 70A
(c) धारा 79B (d) धारा 80C

12. किसी की निजता भंग करना (Privacy Violation) जैसे गुप्त अंगो की फोटो लेना, किस धारा में है?
(a) धारा 66E (b) धारा 66A
(c) धारा 67C (d) धारा 45B

13. IT Act के तहत 'कंट्रोलर ऑफ सर्टिफाइंग अथॉरिटीज' (CCA) क्या काम करता है?
(a) पुलिस भर्ती
(b) डिजिटल हस्ताक्षर जारी करना और नियम बनाना
(c) वेबसाइट बनाना
(d) इंटरनेट बंद करना

14. धारा 43 का संबंध किससे है?
(a) हैकिंग की सजा
(b) कंप्यूटर सिस्टम को नुकसान पहुँचाने पर मुआवजा (Civil Liability)
(c) साइबर आतंकवाद
(d) पोर्नोग्राफी

15. IT संशोधन अधिनियम, 2008 कब से प्रभावी (लागू) हुआ?
(a) 27 अक्टूबर, 2009 (b) 17 अक्टूबर, 2000
(c) 1 जनवरी, 2009 (d) 5 फरवरी, 2008

16. पुलिस को किसी भी डिजिटल जानकारी को इंटरसेप्ट (Intercept) या डिक्रिप्ट करने का अधिकार किस धारा में है?
(a) धारा 69 (b) धारा 65
(c) धारा 43 (d) धारा 66

17. कंप्यूटर का उपयोग करके प्रतिरूपण करना किस धारा में है?
(a) धारा 66D (b) धारा 66C
(c) धारा 66B (d) धारा 67E

18. चोरी किए गए कंप्यूटर संसाधन या डेटा को रखना किस धारा में अपराध है?
(a) धारा 66A (b) धारा 66B
(c) धारा 66C (d) धारा 66D

19. IT Act, 2000 किस संयुक्त राष्ट्र प्रस्ताव पर आधारित है?
(a) UNCITRAL मॉडल कानून
(b) पेरिस समझौता
(c) जेनेवा कन्वेंशन
(d) मानवाधिकार आयोग

20. 'साइबर अपील अधिकरण (Cyber Appellate Tribunal)' के अध्यक्ष की योग्यता क्या होनी चाहिए?
(a) वह हाई कोर्ट का जज हो या रह चुका हो
(b) वह सुप्रीम कोर्ट का वकील हो
(c) वह पुलिस महानिदेशक हो
(d) वह IT मंत्री हो

21. 'फिशिंग' (Phishing) का क्या अर्थ है?
(a) मछली पकड़ना
(b) नकली ईमेल भेजकर निजी जानकारी चुराना

(c) कंप्यूटर में वायरस डालना
(d) वेबसाइट क्रैश करना

22. जब ठगी 'वॉयस कॉल (Voice Call) के माध्यम से की जाती है, तो उसे क्या कहते हैं?
(a) Phishing (b) Smishing
(c) Vishing (d) Stalking

23. SMS के जरिए लिंक भेजकर ठगी करना क्या कहलाता है?
(a) Smishing (b) Vishing
(c) Hacking (d) Spamming

24. वह अपराध जिसमें अपराधी बहुत छोटी राशि (जैसे 1 रुपया) कई खातों से चुराता.....कहलाता है।
(a) क्क्वै अटैक (b) सलामी अटैक
(c) वॉर्म अटैक (d) लॉजिक बम

25. 'साइबर स्टॉकिंग' (Cyber Stalking) क्या है?
(a) इंटरनेट पर किसी का पीछा करना या परेशान करना
(b) कंप्यूटर चुराना
(c) डेटा डिलीट करना
(d) पासवर्ड बदलना

26. सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन पर मोबाइल का डेटा चोरी होना क्या कहलाता है?
(a) ब्लूजैकिंग (b) जूस जैकिंग
(c) डेटा डिडलिंग (d) स्निफिंग

27. 'DDoS' का पूर्ण रूप क्या है?
(a) Direct Denial of Service
(b) Distributed Denial of Service
(c) Data Distribution of System
(d) Digital Data of Security

28. वह प्रोग्राम जो कंप्यूटर में डेटा डालने से पहले या दौरान बदल देता है?
(a) डेटा डिडलिंग (Data Diddling)
(b) सलामी अटैक
(c) ट्रोजन
(d) स्पैम

29. 'रैंसमवेयर' (Ransomware) का मुख्य उद्देश्य क्या होता है?
(a) डेटा चोरी करना
(b) फाइलें लॉक करके फिरौती मांगना
(c) जासूसी करना
(d) विज्ञापन दिखाना

30. 'डिजिटल अरेस्ट' (Digital Arrest) स्कैम में अपराधी किसका रूप धारण करते हैं?
(a) बैंक मैनेजर
(b) पुलिस, CBI या कस्टम अधिकारी
(c) लॉटरी एजेंट
(d) डॉक्टर

31. किसी वेबसाइट पर बहुत ज्यादा ट्रैफिक भेजकर उसे क्रैश कर देना क्या कहलाता है?
(a) Phishing (b) DoS/DDoS Attack
(c) Spoofing (d) Sniffing

32. अपनी पहचान छुपाकर कोई वैध स्रोत या व्यक्ति होने का नाटक करना (जैसे फेक कॉलर आईडी) क्या कहलाता है?
(a) Spoofing (b) Sniffing
(c) Spamming (d) Stalking

33. नेटवर्क पर बह रहे डेटा को बीच में ही पढ़ लेना या 'सूंघना' क्या कहलाता है?
(a) Sniffing (b) Spoofing
(c) Phishing (d) Cracking

34. मैन-इन-द-मिडल अटैक (MitM) अटैक अक्सर कहाँ होता है?
(a) घर के वाई-फाई पर
(b) सुरक्षित पब्लिक वाई-फाई पर
(c) असुरक्षित/फ्री पब्लिक वाई-फाई पर
(d) पेन ड्राइव में

35. 'लॉजिक बम' (Logic Bomb) क्या है?
(a) एक असली बम
(b) एक कोड जो किसी विशेष घटना या समय पर सक्रिय होता है
(c) एंटीवायरस
(d) हार्डवेयर डिवाइस

36. अवांछित (Unwanted) ईमेल जो थोक में भेजे जाते हैं, क्या कहलाते हैं?
(a) स्पैम (Spam) (b) ड्राफ्ट
(c) वायरस (d) कूकीज

37. 'सिम स्वैपिंग' (SIM Swapping) का इस्तेमाल अपराधी किस लिए करते हैं?
(a) फ्री कॉल करने के लिए
(b) बैंक OTP प्राप्त करने के लिए
(c) इंटरनेट चलाने के लिए
(d) कॉन्टैक्ट्स डिलीट करने के लिए

38. AI का उपयोग करके किसी का नकली वीडियो बनाना क्या कहलाता है?
(a) वीडियो एडिटिंग (b) डीपफेक
(c) एनिमेशन (d) मॉर्फिंग

39. ब्लूटूथ के जरिए किसी के फोन से डेटा चुराना क्या कहलाता है?
(a) ब्लूस्नार्फिंग (b) ब्लूजैकिंग
(c) रेडटैपिंग (d) व्हाइटवॉशिंग

40. 'जीरो डे अटैक' (Zero Day Attack) का मतलब क्या है?
(a) रविवार को किया गया हमला
(b) सॉफ्टवेयर की उस कमी पर हमला जिसका पता कंपनी को अभी नहीं है
(c) 0 बजे किया गया हमला
(d) बिना इंटरनेट के हमला

41. कंप्यूटर वायरस (VIRUS) का पूर्ण रूप क्या है?

(a) Very Important Resource Under Siege
(b) Vital Information Resources Under Siege
(c) Verify Information Resource Under System
(d) Vital Internet Resource User System

42. पहला कंप्यूटर वायरस (PC के लिए) किसे माना जाता है?
(a) क्रीपर (b) ब्रेन
(c) आई लव यू (d) माय डूम

43. वह मैलवेयर जो अपनी कॉपी खुद बनाकर नेटवर्क में फैलता है?
(a) वायरस (b) वर्म
(c) ट्रोजन (d) स्पाइवेयर

44. वह प्रोग्राम जो उपयोगी दिखता है लेकिन अंदर से नुकसानदायक होता है?
(a) वर्म (b) ट्रोजन हॉर्स
(c) एंटीवायरस (d) पैच

45. की-बोर्ड की गतिविधियों (Key strokes) को रिकॉर्ड करने वाला सॉफ्टवेयर कौन-सा है?
(a) की-लॉगर (b) स्क्रीन रिकॉर्डर
(c) वॉर्म (d) कुकीज

46. उपयोगकर्ता की जासूसी करने वाला सॉफ्टवेयर क्या कहलाता है?
(a) फर्मवेयर (b) स्पाइवेयर
(c) शेयरवेयर (d) फ्रीवेयर

47. इंटरनेट और कंप्यूटर के बीच सुरक्षा दीवार का काम कौन करता है?
(a) मॉडेम (b) फायरवॉल
(c) वायरस (d) सीपीयू

48. 'कुकीज' (Cookies) क्या है?
(a) खाने की बिस्किट
(b) एक वायरस
(c) ब्राउजर में सेव होने वाली छोटी टेक्स्ट फाइल जो यूजर की जानकारी रखती है
(d) एक एंटीवायरस

49. डेटा को सुरक्षित कोड में बदलना क्या कहलाता है?
(a) डिक्रिप्शन (b) एन्क्रिप्शन
(c) कंप्रेशन (d) डिजिटाइजेशन

50. 'I LOVE YOU' क्या था?
(a) एक प्रेम पत्र (b) एक प्रसिद्ध कंप्यूटर वायरस
(c) एक वेबसाइट (d) एक गेम

51. 'स्टक्सनेट' (Stuxnet) वॉर्म ने किस देश के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाया था?
(a) अमेरिका (b) रूस
(c) ईरान (d) चीन

52. वह हैकर जो अनुमति लेकर सिस्टम की सुरक्षा जाँचता है?
(a) ब्लैक हैट हैकर
(b) व्हाइट हैट हैकर (White Hat Hacker)
(c) ग्रे हैट हैकर
(d) क्रैकर

53. 'रूटकिट' (Rootkit) का उद्देश्य क्या है?
(a) कंप्यूटर को धीमा करना
(b) एडमिन (Administrator) स्तर का कंट्रोल प्राप्त करना
(c) फाइल डिलीट करना
(d) विज्ञापन दिखाना

54. HTTPS में 'S' का क्या अर्थ है?
(a) System (b) Secure
(c) Standard (d) Speed

55. IP पता (IP Address) कितने प्रकार का होता है?
(a) केवल एक (b) दो
(c) तीन (d) चार

56. IPv4 एड्रेस कितने बिट का होता है?
(a) 32 बिट (b) 64 बिट
(c) 128 बिट (d) 16 बिट

57. IPv6 एड्रेस कितने बिट का होता है?
(a) 32 बिट (b) 64 बिट
(c) 128 बिट (d) 256 बिट

58. कंप्यूटर का भौतिक पता (Physical Address) किसे कहते हैं?
(a) IP Address (b) MAC Address
(c) Email Address (d) Home Address

59. VPN का पूर्ण रूप क्या है?
(a) Virtual Public Network
(b) Virtual Private Network
(c) Visual Private Network
(d) Virus Protection Network

60. 'कैप्चा' (CAPTCHA) का उपयोग क्यों किया जाता है?
(a) पासवर्ड बचाने के लिए
(b) यह जाँचने के लिए कि यूजर इंसान है या रोबोट
(c) गेम खेलने के लिए
(d) वायरस हटाने के लिए

61. राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल का हेल्पलाइन नंबर क्या है?
(a) 100 (b) 1090
(c) 1930 (d) 1098

62. भारत की साइबर सुरक्षा के लिए नोडल एजेंसी कौन-सी है?
(a) CBI (b) RAW
(c) CERT–In (d) ISRO

63. CERT–In किस मंत्रालय के अधीन आता है?
(a) गृह मंत्रालय
(b) रक्षा मंत्रालय
(c) इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय (MeitY)
(d) विदेश मंत्रालय

64. भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) किस मंत्रालय के अधीन है?
(a) गृह मंत्रालय (b) आईटी मंत्रालय
(c) वित्त मंत्रालय (d) पीएमओ

65. भारत का पहला साइबर पुलिस स्टेशन कहाँ खुला था?
(a) दिल्ली (b) मुंबई
(c) बेंगलुरु (d) हैदराबाद

66. 'साइबर सुरक्षित भारत' की पहल कब शुरू हुई?
(a) 2015 (b) 2018
(c) 2020 (d) 2014

67. कंप्यूटर सुरक्षा दिवस (Cyber Security Day) कब मनाया जाता है?
(a) 1 दिसंबर (b) 30 नवंबर
(c) 15 अगस्त (d) 26 जनवरी

68. 'साइबर दोस्त' (Cyber Dost) क्या है?
(a) एक रोबोट
(b) गृह मंत्रालय का ट्विटर हैंडल जो जागरूकता फैलाता है
(c) एक एंटीवायरस
(d) एक गेम

69. 'बुडापेस्ट कन्वेंशन' (Budapest Convention) किससे संबंधित है?
(a) पर्यावरण सुरक्षा (b) मानवाधिकार
(c) साइबर अपराध (d) व्यापार

70. उत्तर प्रदेश में साइबर अपराध का मुख्यालय कहाँ है?
(a) नोएडा (b) प्रयागराज
(c) लखनऊ (d) कानपुर

71. वाई-फाई (Wi–Fi) का पूर्ण रूप क्या है?
(a) Wireless Fidelity (b) Wireless Finish
(c) Wire Fire (d) Wired Fidelity

72. 'साइबर स्वच्छता केंद्र' का दूसरा नाम क्या है?
(a) बॉटनेट क्लीनिंग सेंटर (b) वायरस क्लीनिंग सेंटर
(c) डेटा सेंटर (d) पुलिस स्टेशन

73. भारत की पहली साइबर फॉरेंसिक लैब कहाँ स्थित है?
(a) त्रिपुरा (b) असम
(c) दिल्ली (d) पुणे

74. CIA ट्रायड (Triad) में 'A' का क्या अर्थ है?
(a) Authentication (b) Authorization
(c) Availability (d) Access

75. सोशल मीडिया पर 'कैटफिशिंग' (Catfishing) का क्या मतलब है?
(a) बिल्ली पकड़ना
(b) मछली पकड़ना
(c) ऑनलाइन किसी और की फर्जी पहचान बनाकर रिश्ता बनाना
(d) ऑनलाइन शॉपिंग

76. 'डार्क वेब' (Dark Web) को एक्सेस करने के लिए किस ब्राउजर का उपयोग होता है?
(a) Chrome (b) Tor Browser
(c) Firefox (d) Safari

77. 2FA का पूर्ण रूप क्या है?
(a) Two Factor Authorization
(b) Two Factor Authentication
(c) Two Face Access
(d) To Factor Access

78. QR कोड का फुल फॉर्म क्या है?
(a) Quick Reply (b) Quick Response
(c) Quality Response (d) Quantity Read

उत्तरमाला

1.	(a)	**2.**	(b)	**3.**	(b)	**4.**	(c)	**5.**	(c)	**6.**	(c)	**7.**	(b)	**8.**	(a)	**9.**	(a)	**10.**	(b)
11.	(b)	**12.**	(a)	**13.**	(b)	**14.**	(b)	**15.**	(a)	**16.**	(a)	**17.**	(a)	**18.**	(b)	**19.**	(a)	**20.**	(a)
21.	(b)	**22.**	(c)	**23.**	(a)	**24.**	(b)	**25.**	(a)	**26.**	(b)	**27.**	(b)	**28.**	(a)	**29.**	(b)	**30.**	(b)
31.	(b)	**32.**	(a)	**33.**	(a)	**34.**	(c)	**35.**	(b)	**36.**	(a)	**37.**	(b)	**38.**	(b)	**39.**	(a)	**40.**	(b)
41.	(b)	**42.**	(b)	**43.**	(b)	**44.**	(b)	**45.**	(a)	**46.**	(b)	**47.**	(b)	**48.**	(c)	**49.**	(b)	**50.**	(b)
51.	(c)	**52.**	(b)	**53.**	(b)	**54.**	(b)	**55.**	(b)	**56.**	(a)	**57.**	(c)	**58.**	(b)	**59.**	(b)	**60.**	(b)
61.	(c)	**62.**	(c)	**63.**	(c)	**64.**	(a)	**65.**	(c)	**66.**	(b)	**67.**	(b)	**68.**	(b)	**69.**	(c)	**70.**	(c)
71.	(a)	**72.**	(a)	**73.**	(a)	**74.**	(c)	**75.**	(c)	**76.**	(b)	**77.**	(b)	**78.**	(b)				

अध्ययन

17 भारत और उसके पड़ोसी देश (India and its Neighboring Countries)

सामान्य परिचय

- कुल पड़ोसी देश: 9 (7 स्थलीय सीमा साझा करते हैं, 2 समुद्री सीमा)।
- स्थलीय सीमा की लंबाई: लगभग 15,200 किलोमीटर।
- समुद्री तट रेखा की लंबाई: लगभग 11,098.81 किलोमीटर।

  नोट: पहले यह 7,516.6 किलोमीटर मानी जाती थी, मापन के बाद यह लंबाई 11,098 किमी. दर्ज की गई है, जो लगभग 3,582 किमी. की वृद्धि (लगभग 48%) को दर्शाता है।

देश-वार विस्तृत विवरण

1. बांग्लादेश *(Bangladesh)*

- **राजधानी/मुद्रा:** ढाका/टका।
- **नेतृत्व (2025):** मुहम्मद यूनुस (मुख्य सलाहकार)
- **संसद:** जातीय संसद
- **विशेष तथ्य:**
  - इसे वर्ष 1971 में भारत के सहयोग से पूर्वी पाकिस्तान से आजादी मिली रेखा-रेडक्लिफ (जीरो लाइन)।
  - त्रिपुरा तीन तरफ से बांग्लादेश से घिरा है (जीरो लाइन)।
  - **भूगोल:** सुंदरवन (सबसे बड़ा डेल्टा), **राष्ट्रीय पशु** 'बंगाल टाइगर'।
  - **कनेक्टिविटी:** मैत्री, बंधन और मिताली एक्सप्रेस ट्रेनें। त्रिपक्षीय बिजली व्यापार (2025)।
  - **व्यापार:** द्विपक्षीय व्यापार $14 अरब (भारत का निर्यात $12 अरब)।

2. चीन *(China)*

- **सीमा:** 3,488 किमी, मैकमोहन रेखा।
- **राजधानी/मुद्रा:** बीजिंग/युआन (Renminbi)
- **नेतृत्व:** शी जिनपिंग (राष्ट्रपति)
- **संसद:** नेशनल पीपुल्स कांग्रेस।
- **विवाद:**
  - **डोकलाम (2017):** सिक्किम-भूटान- चीन त्रिकोण।
  - **पैंगोंग त्सो/गलवान घाटी (2020):** पूर्वी लद्दाख में झड़प, 2025 तक डिसइंगेजमेंट प्रक्रिया।
  - अन्य तथ्य: मैकमोहन रेखा, यांग्त्सी नदी (एशिया की सबसे लंबी नदी), राष्ट्रीय पशु पांडा। विश्व का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश।
- **व्यापार:** भारत का सबसे बड़ा व्यापार घाटा (+113.45 अरब) चीन के साथ है।

3. पाकिस्तान *(Pakistan)*

- **सीमा:** 3,323 किमी, रेडक्लिफ रेखा/LOCI
- **राजधानी/मुद्रा:** इस्लामाबाद/पाकिस्तानी रुपया।
- **संसद:** मजलिस-ए-शूरा
- **नेतृत्व (2025):** शहबाज शरीफ (प्रधानमंत्री)।
- **उपनाम:** नहरों का देश।
- **इतिहास:** 1947, 1965, 1971 और 1999 (कारगिल) युद्ध।
- **भूगोल:** राष्ट्रीय पशु 'मारखोर', सबसे लंबी नदी सिंधु।
- **विवाद:** सर क्रीक (गुजरात के पास 96 किमी ज्वारीय क्षेत्र)।
- **व्यापार:** वर्तमान में न्यूनतम / बैन है।

4. नेपाल *(Nepal)*

- **सीमा:** 1,751 किमी। उत्तराखंड, यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल और सिक्किम से सीमा लगती है।
- **राजधानी/मुद्रा:** काठमांडू/नेपाली रुपया।
- **संसद:** संघीय संसद
- **नेतृत्व (2025):** सुशिला कार्की (अंतरिम प्रधानमंत्री)।
- **सांस्कृतिक:** विश्व का एकमात्र त्रिभुजाकार ध्वज।
- **राष्ट्रीय पशु:** गाय।
- पशुपतिनाथ मंदिर और अयोध्या के लिए शालिग्राम पत्थर (काली गंडक नदी से)।
- **विवाद:** कालापानी/लिपुलेख (सुगौली संधि वर्ष 1816 के आधार पर विवाद)।
- **भारत की मदद:** बजट में लगभग ₹700 करोड़ आवंटित, अरुण-3
- जलविद्युत परियोजना, तेल पाइपलाइन।

5. म्यांमार *(Myanmar)*

- **सीमा:** 1,643 किमी, इंडो-बर्मा बैरियर।
- **संसद:** पायादाउंगसु ह्लुटाव
- **राजधानी/मुद्रा:** नेपीडॉ/क्यात।
- **नेतृत्व:** मिन आंग ह्लाइंग (जुटा प्रमुख)।
- **उपनाम:** स्वर्ण पगोडा का देश (Land of Golden Pagodas)। पुराना नाम बर्मा।
- **भूगोल:** इरावदी नदी (जीवनरेखा), अराकान योमा पर्वत।
- **रणनीतिक खतरा:** कोको द्वीप पर चीन का रडार (बंगाल की खाड़ी की निगरानी)।
- **प्रोजेक्ट:** कलादान मल्टीमॉडल प्रोजेक्ट।

6. भूटान *(Bhutan)*

- **सीमा:** 699 किमी।
- **राजधानी/मुद्रा:** थिम्पू/न्गुल्ट्रम।
- **संसद:** त्सोंग्डू
- **नेतृत्व:** राजा जिग्मे खेसर नामग्येल वांगचुक।
- **उपनाम:** लैंड ऑफ थंडर बोल्ट।
- **विशेषता:** सकल राष्ट्रीय प्रसन्नता (GNH) सूचकांक का प्रणेता।
- **राष्ट्रीय खेल:** तीरंदाजी।
- **भारत की मदद:** बजट 2025-26 में 'सबसे ज्यादा' आवंटन। मंगदेछु और पुनात्सांगछू जलविद्युत परियोजनाएं।

7. अफगानिस्तान *(Afghanistan)*

- **सीमा:** 106 किमी
- **रेखा:** (डूरंड रेखा लद्दाख से लगती है)।
- **राजधानी/मुद्रा:** काबुल/अफगानी।
- **नेतृत्व:** हिबतुल्लाह अखुंदजादा (आमीर)।
- **उपनाम:** साम्राज्यों का कब्रिस्तान।
- **प्रोजेक्ट्स:** सलमा बांध (मैत्री बांध), संसद भवन (भारत द्वारा निर्मित)।

8. श्रीलंका *(Sri Lanka)* समुद्री पड़ोसी

- **स्थिति:** पाक जलसंधि और मन्नार की खाड़ी द्वारा भारत से अलग।
- **राजधानी/मुद्रा:** श्रीजयवर्धनेपुरा कोट्टे/श्रीलंकाई रुपया।
- **नेतृत्व (2025):** अनुरा कुमारा दिसानायके (राष्ट्रपति)।
- **उपनाम:** पूर्व का मोती (Pearl of the East), पुराना नाम सिलोन।
- **विवाद:** कच्चाथीवू द्वीप (वर्ष 1974 में भारत ने श्रीलंका को दिया) और मछुआरों का मुद्दा।
- **रणनीतिक:** हम्बनटोटा पोर्ट (चीन को 99 साल की लीज पर दिया गया)।

9. मालदीव *(Maldives)*-समुद्री पड़ोसी

- **स्थिति:** 8 डिग्री चैनल इसे मिनिकॉय (भारत) से अलग करता है।
- **राजधानी/मुद्रा:** माले/मालदीव रुपया (Rufiyaa)
- **संसद** (रायिथुगे मजिलिस)
- **नेतृत्व:** मोहम्मद मुइज्जू (राष्ट्रपति)।
- **भूगोल:** मूंगा चट्टानों (Coral) से बना देश। दक्षिण एशिया का सबसे छोटा देश।
- **सुरक्षा चिंता:** फटू-फिनोलु द्वीप पर चीनी निगरानी केंद्र।

रणनीतिक सुरक्षा और चुनौतियां

चीन की 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' (भारत को घेरने की नीति)

चीन भारत के पड़ोसी देशों में बंदरगाह और सैन्य बेस बना रहा है:

1. **ग्वादर पोर्ट (पाकिस्तान):** अरब सागर में सीधी पहुँच।
2. **हम्बनटोटा (श्रीलंका):** हिंद महासागर में उपस्थिति।
3. **कोको द्वीप (म्यांमार):** रडार द्वारा निगरानी।
4. **जिबूती:** अफ्रीका तट पर सैन्य अड्डा।
5. **क्याकप्यू पोर्ट (म्यांमार):** गैस पाइपलाइन प्रोजेक्ट।

भारत का जवाब *(Counter Strategy)*

- भारत की विदेशी नीति के कुछ प्रमुख काउंटर-स्ट्रैटेजी के उदारहण-
- चाबहार पोर्ट (ईरान): पाकिस्तान को बायपास कर अफगानिस्तान/मध्य एशिया तक पहुँच ।
- SAGAR (Security and Growth for All in the Region): हिंद महासागर क्षेत्र के लिए नीति।
- INS जलाश्व - दुबई प्रोजेक्ट।

भौगोलिक शब्दावली: चैनल और दर्रे

प्रमुख समुद्री चैनल*(Water Channels)*

- **8° चैनल:** मालदीव और मिनिकॉय के बीच।
- **9° चैनल:** मिनिकॉय और लक्षद्वीप के बीच।
- **10° चैनल:** छोटा अंडमान और कार निकोबार के बीच।
- **कोको चैनल:** म्यांमार और उत्तरी अंडमान के बीच।
- **पाक जलसंधि:** तमिलनाडु (भारत) और श्रीलंका के बीच।

प्रमुख दर्रे *(Major Passes)*

- **लद्दाख:** कराकोरम (सबसे ऊंचा), जोजी ला, बनिहाल।
- **हिमाचल:** शिपकी ला (सतलुज नदी का प्रवेश), रोहतांग (अटल सुरंग)।
- **उत्तराखंड:** लिपुलेख (मानसरोवर यात्रा मार्ग), माना, नीति।
- **सिक्किम:** नाथू ला (चीन के साथ व्यापार), जेलेप ला।
- **अरुणाचल:** बोमडिला, दीफू।

संक्षिप्त शब्दावली

- **LOC:** Line of Control (भारत-पाक)।
- **LAC:** Line of Actual Control (भारत-चीन)।
- **BBIN:** बांग्लादेश-भूटान-भारत-नेपाल मोटर वाहन समझौता।
- **SMM:** सोशल मीडिया मार्केटिंग (रणनीतिक संवाद)।
- **TRAI:** Telecom Regulatory Authority of India (रेगुलेटर)।
- **Sagarmatha:** माउंट एवरेस्ट का नेपाली नाम।

यहाँ भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' पॉलिसी (2025-26) के तहत दी गई सहायता का विवरण है:

कुल बजट और प्राथमिकता

- **कुल विदेशी सहायता:** Rs. 5,483 करोड़.
- **नीति:** 'नेबरहुड फर्स्ट' (पड़ोसियों को प्राथमिकता)
- Neighbourhood First Policy: कुल विदेशी सहायता का 64% पड़ोसियों के इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च।

1. भूटान (सबसे ज्यादा मदद पाने वाला)

भारत के बजट में भूटान हमेशा शीर्ष पर रहता है।

- **स्टेटस:** बजट में सबसे ज्यादा आवंटन (Highest Allocation).
- **प्रमुख प्रोजेक्ट:** यहाँ मुख्य फोकस पनबिजली (Hydro-power) पर है।
  - मंगदेछु (Mangdechhu) परियोजना
  - पुनत्सांगछू (Punatsangchhu) परियोजना

2. नेपाल (ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर)

- **आवंटित राशि:** Rs. 700 करोड़
- **प्रमुख प्रोजेक्ट:**
  - अरुण-3 (Arun-3) जलविद्युत परियोजना
  - तेल पाइपलाइन (कनेक्टिविटी के लिए)

3. मालदीव (समुद्री सुरक्षा और विकास)

- **स्टेटस:** सहायता राशि बढ़ाई गई है
- **प्रमुख प्रोजेक्ट:**
  - ग्रेटर माले कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट (यह मालदीव में भारत का सबसे बड़ा ढांचागत प्रोजेक्ट है)

4. **श्रीलंका (पुनर्निर्माण और सहयोग)**

- **आवंटित राशि:** Rs. 300 करोड़
- **पृष्ठभूमि:** भारत ने संकट के समय $4 बिलियन का पैकेज दिया था।
- **फोकस:** जाफना हाउसिंग और रेलवे नेटवर्क सुधार

5. म्यांमार (पूर्व का प्रवेश द्वार)

- **स्टेटस:** बजट सहायता बढ़ाई गई
- **प्रमुख प्रोजेक्ट:**
  - कलादान मल्टीमॉडल प्रोजेक्ट (Kaladan Multi - Modal) यह कोलकाता बंदरगाह को म्यांमार के सितवे (Sittwe) बंदरगाह से जोड़ता है।

6. बांग्लादेश (कनेक्टिविटी और बिजली)

- **आवंटित राशि:** Rs. 120 करोड़
- **प्रमुख प्रोजेक्ट:**
  - त्रिपक्षीय बिजली व्यापार (भारत-नेपाल-बांग्लादेश ग्रिड).

7. अफगानिस्तान (मानवीय सहायता)

- **स्टेटस:** आवंटन अन्य देशों की तुलना में 'कम' है।

अभ्यास-प्रश्न

1. भारत के कुल कितने पड़ोसी देश हैं (भूमि और समुद्र मिलाकर)?
(a) 7 (b) 8
(c) 9 (d) 6

2. भारत की कुल स्थलीय सीमा की लंबाई कितनी है?
(a) 15,200 किमी (b) 15,106.7 किमी
(c) 11,098 किमी (d) 7,516 किमी

3. भारत की कुल समुद्री तट रेखा (Coastline) की लंबाई कितनी है?
(a) 7,516.6 किमी (b) 11,098.81 किमी
(c) 6,100 किमी (d) 15,106 किमी

4. भारत की सबसे लंबी स्थलीय सीमा किस देश के साथ लगती है?
(a) चीन (b) पाकिस्तान
(c) बांग्लादेश (d) नेपाल

5. भारत की सबसे छोटी स्थलीय सीमा किस देश के साथ है?
(a) भूटान (b) म्यांमार
(c) अफगानिस्तान (d) नेपाल

6. 'रेडक्लिफ रेखा' किन दो देशों के बीच सीमा निर्धारित करती है?
(a) भारत-चीन (b) भारत-पाकिस्तान
(c) भारत-नेपाल (d) भारत-म्यांमार

7. भारत और चीन के बीच की सीमा रेखा क्या कहलाती है?
(a) डूरंड रेखा (b) रेडक्लिफ रेखा
(c) मैकमोहन रेखा (d) 24वीं समानांतर रेखा

8. डूरंड रेखा वर्तमान में मुख्य रूप से किन देशों के बीच है?
(a) भारत-पाकिस्तान (b) पाकिस्तान-अफगानिस्तान
(c) भारत-चीन (d) भारत-नेपाल

9. वर्ष 2025 में बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार/प्रमुख कौन हैं?
(a) शेख हसीना (b) खालिदा जिया
(c) मुहम्मद यूनुस (d) शहाबुद्दीन चुप्पू

10. वर्ष 2025 में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कौन हैं?
(a) इमरान खान (b) नवाज शरीफ
(c) शहबाज शरीफ (d) आसिफ अली जरदारी

11. श्रीलंका के वर्तमान राष्ट्रपति (नवंबर 2025) कौन हैं?
(a) रानिल विक्रमसिंघे (b) अनुरा कुमारा दिसानायके
(c) गोटाबाया राजपक्षे (d) महिंदा राजपक्षे

12. मालदीव के वर्तमान राष्ट्रपति कौन हैं?
(a) इब्राहिम सोलिह (b) मोहम्मद मुइज्जू
(c) नशीद (d) अब्दुल्ला यामीन

13. नेपाल की वर्तमान (अंतरिम) प्रधानमंत्री कौन हैं (2025)?

(a) के.पी. शर्मा ओली (b) पुष्प कमल दहल
(c) शेर बहादुर देउबा (d) सुशिला कार्की

14. अफगानिस्तान के सर्वोच्च नेता (आमीर) कौन हैं?
(a) मुल्ला बरादर (b) हिबतुल्लाह अखुंदजादा
(c) अशरफ गनी (d) सिराजुद्दीन हक्कानी

15. चीन के राष्ट्रपति का नाम क्या है?
(a) हू जिन्ताओ (b) माओत्से तुंग
(c) शी जिनपिंग (d) ली केकियांग

16. भूटान की संसद का क्या नाम है?
(a) जातीय संसद (b) मजलिस
(c) त्सोगडू (d) गोरा

17. बांग्लादेश की संसद का क्या नाम है?
(a) नेशनल असेंबली (b) जातीय संसद
(c) पीपुल्स कांग्रेस (d) मजलिस

18. पाकिस्तान की संसद को क्या कहा जाता है?
(a) जातीय संसद (b) मजलिस-ए-शूरा
(c) नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (d) गोरा

19. अफगानिस्तान की संसद/परिषद को क्या कहा जाता है?
(a) शूरा (b) मजलिस
(c) डायट (d) सोको

20. म्यांमार की मुद्रा क्या है?
(a) रुपया (b) टका
(c) क्यात (d) बाहत

21. भूटान की मुद्रा क्या है?
(a) रुपया (b) युआन
(c) न्गुल्ट्म (d) टका

22. चीन की मुद्रा का नाम क्या है?
(a) येन (b) चीनी युआन
(c) डॉलर (d) पाउंड

23. बजट 2025-26 में भारत ने किस पड़ोसी देश को 'सर्वाधिक' सहायता दी है?
(a) नेपाल (b) मालदीव
(c) भूटान (d) श्रीलंका

24. बजट 2025-26 में नेपाल के लिए भारत ने कितनी राशि आवंटित की है?
(a) Rs. 300 करोड़ (b) Rs. 700 करोड़
(c) Rs. 120 करोड़ (d) Rs. 500 करोड़

25. भारत ने श्रीलंका को कितनी बजट सहायता (2025-26) आवंटित की है?
(a) Rs. 700 करोड़ (b) Rs. 300 करोड़
(c) Rs. 100 करोड़ (d) Rs. 120 करोड़

26. भारत-नेपाल के बीच कौन सी नदी सीमा/विवाद का कारण है (कालापानी)?
(a) कोसी (b) काली नदी
(c) गंडक (d) बागमती

27. 'कोको द्वीप' (Coco Islands) किस देश का हिस्सा है जहाँ चीन रडार लगा रहा है?
(a) भारत (b) श्रीलंका
(c) म्यांमार (d) मालदीव

28. पाकिस्तान का कौन-सा पोर्ट चीन CPEC के तहत विकसित कर रहा है?
(a) कराची (b) ग्वादर
(c) कासिम (d) चाबहार

29. श्रीलंका का कौन-सा बंदरगाह चीन को 99 साल की लीज पर दिया गया है?
(a) कोलंबो (b) ट्रिकोमाली
(c) हंबनटोटा (d) गाले

30. मालदीव और मिनिकॉय (भारत) को कौन-सा चैनल अलग करता है?
(a) 9 डिग्री चैनल (b) 10 डिग्री चैनल
(c) 8 डिग्री चैनल (d) डंकन पास

31. छोटा अंडमान और कार निकोबार के बीच कौन सा चैनल है?
(a) 8 डिग्री चौनल (b) 9 डिग्री चौनल
(c) 10 डिग्री चौनल (d) कोको चौनल

